
किसी भी तरह के विज्ञापन एवं समाचार के लिए संपर्क करें मो0: 9891706853

दैनिक
राष्ट्रीय संस्करण
RNI: UPHIN/2021/84200

# समाज जागरण

नोएडा उत्तर प्रदेश,दिल्ली एनसीआर, हरियाणा,पंजाब बिहार,मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ, झारखण्ड असम से प्रसारित

वर्ष: 4 अंक: 196 नोएडा, (गौतमबुद्धनगर) रविवार 26 अप्रैल 2026 http://samajjagran.in पृष्ट - 12 मूल्य 05 रुपया

## ईरान-अमेरिका के बीच संवाद की नई कोशिश, पर सीधी वार्ता से इंकार

### पाकिस्तान में मध्यस्थता के जरिए बातचीत की संभावना, तनाव के बीच कूटनीतिक हलचल तेज

**समाज जागरण**

इस्लामाबाद/तेहरान/वॉशिंगटन। लंबे समय से जारी तनाव के बीच ईरान और अमेरिका एक बार फिर बातचीत की दिशा में आगे बढ़ते नजर आ रहे हैं, हालांकि दोनों देशों ने फिलहाल सीधे आमने-सामने वार्ता से दूरी बनाए रखी है। सूत्रों के अनुसार, दोनों पक्ष पाकिस्तान के माध्यम से परोक्ष (इनडायरेक्ट) बातचीत की रणनीति अपना सकते हैं।

ईरान का एक प्रतिनिधिमंडल पाकिस्तान पहुंच चुका है, जबकि अमेरिकी दल के भी शनिवार को इस्लामाबाद पहुंचने की संभावना जताई जा रही है। इससे पहले ईरान ने अमेरिका के साथ सीधी बातचीत से इंकार कर दिया था, जिसके चलते पिछले सप्ताह प्रस्तावित दूसरे दौर की वार्ता नहीं हो सकी थी।



वर्तमान स्थिति में दोनों देशों के बीच तनाव चरम पर है। एक ओर तेहरान ने रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण होर्मुज जलडमरूमध्य को बंद कर दिया है, वहीं अमेरिका ने ईरानी बंदरगाहों की नाकाबंदी कर दी है। हालात इस कदर बिगड़े कि दोनों पक्षों द्वारा एक-दूसरे के जहाजों को निशाना बनाने और कब्जे में लेने की घटनाएं भी सामने आई हैं। बताया जा रहा है कि ईरान द्वारा जिन जहाजों को कब्जे में लिया गया है, उनमें दुबई से भारत आ रहा एक जहाज भी शामिल है, जिससे क्षेत्रीय व्यापार और सुरक्षा को लेकर चिंताएं बढ़ गई हैं।

सीजफायर को लेकर हलचल के बीच ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची शुक्रवार को इस्लामाबाद पहुंचे। उनका यह दौरा पाकिस्तान, ओमान और रूस के साथ बहुपक्षीय बातचीत का हिस्सा माना जा रहा है। वहीं, अमेरिका की ओर से राष्ट्रपति के दामाद जेरेड कुशनर और विशेष दूत स्टीव विटकॉफ के भी पाकिस्तान पहुंचने की संभावना है।

ईरान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बाघेई ने स्पष्ट किया है कि अमेरिका के साथ कोई सीधी बैठक प्रस्तावित नहीं है। उन्होंने सोशल मीडिया पर कहा कि ईरान अपने विचार पाकिस्तान को बताएगा, जिसके माध्यम से संवाद आगे बढ़ सकता है।

गौरतलब है कि इससे पहले जेनेवा में भी दोनों देशों के बीच परोक्ष वार्ता हुई थी, जिसमें ओमान ने मध्यस्थ की भूमिका निभाई थी, लेकिन वह प्रयास सफल नहीं हो सका था।

इस बीच, अमेरिकी प्रशासन ने संकेत दिया है कि बातचीत को लेकर कुछ प्रगति हुई है। व्हाइट हाउस की प्रवक्ता ने कहा कि अमेरिकी प्रतिनिधि ईरानी पक्ष की बात सुनने के लिए पाकिस्तान जा रहे हैं और उच्च स्तर पर स्थिति पर लगातार नजर रखी जा रही है।

कुल मिलाकर, मौजूदा परिस्थितियों में भले ही सीधी बातचीत नहीं हो रही हो, लेकिन मध्यस्थ देशों के जरिए संवाद की कोशिशें तेज हो गई हैं, जो आने वाले समय में किसी संभावित समझौते की राह खोल सकती हैं।

## नीति आयोग देश की नीति-निर्माण व्यवस्था का अहम स्तंभ बनाः पीएम मोदी



**समाज जागरण**

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को कहा कि नीति आयोग देश की नीति-निर्माण व्यवस्था का एक अहम स्तंभ बनकर उभरा है। उन्होंने कहा कि यह संस्था सहकारी संघवाद को मजबूत करने, सुधारों को आगे बढ़ाने और ईज ऑफ लिविंग यानी जीवन की सुगमता बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है।

प्रधानमंत्री ने आयोग के पुनर्गठन के बाद डॉ. अशोक कुमार लाहिड़ी को उपाध्यक्ष नियुक्त किए जाने पर बधाई दी।

## राशन घोटाले पर ईडी की बड़ी कार्रवाई, बंगाल में 9 ठिकानों पर छापेमारी

### पीडीएस गेहूं की हेराफेरी मामले में कोलकाता सहित कई जिलों में जांच तेज

**समाज जागरण**

कोलकाता। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने पश्चिम बंगाल में कथित राशन वितरण (पीडीएस) घोटाले के मामले में शनिवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए 9 ठिकानों पर छापेमारी की। यह कार्रवाई कोलकाता, बर्धवान और उत्तर 24 परगना जिले के हाबरा क्षेत्र में की गई।

ईडी के कोलकाता जोनल कार्यालय की टीम ने यह कार्रवाई मनी लॉन्ड्रिंग रोकथाम अधिनियम 2002 के तहत की। जिन ठिकानों पर तलाशी अभियान चलाया गया, वे कथित तौर पर आरोपी निरंजन चंद्र साहा और उससे जुड़े सप्लायरों व निर्यातकों से संबंधित बताए जा रहे हैं। हाबरा में एक कारोबारी के परिसरों पर भी छापा मारा गया।

इस मामले में ईडी ने अपनी जांच पश्चिम बंगाल पुलिस द्वारा दर्ज एफआईआर के आधार पर शुरू की थी। यह एफआईआर 23 अक्टूबर 2020 को बशीरहाट पुलिस स्टेशन में दर्ज की गई थी, जो घोझाडांगा एलसीएस के सीमा शुल्क उपायुक्त की शिकायत पर आधारित थी।

जांच में सामने आया है कि आरोपियों ने सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) के तहत गरीबों और जरूरतमंदों के लिए निर्धारित गेहूं की बड़े पैमाने पर हेराफेरी की। यह काम सप्लायरों, लाइसेंसधारक वितरकों, डीलरों और बिचौलियों की मिलीभगत से किया गया।

आरोप है कि पीडीएस गेहूं को कम कीमत पर खरीदकर सप्लाई चेन से अवैध रूप से हटाया गया और अलग-अलग स्थानों पर जमा किया गया। इसके बाद उसकी पहचान छिपाने के लिए बोरियों पर लगे भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) और राज्य सरकार के निशानों को हटाया या बदल दिया गया और दोबारा पैकिंग कर इसे वैध स्टॉक के रूप में खुले बाजार में बेचा गया।

## उर्वरकों की पर्याप्त उपलब्धता, कमी के दावे निराधारः केंद्र

### रबी सीजन में मांग से अधिक आपूर्ति, खरीफ 2026 के लिए भी मजबूत तैयारी

**समाज जागरण**

नई दिल्ली। केंद्र सरकार ने देश में उर्वरकों की कमी से जुड़े दावों को पूरी तरह निराधार बताया है। सरकार के अनुसार, देश की उर्वरक सुरक्षा मजबूत, स्थिर और सुव्यवस्थित बनी हुई है तथा सभी प्रमुख उर्वरकों की उपलब्धता लगातार आवश्यकता से अधिक है।

उर्वरक विभाग द्वारा जारी आंकड़ों के मुताबिक, हाल ही में समाप्त हुए रबी 2025-26 सीजन (अक्टूबर 2025 से मार्च 2026) में सभी श्रेणियों में आपूर्ति मांग से काफी अधिक रही। इस दौरान यूरिया की उपलब्धता 257.59 एलएमटी रही, जबकि आवश्यकता 196.06 एलएमटी थी। वहीं डीएपी की उपलब्धता 75.40 एलएमटी और आवश्यकता 53.43 एलएमटी दर्ज की गई। इसी तरह एमओपी की उपलब्धता 19.64 एलएमटी रही, जबकि आवश्यकता 15.69 एलएमटी थी। एनपीके उर्वरकों की उपलब्धता 117.44 एलएमटी के मुकाबले 82.38 एलएमटी की जरूरत रही, जबकि एसएसपी की उपलब्धता 50.10 एलएमटी रही, जो 31.19 एलएमटी की आवश्यकता से काफी अधिक है। इससे स्पष्ट है कि सभी पोषक तत्वों की श्रेणियों में आपूर्ति पर्याप्त से अधिक बनी रही।

सरकार ने यह भी बताया कि अंतरराष्ट्रीय बाजार में यूरिया की कीमतें 4,000 रुपये प्रति बोरी से अधिक होने के बावजूद किसानों को 45 किलोग्राम की बोरी मात्र 266.5 रुपये की अत्यधिक रियायती दर पर उपलब्ध कराई जा रही है।

चालू वित्त वर्ष 2026-27 की शुरूआत भी मजबूत आपूर्ति के साथ हुई है। 1 अप्रैल से 23 अप्रैल 2026 के बीच यूरिया की उपलब्धता 69.33 एलएमटी रही, जबकि आवश्यकता केवल 18.17 एलएमटी थी। डीएपी, एमओपी, एनपीके और एसएसपी में भी इसी प्रकार मांग से कहीं अधिक स्टॉक उपलब्ध है, जो आगामी खरीफ सीजन के लिए सकारात्मक संकेत है।



खरीफ 2026 के लिए कुल उर्वरक आवश्यकता 390.54 एलएमटी आंकी गई है, जिसमें से लगभग 180 एलएमटी (करीब 46 प्रतिशत) पहले से ही शुरूआती स्टॉक के रूप में उपलब्ध है। यह सामान्य स्तर (लगभग 33 प्रतिशत) से काफी अधिक है, जो बेहतर योजना और कुशल भंडारण प्रबंधन को दर्शाता है।

उर्वरकों की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए राज्यों के साथ लगातार समन्वय किया जा रहा है। जिलों तक उर्वरकों की समय पर पहुंच और उपलब्धता की निगरानी की जा रही है। साथ ही जमाखोरी, कालाबाजारी और हेराफेरी पर सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं।

वैश्विक स्तर पर भी सरकार सक्रिय है। विदेशों में भारतीय दूतावास आयात के वैकल्पिक स्रोतों को सुनिश्चित करने में लगे हैं। इसके अलावा वैश्विक निविदाओं के माध्यम से लगभग 25 एलएमटी यूरिया की आपूर्ति सुनिश्चित की गई है।

घरेलू उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए उर्वरक संयंत्रों को प्राकृतिक गैस की नियमित आपूर्ति सुनिश्चित की जा रही है तथा आवश्यकता अनुसार अतिरिक्त एलएनजी और आरएलएनजी की व्यवस्था भी की जा रही है।

कुल मिलाकर, सरकार ने स्पष्ट किया है कि देश में उर्वरकों की कोई कमी नहीं है और किसानों को समय पर पर्याप्त मात्रा में उर्वरक उपलब्ध कराए जा रहे हैं।

## एनसीआर में भीषण गर्मी का प्रकोप जारी, आज हीट वेव का येलो अलर्ट

### 26 अप्रैल से मौसम में बदलाव के संकेत, 27-29 अप्रैल के बीच बारिश के आसार

**समाज जागरण**

नई दिल्ली/नोएडा। एनसीआर और आसपास के इलाकों में भीषण गर्मी का प्रकोप लगातार जारी है। भारतीय मौसम विभाग (IMD) के ताजा पूर्वानुमान के अनुसार 25 अप्रैल को भी हीट वेव (लू) का असर बना रहेगा, जिसके चलते येलो अलर्ट जारी किया गया है।

सुबह से ही तेज धूप और गर्म हवाओं ने लोगों की परेशानी बढ़ा दी है। मौसम विभाग के मुताबिक, अधिकतम तापमान करीब 43 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 26-27 डिग्री सेल्सियस के आसपास दर्ज किया गया है। दिन और शाम दोनों समय लू चलने की संभावना जताई गई है, जिससे गर्मी का असर और अधिक तीव्र हो गया है।

हवा में नमी (ह्यूमिडिटी) का स्तर भी कम बना हुआ है। सुबह के समय यह करीब 40 प्रतिशत और शाम तक 20 प्रतिशत रहने का अनुमान है, जिससे वातावरण शुष्क बना हुआ है।



हालांकि राहत की बात यह है कि 26 अप्रैल से मौसम में बदलाव के संकेत मिल रहे हैं। इस दिन आसमान में बादल छाए रह सकते हैं और तेज सतही हवाएं चलने की संभावना है। तापमान 43 डिग्री के आसपास ही रहेगा, लेकिन बादलों के कारण धूप की तीव्रता में कमी आ सकती है।

मौसम विभाग के अनुसार 27 अप्रैल को आंशिक रूप से बादल छाए रहेंगे और कुछ स्थानों पर गरज-चमक के साथ हल्की बारिश हो सकती है। इस दिन अधिकतम तापमान 43 डिग्री और न्यूनतम 26 डिग्री के आसपास रहने का अनुमान है।

28 और 29 अप्रैल को मौसम में और बदलाव देखने को मिलेगा। इन दिनों गरज के साथ बारिश के आसार हैं, जिससे तापमान में गिरावट आ सकती है। 28 अप्रैल को अधिकतम तापमान घटकर 41 डिग्री और 29 अप्रैल को 40 डिग्री तक पहुंच सकता है, जबकि न्यूनतम तापमान 25-27 डिग्री के बीच रहने की संभावना है।

इन दिनों हवा में नमी भी बढ़ेगी, जिससे उमस का असर महसूस हो सकता है। 30 अप्रैल को भी आंशिक रूप से बादल छाए रहने और गरज-चमक की स्थिति बनी रह सकती है। इस दिन अधिकतम तापमान 39 डिग्री और न्यूनतम 24 डिग्री रहने का अनुमान है।

मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि 25 अप्रैल तक जहां लोगों को भीषण गर्मी और लू का सामना करना पड़ेगा, वहीं 26 अप्रैल से मौसम में बदलाव शुरू होगा और 27 से 29 अप्रैल के बीच हल्की बारिश के साथ तापमान में आंशिक गिरावट दर्ज की जाएगी।

विशेषज्ञों ने लोगों को दोपहर के समय धूप से बचने, पर्याप्त पानी पीने और जरूरी सावधानियां बरतने की सलाह दी है।

## व्हाइट हाउस डिनर से पहले ट्रंप पर विरोध, होटल की दीवार पर एपस्टीन कनेक्शन का वीडियो

**समाज जागरण**

वॉशिंगटन। वॉशिंगटन डी.सी. में आयोजित होने वाले प्रतिष्ठित व्हाइट हाउस कॉरेस्पोंडेंट्स डिनर से ठीक पहले एक बड़ा विरोध प्रदर्शन देखने को मिला। यह घटना वॉशिंगटन हिल्टन होटल के बाहर हुई, जहां पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होने वाले थे।



डिनर से पहले प्रदर्शनकारियों ने होटल की दीवार पर एक वीडियो प्रोजेक्ट कर ट्रंप और कुख्यात अपराधी जेफरी एपस्टीन के कथित पुराने संबंधों को उजागर करने का प्रयास किया। इस वीडियो में कई पुराने संदर्भों और कथित ईमेल्स का उल्लेख किया गया, जिसमें ट्रंप को लेकर वो कुत्ता जो भौंका नहीं जैसी टिप्पणी सामने आई, जिसने विवाद को और हवा दे दी।

## तपती धूप में पानी के लिए जंग, दतिया का बिड़निया गांव बूंद-बूंद को तरसा

### एक किलोमीटर दूर से पानी ढोने को मजबूर ग्रामीण, नल-जल योजना अब तक अधूरी

**समाज जागरण**

दतिया (मध्य प्रदेश)। दतिया जिले के बिड़निया गांव में इन दिनों भीषण पेयजल संकट गहराता जा रहा है। जिला मुख्यालय से महज पांच किलोमीटर की दूरी पर स्थित यह गांव पानी की किल्लत से जूझ रहा है, जहां लोगों को पीने के पानी के लिए रोजाना लंबा संघर्ष करना पड़ रहा है। भीषण गर्मी के बीच हालात और खराब हो गए हैं, तापमान 43 डिग्री के आसपास पहुंचने से स्थिति विकराल रूप ले चुकी है।

गांव में पानी की कमी इस कदर है कि ग्रामीणों को एक किलोमीटर से अधिक दूरी तय कर पानी लाना पड़ रहा है। सुबह होते ही महिलाएं, बच्चे और बुजुर्ग मटके और बाल्टियां लेकर पानी की तलाश में निकल पड़ते हैं। कई घंटे की मशक्कत के बाद ही उन्हें पीने के लिए पानी मिल पाता है। ग्रामीणों का कहना है कि पानी की कमी के कारण उनके दैनिक जीवन पर गंभीर असर पड़ रहा है। कपड़े धोना, नहाना जैसे सामान्य काम भी मुश्किल हो गए हैं।

गांव में लगाए गए ट्यूबवेल भी लोगों की प्यास बुझाने में असफल साबित हो रहे हैं। कई जगहों पर ट्यूबवेल सूख चुके हैं या उनमें पर्याप्त पानी नहीं निकल रहा है। इससे ग्रामीणों की परेशानी और बढ़ गई है। वहीं, सरकार की बहुप्रचारित नल-जल योजना



भी अभी तक धरातल पर पूरी तरह लागू नहीं हो सकी है, जिससे लोगों को राहत नहीं मिल पा रही है।

गांव की सरपंच नवल परिहार ने बताया कि पंचायत स्तर पर पानी की समस्या को दूर करने के लिए कई प्रयास किए गए हैं। ट्यूबवेल लगवाए गए, लेकिन उनमें पानी नहीं निकला। उन्होंने नल-जल योजना के अधूरे रहने के लिए ठेकेदार की लापरवाही को जिम्मेदार ठहराया और कहा कि इस संबंध में उच्च अधिकारियों को लगातार अवगत कराया जा रहा है।

ग्रामीणों का आरोप है कि प्रशासन इस गंभीर समस्या के प्रति उदासीन बना हुआ है। जिस गांव में लोग बूंद-बूंद पानी के लिए तरस रहे हैं, वहां जिम्मेदार अधिकारियों की ओर से कोई ठोस कदम नहीं उठाया जा रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि कई बार शिकायत करने के बावजूद स्थिति जस की तस बनी हुई है।

स्थिति की गंभीरता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि जब इस मुद्दे पर जिला प्रशासन से बात करने की कोशिश की गई, तो स्पष्ट जवाब नहीं मिला। इससे ग्रामीणों में नाराजगी और बढ़ गई है।

ग्रामीणों ने शासन-प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द स्थायी समाधान किया जाए। नल-जल योजना को शीघ्र पूरा कर गांव में पानी की नियमित आपूर्ति सुनिश्चित की जाए, ताकि लोगों को इस भीषण गर्मी में पानी के लिए रोजाना संघर्ष न करना पड़े और उन्हें राहत मिल सके।

# राहें क्यों जुदा हुईं?

विश्वास से लेकर राघव तक,
राहें सबकी क्यों जुदा हुईं?
जो संग चले कल तक, अब
बातों में खामोशी क्यों हुईं?

वादों की वो धूप सुनहरी,अब
सवालों के बादल में ढकी,
सपनों की थी साझेदारी,अब
अलग-अलग राहों में बंटी।

कभी जो साथ मंचों पर गूंजे
थे, एक सुर में कई आवाजें,
आज वही सुर टूट गए हैं,
बिखर गए हैं सभी के अंदाजें।

राजनीति की इस बिसात पर,
चलती हैं चालें अनगिनत,
दोस्ती भी यहाँ मोहरा बनती,
सत्य रह जाता है अवनत।

फिर भी उम्मीद की किरण,
दिल के कोने में रह जाती है,
शायद कल फिर साथ चलें,
नीयत साफ व राह आती है।





संजय एम तराणेकर

# कुछ खो गया कुछ साथ बिखर गया।

उससे मिले जमाना गुजर गया,
दिल भी कहीं अंदर बिखर गया।

मुझे लगा वो टूटकर खो गया,
वक़्त से फिर लेकिन सँवर गया।

बहते लहू पे मरहम जो रख दिया,
जख़्मों पे उसका उल्टा असर गया।

राज खुलें अब ऐसी आदत नहीं,
देखा जो मंजर दिल ही डर गया।

तूफान-ए-वक़्त इतना तेज था,
ख़्वाबों पे जैसे बन के कहर गया।

मंज़िल तलक हम जा न पाए कभी,
रास्ता पायदानों संग कर जर्जर गया।

जीवन की बाजी जीत भी ली मगर,
कुछ खो गया कुछ साथ बिखर गया।

संजीव ये दर्द कहीं झलकता नहीं,
दिल में ही कहीं चुपचाप उतर गया।

संजीव ठाकुर रायपुर छत्तीसगढ़

# जानकी नवमी: मिथिला की सांस्कृतिक मर्यादा, करुणा, आत्मा और नारीत्व का दिव्य महोत्सव

भारतीय सांस्कृतिक चेतना में कुछ तिथियां केवल समय के प्रवाह में बहते क्षण नहीं होतीं, वे लोक-जीवन की नाड़ियों में धड़कती हुई अनश्वर आध्यात्मिक अनुभूतियां बन जाती हैं। जानकी नवमी ऐसी ही एक परम पावन तिथि है। वह दिव्य, तेजोमय क्षण, जब स्वयं वसुंधरा की गोद से करुणा, धैर्य और मयार्दा का साक्षात अवतरण हुआ; जब जनक नंदिनी, जगत जननी माता जानकी के रूप में प्रकृति ने अपनी करुणा, पवित्रता और शुचिता का अमृतमय वरदान समस्त मानवता को अर्पित किया।

माता जानकी केवल एक देवी नहीं, वे नारीत्व की परम गरिमा, सहनशीलता की चरम सीमा और त्यागमयी तपश्चरणा की जीवंत प्रतिमा हैं। वे उस दिव्य चेतना का नाम हैं, जो मौन में भी वाणी बनकर युगों को दिशा देती है; जो विपत्ति में भी अडिग धैर्य का दीप जलाए रखती है; जो प्रेम में करुणा, आचरण में मयार्दा और संघर्ष में अदम्य आत्मबल का अद्वितीय उदाहरण प्रस्तुत करती है। उनका जीवन किसी कथा का प्रसंग मात्र नहीं, बल्कि एक ऐसी अखंड साधना है, जहां वेदना भी व्रत का स्वरूप धारण कर लेती है और त्याग तेजस्विता की ज्योति बनकर समस्त संसार को आलोकित करता है। उनकी महिमा केवल उनके जीवन प्रसंगों में नहीं, बल्कि उस आदर्श में निहित है, जिसे उन्होंने जिया निष्कलुष प्रेम, अडिग निष्ठा, अदम्य आत्मसम्मान और मयार्दा के प्रति अटूट प्रतिबद्धता। वे शक्ति भी हैं और शुचिता भी, वे करुणा भी हैं और कठोर संकल्प की आधारशिला भी। इसीलिए वे केवल पूजनीय नहीं, अनुकरणीय भी हैं। मानव जीवन को ऊंचाइयों तक ले जाने वाली प्रेरणा की अखंड स्रोत।

यह उत्सव केवल उनके अवतरण का स्मरण नहीं, बल्कि नारी गरिमा के शाश्वत उत्कर्ष, प्रकृति के प्रति अटूट श्रद्धा और मानवीय मूल्यों की पुनर्स्थापना का एक चेतनामय महापर्व है। यह हमें भीतर झांकने का अवसर देता है, यह स्मरण कराता है कि सच्ची शक्ति बाह्य वैभव में नहीं, बल्कि अंतःकरण की निर्मलता, संयम की साधना और सत्यनिष्ठा की दृढ़ता में निहित होती है। वास्तव में, जानकी नवमी आत्मा के आलोक की वह अविनाशी ज्योति है, जो युगों-युगों से मानव हृदय को संवेदना, संयम और सत्य के दिव्य प्रकाश से आलोकित करती आई है और करती रहेगी, जब तक इस सृष्टि में करुणा की धारा प्रवाहित है, मयार्दा का मूल्य जीवित है और धर्म की ज्योति अखंड प्रज्वलित है। यह पर्व केवल आस्था नहीं, बल्कि आत्मा की उस पुकार का उत्सव है, जो हमें मानव होने के सर्वोच्च अर्थ से परिचित कराती है।

**भूमिजा का प्राकट्य: पृथ्वी से प्रकट हुई चेतना**

वाल्मीकि रामायण और अन्य पुराणों के अनुसार, मिथिला के राजा जनक ने यज्ञभूमि के परिशोधन के दौरान हल की फाल से एक दिव्य कन्या को प्राप्त किया। सीता शब्द का अर्थ ही है हल की रेखा। इस प्रकार उनका जन्म अयोनिजा और भूमिजा दोनों रूपों में एक गहन प्रतीकात्मक अर्थ समेटे हुए है। यह प्रसंग हमें बताता है कि जब




मानव जीवन में करुणा और धर्म का क्षय होने लगता है, तब स्वयं प्रकृति अपनी कोख से संतुलन और शुचिता की शक्ति को जन्म देती है। सीता का अवतरण केवल एक ऐतिहासिक या पौराणिक घटना नहीं, बल्कि मानव चेतना के शुद्धीकरण का शाश्वत संकेत है।

**मिथिला: ज्ञान, साधना और संस्कृति का अक्षय केंद्र**

मिथिला केवल एक भौगोलिक क्षेत्र नहीं, बल्कि भारतीय दर्शन, कला और लोक जीवन का समन्वित स्वरूप है। यह वह भूमि है जहां वेदों की गंभीरता, उपनिषदों की गहराई और लोकगीतों की मधुरता एक साथ प्रवाहित होती है। राजा जनक, जिन्हें विदेह कहा गया है ने इस भूमि को केवल राजकीय सत्ता का केंद्र नहीं, बल्कि आध्यात्मिक प्रयोगशाला बनाया। विदेह का अर्थ है देहाभिमान से परे होना; यही वैराग्य और ज्ञान का वह स्तर है, जहां से सीता जैसी दिव्य चेतना का प्राकट्य संभव होता है। मिथिला की सांस्कृतिक परंपराएं आज भी इस गूढ़ दर्शन को सहज लोकजीवन में जीवित रखे हुए हैं।

**सीता: नारीत्व की परम अभिव्यक्ति**

सीता भारतीय नारीत्व का केवल आदर्श नहीं, बल्कि उसकी पूर्ण, उदात्त और दिव्य अभिव्यक्ति हैं। वे करुणा की कोमल सरिता और आत्मबल की अटल पर्वत-श्रृंखला का अद्भुत संगम हैं। जहां संवेदना की मधुरता और संकल्प की दृढ़ता एकाकार हो जाती है। उनका जीवन मानो एक मौन उपदेश है, जो युगों से मानवता को यह सिखाता आया है कि त्याग ही वह ज्योति है, जिसमें वास्तविक शक्ति का प्रकाश निहित होता है। धैर्य वह अडिग आधार है, जिस पर विपत्तियों के बीच भी विजय का शिखर निर्मित होता है। आत्मसम्मान और मयार्दा वे अमूल्य निधियां हैं, जिनसे कभी समझौता नहीं किया जा सकता। वनवास की विषम और कठोर परिस्थितियां हों, अशोक वाटिका की वेदनामयी एकांत साधना हो, अथवा अंततः धरती की गोद में पुनः विलय का वह करुण-गंभीर क्षण हर प्रसंग में सीता का व्यक्तित्व आत्मगौरव, सहनशीलता और सत्यनिष्ठा की चरम परिणति को स्पर्श करता है। वे केवल एक चरित्र नहीं, बल्कि जीवन की उस शाश्वत साधना का नाम हैं, जहां मयार्दा, प्रेम और आत्मबल मिलकर नारीत्व को दिव्यता के शिखर तक प्रतिष्ठित करते हैं।

**दार्शनिक दृष्टि: शक्ति और भक्ति का समन्वय**

अध्यात्म के स्तर पर सीता को ।दिनी शक्ति का स्वरूप माना गया है। वह शक्ति जो आनंद, करुणा और भक्ति का स्रोत है। यदि राम सत्य के प्रतीक हैं, तो सीता उस सत्य तक पहुंचने का मार्ग और माध्यम हैं। उनका पृथ्वी से प्रकट होना प्रकृति के साथ मनुष्य के गहरे संबंध को दशार्ता है। वे स्थिरता, सहनशीलता और पोषण की अधिष्ठात्री हैं। यही कारण है कि राम को मयार्दा पुरुषोत्तम बनाने में सीता की तपश्चर्या और त्याग की निर्णायक भूमिका है।

**मिथिला की कला में जानकी: रंगों में स्पंदित परंपरा**

मिथिला की सांस्कृतिक चेतना का सबसे सजीव और सशक्त कलात्मक रूप मधुबनी चित्रकला में प्रकट होता है। इन चित्रों में सीता केवल एक पौराणिक पात्र नहीं रहतीं, बल्कि एक जीवंत अनुभूति, एक धड़कती हुई आस्था बनकर उभरती हैं। मानो रंगों ने ही उनके व्यक्तित्व को स्पर्श कर लिया हो। इन रेखाओं और रंगों की दुनिया में वे स्वयंवर की अलौकिक आभा से दीप्त वधू हैं, वन की निस्तब्धता में तप की तेजस्विनी साधिका हैं, और अंततः धरती में समाहित होती हुई करुणा की अविरल धारा भी। मधुबनी कला में प्रयुक्त प्रत्येक रंग, प्रत्येक प्रतीक और प्रत्येक रेखा केवल सजावटी तत्व नहीं, बल्कि मिथिला की सामूहिक स्मृति, गहरी आस्था और जीवन-दर्शन के सशक्त वाहक हैं। यह कला परंपरा दरअसल एक जीवित दस्तावेज है,जिसमें लोक-जीवन की संवेदनाएं, विश्वास और आध्यात्मिक चेतना रंगों के माध्यम से अनश्वर हो उठती हैं।

लोक जीवन में उत्सवः जन-आस्था का आलोक जानकी नवमी के आगमन के साथ ही मिथिला और जनकपुर की पावन धरती एक विशेष आध्यात्मिक उल्लास से आलोकित हो उठती है। वातावरण में भक्ति की मधुर तरंगें गूंजने लगती हैं। व्रत, पूजन, भजन-कीर्तन और राम-सीता विवाह प्रसंगों का भावपूर्ण गायन इस पर्व को एक दिव्य लोकानुभूति में रूपांतरित कर देता है। यह उत्सव केवल धार्मिक अनुष्ठानों की सीमाओं में बंधा नहीं रहता, बल्कि नारी सम्मान, पारिवारिक समरसता और सामाजिक मयार्दा के पुनः जागरण और संकल्प का जीवंत माध्यम बन जाता है। यहां आस्था केवल मंदिरों तक सीमित नहीं, बल्कि जन-जीवन के व्यवहार और संवेदनाओं में प्रवाहित होती है। मिथिला की विशेषता यह है कि यहां सीता को आज भी ह्यपुत्रीह्ण के रूप में स्मरण किया जाता है। एक ऐसा आत्मीय, भावनात्मक और सांस्कृतिक संबंध, जो इस क्षेत्र की लोक चेतना को विशिष्ट गरिमा प्रदान करता है। यह भाव ही जानकी नवमी को केवल एक पर्व नहीं, बल्कि जन-हृदय में बसने वाला स्नेह, श्रद्धा और आत्मीयता का उत्सव बना देता है।

**कृषि, संस्कृति और पर्यावरण का समन्वय**

जानकी नवमी का महत्व केवल धार्मिक या सांस्कृतिक आयामों तक सीमित नहीं है; इसका एक गहन और शोधपरक पक्ष कृषि तथा पर्यावरणीय चेतना से भी जुड़ा हुआ है। सीता शब्द स्वयं में प्रतीकात्मक अर्थ समेटे हुए है। यह उस रेखा का बोध कराता है, जो हल की फाल से धरती पर अंकित होती है। यह तथ्य स्पष्ट करता है कि भारतीय सभ्यता में कृषि मात्र आजीविका का साधन नहीं, बल्कि एक पवित्र, आध्यात्मिक और सांस्कृतिक आधार रही है। यह पर्व अपने भीतर अनेक गूढ़ संदेशों को संजोए हुए है। भूमि को माता के रूप में स्वीकार कर उसके संरक्षण और संवर्धन का संकल्प लें। प्रकृति के साथ संतुलन और सह-अस्तित्व की भावना को जीवन का आधार बनाएं। श्रम और साधना के समन्वय से ही वास्तविक समृद्धि और संतुलित विकास संभव है। इस प्रकार, जानकी नवमी केवल अतीत की स्मृति का उत्सव नहीं, बल्कि वर्तमान और भविष्य के लिए पर्यावरणीय संतुलन, सतत विकास और प्रकृति-केन्द्रित जीवन-दृष्टि का प्रेरक संदेश देने वाला एक महत्वपूर्ण पर्व बनकर उभरती है।

**आधुनिक संदर्भ में प्रासंगिकता: शाश्वत मूल्यों की समकालीन दिशा**

वर्तमान समय, जब समाज नैतिक द्वंद्वों और सांस्कृतिक चुनौतियों के बीच संतुलन खोज रहा है, ऐसे में सीता का जीवन एक स्थिर, उज्ज्वल और शाश्वत दिशा-सूचक की तरह हमारे सामने उपस्थित होता है। उनका व्यक्तित्व केवल अतीत की स्मृति नहीं, बल्कि वर्तमान की जटिलताओं को सुलझाने वाली एक जीवंत जीवन-दृष्टि है। उनके जीवन से हमें यह गहन संदेश प्राप्त होता है। नारी सशक्तिकरण का वास्तविक स्वरूप बाह्य उपलब्धियों में नहीं, बल्कि आत्मसम्मान, आत्मविश्वास और आंतरिक शक्ति की दृढ़ता में निहित है। परिवार और समाज की स्थिरता केवल व्यवस्थाओं से नहीं, बल्कि मयार्दा, परस्पर सम्मान और संवेदनशीलता की सुदृढ़ नींव पर ही संभव होती है। आधुनिकता तब ही सार्थक और स्थायी बनती है, जब वह अपनी सांस्कृतिक जड़ों से जुड़ी रहकर आगे बढ़े। इस प्रकार, सीता का जीवन हमें यह सिखाता है कि समय चाहे कितना भी परिवर्तित क्यों न हो, मूल्यों की स्थिरता ही जीवन और समाज को सही दिशा प्रदान करती है।

**आस्था से आत्मबोध की ओर एक शाश्वत यात्रा**

जानकी नवमी केवल उत्सवधर्मिता का बाह्य उल्लास नहीं, बल्कि आत्मबोध की उस गहन यात्रा का आमंत्रण है, जहां श्रद्धा अंततः चेतना में रूपांतरित हो जाती है। यह पर्व हमें सीता के जीवन के आलोक में अपने भीतर निहित सत्य, करुणा और धैर्य के उन सूक्ष्म स्रोतों से साक्षात्कार कराता है, जो अक्सर जीवन की आपाधापी में ओझल हो जाते हैं। मिथिला की यह जीवंत परंपरा हमें स्मरण कराती है कि संस्कृति कोई जड़ विरासत नहीं, बल्कि एक सतत प्रवाहमान चेतना है,जो अतीत से प्रेरणा लेकर वर्तमान को दिशा देती है और भविष्य के लिए मूल्य-आधारित मार्ग प्रशस्त करती है। अतः जब हम जानकी नवमी का उत्सव मनाते हैं, तब हम केवल माता सीता का स्मरण भर नहीं करते, बल्कि उस मानवीय आदर्श को अपने जीवन में प्रतिष्ठित करने का संकल्प भी ग्रहण करते हैं, जो युगों से भारतीय सभ्यता की आत्मा को आलोकित करता आया है।

वास्तव में, यह पर्व हमें एक समीक्षात्मक दृष्टि भी प्रदान करता है। यह पूछने के लिए कि क्या हमारे जीवन में अभी भी वह संवेदना शेष है, जो धरती को ह्यमाताह्ण मान सके? क्या हमारे कर्मों में वह साधना है, जो श्रम को तप में रूपांतरित कर सके? और क्या हमारे निर्णयों में वह त्याग है, जो आत्मबल को तेज में परिणत कर सके? इसी भावभूमि पर यह सत्य स्फुट होता है। जहां भूमि के प्रति श्रद्धा है, जहां श्रम में साधना का अनुशासन है और जहां त्याग में तेज का आलोक है। वहीं सीता का निवास है; और वहीं से जीवन में सच्ची समृद्धि का उजास प्रस्फुटित होता है।

# राघव का घातक वार और सात सांसदों की बगावत से डगमगाया 'आप' का राज्यसभा किला

भारतीय राजनीति के फलक पर 2 अप्रैल 2026 को जो चिंगारी सुलगनी शुरू हुई थी, उसने 22 दिनों के भीतर एक ऐसी सियासी आग का रूप ले लिया है जिसमें अरविंद केजरीवाल की 'आम आदमी पार्टी' का राज्यसभा वाला किला लगभग ढह चुका है। यह महज कुछ सांसदों का दल-बदल नहीं है, बल्कि उस भरोसे और विचारधारा की सामूहिक हत्या है, जिसके दम पर एक दशक पहले अन्ना आंदोलन की कोख से यह पार्टी जन्मी थी। राज्यसभा में पार्टी के डिप्टी लीडर रहे राघव चड्ढा की अगुवाई में सात सांसदों का एक साथ पाला बदलना दिल्ली से लेकर पंजाब तक की सियासत में वो भूकंप है, जिसकी रिक्टर स्केल पर तीव्रता आने वाले कई सालों तक महसूस की जाएगी। "मैं घायल हूं, इसलिए घातक हूं" और "मेरी खामोशी को मेरी हार मत समझना" जैसे फिल्मी लगने वाले राघव के संवादों ने शुक्रवार को तब हकीकत का जामा पहन लिया, जब उन्होंने संदीप पाठक और अशोक मित्तल के साथ प्रेस कॉन्फ्रेंस कर भाजपा का दामन थामने का एलान किया। यह भारतीय लोकतंत्र के इतिहास में किसी भी क्षेत्रीय दल के लिए संभवतः सबसे बड़ा और संगठित विद्रोह है।

इस पूरे घटनाक्रम की पटकथा उस दिन लिख दी गई थी जब राघव चड्ढा को अचानक राज्यसभा में डिप्टी लीडर के पद से हाथ धोना पड़ा था। पार्टी ने अंदरूनी तौर पर उन पर निष्क्रियता और गतिविधियों से दूरी बनाने के आरोप मढ़े थे, लेकिन राघव के तेवर बता रहे थे कि वे किसी बड़े 'ऑपरेशन' की तैयारी में हैं। गौर करने वाली बात यह है कि इस बगावत में संदीप पाठक का नाम शामिल होना केजरीवाल के लिए सबसे बड़ा व्यक्तिगत झटका है। पाठक वही शख्स हैं जिन्हें 'आप' का चाणक्य कहा जाता था, जिन्होंने पंजाब की सत्ता की चाबी केजरीवाल के हाथ में सौंपी और पार्टी को राष्ट्रीय दल का दर्जा दिलाने के लिए पर्दे के पीछे से संगठन की मशीनरी तैयार की। जब संगठन का वास्तुकार ही इमारत ढहाने पर आमादा हो जाए, तो नेतृत्व की विफलता पर सवाल उठना लाजिमी है। इसके साथ ही स्वाति मालीवाल की भूमिका ने इस आग में घी का काम किया है। बिभव कुमार मामले के बाद जिस तरह स्वाति को अपनी ही पार्टी में अपमान और अलगाव का सामना करना पड़ा, उन्होंने उसे अपनी निजी अदावत बना लिया। आज जब वे राघव के साथ सुर में सुर मिला रही हैं, तो यह साफ है कि 'आप' के भीतर महिलाओं के सम्मान और आंतरिक लोकतंत्र को लेकर जो दावे किए जाते थे, उनकी कलई खुल चुकी है।

तकनीकी तौर पर देखें तो यह बगावत बहुत ही सधे हुए कानूनी दांव-पेच के साथ की गई है। राज्यसभा में 'आप' के कुल 10 सांसद थे, जिनमें से 7 का एक साथ अलग होना दल-बदल विरोधी कानून (एन्टी डिफेक्शन लॉ) के तहत अयोग्यता की तलवार को कुंद कर देता है। दो-तिहाई की यह संख्या राघव चड्ढा की उस रणनीतिक कुशलता को दशार्ती है, जिसका लोहा कभी खुद केजरीवाल मानते थे। राघव का यह कहना कि वे "गलत पार्टी में सही व्यक्ति" थे, न केवल केजरीवाल के नेतृत्व पर सीधा प्रहार है, बल्कि उन लाखों कार्यकताओं के जख्मों पर नमक छिड़कने जैसा है जो भ्रष्टाचार के खिलाफ जंग का सपना लेकर इस पार्टी से जुड़े थे। जिस पार्टी ने 15 साल तक संघर्ष किया, उसका इस तरह ताश के पत्तों की तरह बिखरना यह बताता है कि सत्ता के गलियारों में पहुंचते ही 'आम' और 'खास' की लकीर धुंधली पड़ गई। भ्रष्टाचार के आरोपों में घिरे नेतृत्व और जेल से सरकार चलाने की जिद ने शायद उन नेताओं को भी सोचने पर मजबूर कर दिया जो अब तक वफादारी का दम भर रहे थे।

पंजाब की सियासत के लिहाज से यह घटनाक्रम किसी सुनामी से कम नहीं है। बागी होने वाले सात में से छह सांसद पंजाब का प्रतिनिधित्व करते हैं। मुख्यमंत्री भगवंत मान के लिए यह स्थिति बेहद असहज है, क्योंकि राघव चड्ढा को कभी पंजाब सरकार का 'रिमोट कंट्रोल' कहा जाता था। मान और चड्ढा के बीच का शीतयुद्ध जगजाहिर था, लेकिन अब यह आमने-सामने की जंग में बदल चुका है। भाजपा ने इन चेहरों को अपने पाले में कर न केवल राज्यसभा में अपनी ताकत 148 तक पहुंचा दी है, बल्कि 2027 के पंजाब विधानसभा चुनाव के लिए भी एक मजबूत बिसात बिछा दी है। भाजपा, जो पंजाब में लंबे समय से एक मजबूत 'सिख चेहरे' और संगठन की तलाश में थी, उसे अब हरभजन सिंह, अशोक मित्तल और विक्रमजीत सिंह साहनी जैसे रसूखदार लोगों का साथ मिल गया है। यह 'मिशन पंजाब' की वो शुरूआत है जिसने अरविंद केजरीवाल के राष्ट्रीय महत्वाकांक्षाओं को फिलहाल दिल्ली और पंजाब की सीमाओं में ही कैद कर दिया है।

संजय सिंह और अन्य 'आप' नेता इसे 'ऑपरेशन लोटस' और केंद्रीय एजेंसियों का डर बताकर जनता की सहानुभूति बटोरने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन सवाल यह उठता है कि क्या केवल डर के दम पर इतने बड़े स्तर पर बगावत संभव है? अन्ना हजारे की उस टिप्पणी को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता जिसमें उन्होंने कहा कि जब स्वार्थ समाज और देश से ऊपर हो जाता है, तो संगठन टूट जाते हैं। यह केजरीवाल की उस कार्यशैली का भी परिणाम है जिसमें उन्होंने धीरे-धीरे उन सभी पुराने चेहरों को किनारे कर दिया जिन्होंने उनके साथ धूल फांकी थी। योगेंद्र यादव, प्रशांत भूषण, कुमार विश्वास और अब राघव-संदीप की यह फेहरिस्त बताती है कि पार्टी में असहमति के लिए कोई जगह नहीं बची है। स्वाति मालीवाल का यह आरोप कि उन्हें मुख्यमंत्री के घर पर पीटा गया और फिर उन्हें ही बदनाम करने की कोशिश की गई, पार्टी की नैतिक साख पर वो धब्बा है जो शायद ही कभी धुल पाए।

राज्यसभा सचिवालय में अब कानूनी लड़ाई शुरू होगी, सदस्यता रद्द करने की याचिकाएं डाली जाएंगी और मामला कोर्ट तक जाएगा। लेकिन राजनीति में जो धारणा (परसेप्शन) एक बार बन जाती है, उसे बदलना मुश्किल होता है। जनता के बीच अब यह संदेश जा चुका है कि जो पार्टी दूसरों को ईमानदारी का सर्टिफिकेट बांटती थी, उसके अपने घर में ही भारी अविश्वास का माहौल है। गुजरात निकाय चुनाव से ठीक पहले पार्टी के सोशल मीडिया पेजों का सस्पेंड होना और सांसदों का सामूहिक पलायन, 'आप' के लिए किसी 'परफेक्ट स्टॉर्म' जैसा है। केजरीवाल जो खुद को नरेंद्र मोदी के विकल्प के तौर पर पेश कर रहे थे, आज अपने सबसे भरोसेमंद सिपहसालारों को ही भाजपा के पाले में जाते हुए देखने को मजबूर हैं। यह पतन की शुरूआत है या फिर कोई नया सबक, यह तो वक्त तय करेगा, लेकिन फिलहाल इतना तय है कि 'झाड़ू' की तीलियां बिखर चुकी हैं और उन्हें समेटना अब केजरीवाल के बस की बात नहीं लग रही। भारतीय राजनीति का यह शुक्रवार 'आम आदमी पार्टी' के इतिहास में हमेशा एक ऐसे मोड़ के रूप में याद किया जाएगा, जहां से वापसी का रास्ता बहुत धुंधला नजर आता है।



अजय कुमार

स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक रमन कुमार झा द्वारा साांई प्रिटिंग प्रेस बी-42 सेक्टर 07 नोएडा से मुद्रित कराकर नियर दुर्गा पब्लिक स्कूल श्याम लाल कॉलोनी बरौला सेक्टर 49 नोएडा 201304, गौतमबुद्धनगर उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
संपर्क 9891706853, संपादक- रमन कुमार झा, समस्त विवादों का निपटारा गौतमबुद्धनगर न्यायालय मे होगा। Website: https://samajjagran.in/ Email: vatankiawaz@gmail.com UPHIN/2021/84200

# जिलाधिकारी ने उद्यमी संगठनों संग की बैठक, श्रमिक दिवस पर मेगा कैंप की तैयारी तेज

### 1 मई को 201 स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन, श्रमिकों को मुफ्त जांच व योजनाओं का लाभ

**समाज जागरण**

गौतमबुद्धनगर, 25 अप्रैल। गौतमबुद्धनगर में आगामी अंतरराष्ट्रीय श्रमिक दिवस के अवसर पर आयोजित होने वाले मेगा कैंप को सफल बनाने के लिए जिलाधिकारी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में उद्यमी संगठनों के प्रतिनिधियों के साथ महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई।



बैठक में श्रमिकों के कल्याण, उनकी सुविधाओं के विस्तार और उन्हें सरकारी योजनाओं का अधिकतम लाभ दिलाने के संबंध में विस्तृत चर्चा की गई। जिलाधिकारी ने बताया कि 1 मई को विशेष मेगा कैंप आयोजित किया जाएगा, जिसके अंतर्गत जिलेभर में 201 स्वास्थ्य शिविर लगाए जाएंगे। इन शिविरों के साथ सभी सरकारी अस्पतालों एवं 22 निजी अस्पतालों में श्रमिकों के लिए निःशुल्क स्वास्थ्य जांच और उपचार की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी।

उन्होंने जानकारी दी कि स्वास्थ्य शिविरों के साथ-साथ विशेष जागरूकता कैंप भी आयोजित किए जाएंगे, जिनमें स्किल डेवलपमेंट, सामाजिक सुरक्षा योजनाएं, जीवन बीमा, स्वास्थ्य बीमा तथा श्रमिकों के बच्चों की शिक्षा से संबंधित योजनाओं की जानकारी स्टॉल के माध्यम से दी जाएगी। साथ ही पात्र श्रमिकों को इन योजनाओं का लाभ भी मौके पर उपलब्ध कराया जाएगा।

जिलाधिकारी ने बताया कि 24 अप्रैल से 1 मई तक श्रमिक बहुल क्षेत्रों में लगातार मेडिकल कैंप लगाए जा रहे हैं, ताकि श्रमिकों को उनके आवास और कार्यस्थल के नजदीक ही स्वास्थ्य सेवाएं मिल सकें। इसका उद्देश्य यह है कि श्रमिक बिना काम से अवकाश लिए आसानी से स्वास्थ्य जांच करा सकें और अधिक से अधिक लोग इन सुविधाओं का लाभ उठा सकें।

बैठक में उपस्थित उद्यमियों से जिलाधिकारी ने अपील की कि वे अपने-अपने प्रतिष्ठानों में कार्यरत श्रमिकों को इन शिविरों के बारे में जागरूक करें और उन्हें अधिकाधिक संख्या में भाग लेने के लिए प्रेरित करें। उन्होंने कहा कि इससे शासन की योजनाओं का लाभ सीधे जरूरतमंदों तक पहुंचेगा।

जिलाधिकारी ने यह भी बताया कि उद्यमियों के लिए संचालित विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी एकत्रित रूप में उपलब्ध कराई जाएगी, जिससे वे अपने औद्योगिक कार्यों को और सुदृढ़ बना सकें। उन्होंने कहा कि शासन श्रमिकों के हितों की सुरक्षा के साथ-साथ औद्योगिक विकास को भी समान प्राथमिकता दे रहा है।

बैठक के दौरान उद्यमियों से सुझाव भी लिए गए, ताकि श्रमिक दिवस पर आयोजित होने वाला मेगा कैंप सफलतापूर्वक संपन्न कराया जा सके।

इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) अतुल कुमार, उपायुक्त उद्योग पंकज निर्वाण, नोएडा एंटरप्रिन्योर एसोसिएशन के अध्यक्ष विपिन मल्हन सहित कई उद्यमी उपस्थित रहे।

# श्रमिक दिवस पर जनपद में लगेगा विशेष मेगा कैंप, तैयारियों में जुटा प्रशासन

### जिलाधिकारी ने अधिकारियों को दिए निर्देश, श्रमिकों तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने पर जोर

**समाज जागरण**

गौतमबुद्धनगर, 25 अप्रैल। गौतमबुद्धनगर में अंतरराष्ट्रीय श्रमिक दिवस के अवसर पर आयोजित होने वाले विशेष मेगा कैंप को लेकर जिला प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। इस संबंध में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में सेक्टर, जोनल और स्टैटिक मजिस्ट्रेटों सहित संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक आयोजित की गई।

बैठक में श्रमिक बहुल क्षेत्रों में व्यवस्थाओं को सुदृढ़ बनाने, विभिन्न विभागों के बीच समन्वय स्थापित करने और सभी तैयारियों को समयबद्ध तरीके से पूरा करने के निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने स्पष्ट कहा कि मेगा कैंप कार्यक्रम की तैयारियों का स्थलीय निरीक्षण किया जाए और यह सुनिश्चित किया जाए कि प्रत्येक श्रमिक तक योजनाओं और सुविधाओं का लाभ सुचारु रूप से पहुंचे।

उन्होंने अधिकारियों को चेतावनी देते हुए कहा कि किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और सभी अधिकारी आपसी तालमेल के साथ जिम्मेदारीपूर्वक कार्य करें।

बैठक के दौरान श्रमिक दिवस के आयोजन को देखते हुए स्वास्थ्य व्यवस्थाओं की भी विस्तृत समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने बताया कि जनपद के विभिन्न श्रमिक बाहुल्य क्षेत्रों में स्वास्थ्य शिविर आयोजित किए जा रहे हैं, ताकि श्रमिकों को उनके आवास और कार्यस्थल के निकट ही चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सकें।




उन्होंने स्वास्थ्य विभाग को निर्देश दिए कि मेडिकल कैंपों में चिकित्सकों की पर्याप्त उपलब्धता, जरूरी दवाएं, जांच सुविधाएं और अन्य संसाधन सुनिश्चित किए जाएं। साथ ही यह भी व्यवस्था की जाए कि श्रमिक अपने कार्य से पहले या बाद में ही स्वास्थ्य परीक्षण करा सकें, जिससे उन्हें अनावश्यक अवकाश न लेना पड़े।

जिलाधिकारी ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि श्रमिकों को इन शिविरों के प्रति जागरूक किया जाए और उनकी अधिकतम सहभागिता सुनिश्चित कराई जाए, ताकि शासन की योजनाओं का शत-प्रतिशत लाभ पात्र लोगों तक पहुंच सके।

बैठक के अंत में जिलाधिकारी ने कहा कि यह मेगा कैंप केवल औपचारिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि श्रमिकों के हितों को सशक्त बनाने का एक महत्वपूर्ण माध्यम है। इसलिए सभी अधिकारी संवेदनशीलता और जिम्मेदारी के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करें, ताकि कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हो सके। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी डॉ. शिवाकांत द्विवेदी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. नरेंद्र कुमार, अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) अतुल कुमार, अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) मंगलेश दुबे, अपर श्रमायुक्त राकेश द्विवेदी सहित सभी संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# बिसरख पुलिस ने दो चोरों को किया गिरफ्तार, चोरी का माल व अवैध हथियार बरामद

### ग्रीन आर्च सोसाइटी के पास कार से चोरी का मामला, बाइक के साथ पकड़े गए आरोपी

**संदीप गर्ग समाज जागरण**

नोएडा। बिसरख थाना पुलिस ने चोरी की वारदात का खुलासा करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके कब्जे से चोरी किया गया सामान, अवैध हथियार तथा घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल बरामद की है।




पुलिस के अनुसार, ग्रीन आर्च सोसाइटी के सामने खड़ी एक कार से गले की चेन और हाथ का ब्रेसलेट चोरी किए जाने की घटना सामने आई थी। इस संबंध में पीड़ित की तहरीर पर थाना बिसरख में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की गई थी।

जांच के दौरान पुलिस टीम ने 25 अप्रैल 2026 को कार्रवाई करते हुए आरोपियों रोहित चौहान उर्फ बोबी (23 वर्ष) और सोनू ठाकुर (19 वर्ष) को ड्रीम वैली सोसाइटी के पास से गिरफ्तार कर लिया। दोनों आरोपी गाजियाबाद के खोडा क्षेत्र स्थित कला एन्क्लेव के निवासी बताए गए हैं।

पुलिस ने उनके कब्जे से पीली धातु की एक चेन और एक ब्रेसलेट बरामद किया है, जिनकी अनुमानित कीमत करीब 5 लाख रुपये बताई जा रही है। इसके अलावा आरोपी रोहित के पास से एक अवैध चाकू और सोनू ठाकुर के पास से एक .315 बोर का अवैध तमंचा तथा एक जिंदा कारतूस भी बरामद हुआ है। घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल को भी पुलिस ने जब्त कर लिया है। पुलिस जांच में यह भी सामने आया है कि दोनों आरोपियों का आपराधिक इतिहास रहा है। फिलहाल पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया है और आगे की विधिक कार्रवाई जारी है।

पुलिस अधिकारियों का कहना है कि क्षेत्र में अपराध पर अंकुश लगाने के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है और ऐसी घटनाओं में शामिल अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# जनपद के 15 केंद्रों पर हो रही होमगार्ड्स भर्ती परीक्षा, डीएम ने किया निरीक्षण

### नेहरू स्मारक इंटर कॉलेज साकीपुर केंद्र का लिया जायजा, पारदर्शिता व सुरक्षा के दिए निर्देश

**संदीप गर्ग समाज जागरण**

गौतमबुद्धनगर, 25 अप्रैल। उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड के तत्वावधान में आयोजित उत्तर प्रदेश होमगार्ड्स इनरोलमेंट-2025 परीक्षा जनपद गौतमबुद्धनगर में 25, 26 और 27 अप्रैल को कुल 15 परीक्षा केंद्रों पर दो पालियों में संपन्न कराई जा रही है।

परीक्षा को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष और पारदर्शी ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से जिलाधिकारी ने आज नेहरू स्मारक इंटर कॉलेज साकीपुर, ग्रेटर नोएडा का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने सीसीटीवी कंट्रोल रूम, परीक्षा कक्ष, अभ्यर्थियों के प्रवेश एवं निकास मार्ग, बैठने की व्यवस्था, पेयजल, शौचालय, प्रकाश व्यवस्था और सुरक्षा प्रबंधन सहित अन्य मूलभूत सुविधाओं का बारीकी से जायजा लिया।



जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि परीक्षा प्रक्रिया को पूरी सतर्कता, अनुशासन और पारदर्शिता के साथ संपन्न कराया जाए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि किसी भी प्रकार की अनियमितता या अव्यवस्था बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि सभी परीक्षा केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से लगातार निगरानी रखी जाए और कंट्रोल रूम से प्रत्येक गतिविधि पर नजर बनाए रखी जाए। प्रशासन के अनुसार, जनपद के सभी परीक्षा केंद्रों पर परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से संचालित हो रही है।

निरीक्षण के दौरान उप जिलाधिकारी सदर, केंद्र व्यवस्थापक, विद्यालय प्रशासन तथा अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# विश्व मलेरिया दिवस पर जनपद में चला व्यापक जागरूकता अभियान

### स्वास्थ्य केंद्रों पर जांच, रैली और कैंप का आयोजन; एक भी मलेरिया पॉजिटिव केस नहीं मिला

**समाज जागरण**

गौतमबुद्धनगर, 25 अप्रैल। गौतमबुद्धनगर में विश्व मलेरिया दिवस के अवसर पर स्वास्थ्य विभाग द्वारा व्यापक जनजागरूकता अभियान चलाया गया। यह अभियान विश्व स्वास्थ्य संगठन की इस वर्ष की थीम "Driven to End Malaria: Now We Can, Now We Must" के अनुरूप संचालित किया गया।




मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि जनपद के सभी सामुदायिक एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर मलेरिया रोकथाम की शपथ दिलाई गई। इसके साथ ही जेवर, दादरी, बिसरख और दनकौर क्षेत्रों में रैलियां निकालकर आमजन को मलेरिया से बचाव के प्रति जागरूक किया गया। विभिन्न ग्रामों में गोष्ठियों का आयोजन कर भी लोगों को जानकारी दी गई।

सेक्टर-16 स्थित झुग्गी क्षेत्र में विशेष मलेरिया कैंप आयोजित किया गया, जहां संदिग्ध ज्वर से पीड़ित 13 लोगों की जांच की गई, लेकिन कोई भी मामला मलेरिया पॉजिटिव नहीं पाया गया। वहीं, विश्व मलेरिया दिवस के अवसर पर स्वास्थ्य केंद्रों पर कुल 72 ज्वर रोगियों की जांच की गई, जिनमें भी कोई संक्रमित नहीं मिला।

अभियान के तहत श्याम सिंह स्मारक इंटर कॉलेज, सफाबाद में लेखन एवं चित्रकला प्रतियोगिताएं आयोजित कर छात्राओं को जागरूक किया गया। शिक्षा विभाग द्वारा भी सभी विद्यालयों में पोस्टर और चलचित्र के माध्यम से मलेरिया के प्रति जागरूकता फैलायी गई। स्वास्थ्य विभाग और नोएडा प्राधिकरण की संयुक्त टीम ने सेक्टर-16 क्षेत्र में जलभराव वाले स्थानों पर कीटनाशक दवाओं का छिड़काव किया और 89 घरों का सर्वे किया। इस दौरान कूलर, फ्रिज ट्रे, गमलों और अन्य स्थानों पर जमा पानी को हटवाया गया तथा लोगों को मच्छर जनित बीमारियों से बचाव के उपाय बताए गए।

जिला मलेरिया अधिकारी ने जानकारी दी कि वर्ष 2026 में अप्रैल तक कुल 39,959 मलेरिया जांचें की जा चुकी हैं, जिनमें एक भी पॉजिटिव केस नहीं पाया गया है। उन्होंने लोगों से अपील की कि घरों के आसपास पानी जमा न होने दें, नियमित रूप से सफाई रखें और मच्छरदानी का उपयोग करें।

उन्होंने यह भी बताया कि जनपद के सभी सरकारी स्वास्थ्य केंद्रों, जिला अस्पताल और जन आरोग्य मंदिरों में मलेरिया की जांच और उपचार पूरी तरह निःशुल्क उपलब्ध है।

# जारचा पुलिस ने वांछित अभियुक्त को किया गिरफ्तार

### मारपीट और जानलेवा हमले के मामले में नामजद था आरोपी, अन्य की तलाश जारी

**संदीप गर्ग समाज जागरण**

नोएडा। जारचा थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। आरोपी पर मारपीट और जान से मारने की नियत से हमला करने का आरोप है। पुलिस के अनुसार, वादी द्वारा थाना जारचा में शिकायत दर्ज कराई गई थी कि अभियुक्तगण ने उसके भाइयों के साथ मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। इस संबंध में थाना जारचा में मुकदमा संख्या 72/2026 धारा 109(1)/115(2)/ 352/ 351 (2)/ 131 बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया था।

जांच के दौरान पुलिस ने नामजद अभियुक्त सचिन (32 वर्ष) पुत्र स्वर्गीय सर्वेश कुमार को ग्राम दयानगर की पुलिया के पास से गिरफ्तार कर लिया। आरोपी बुलंदशहर जनपद के धनपुरा गांव का निवासी है।

पुलिस के मुताबिक, अभियुक्त का आपराधिक इतिहास भी सामने आया है और उसके खिलाफ विभिन्न थानों में पहले से कई मुकदमे दर्ज हैं।

पुलिस ने बताया कि मामले में शामिल अन्य अभियुक्तों की गिरफ्तारी के प्रयास जारी हैं। गिरफ्तार आरोपी के खिलाफ आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह ने उद्योग प्रतिनिधियों संग की बैठक, श्रमिक सुरक्षा व समन्वय पर जोर

### सेक्टर-108 स्थित पुलिस आयुक्त कार्यालय में एमडी-सीईओ के साथ हुई गोष्ठी, कार्यस्थल व्यवस्था पर चर्चा

**संदीप गर्ग समाज जागरण**

नोएडा। गौतमबुद्धनगर की पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह द्वारा सेक्टर-108 स्थित पुलिस आयुक्त कार्यालय में विभिन्न मल्टीनेशनल कंपनियों के एमडी, सीईओ, एचआर हेड एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ एक महत्वपूर्ण गोष्ठी आयोजित की गई।



इस बैठक में श्रमिकों के हितों की सुरक्षा, कार्यस्थल की परिस्थितियों, सुरक्षा व्यवस्था, आवागमन प्रबंधन और अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। औद्योगिक इकाइयों के प्रतिनिधियों ने अपने सुझाव साझा किए, जिनका पुलिस प्रशासन द्वारा गंभीरता से संज्ञान लिया गया।

गोष्ठी के दौरान पुलिस आयुक्त ने उत्तर प्रदेश शासन द्वारा न्यूनतम मजदूरी दरों में 21 प्रतिशत वृद्धि सहित श्रमिक हित में लिए गए विभिन्न निर्णयों की जानकारी दी। उन्होंने विशेष रूप से इस बात पर जोर दिया कि श्रमिकों को उनके अधिकारों और सुरक्षा के प्रति जागरूक किया जाए, ताकि कार्यस्थल पर सुरक्षित और सकारात्मक वातावरण सुनिश्चित हो सके।

बैठक का मुख्य उद्देश्य औद्योगिक इकाइयों और श्रमिकों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करना रहा, जिससे औद्योगिक क्षेत्रों में सौहार्दपूर्ण माहौल बना रहे और सभी वर्गों के हितों की प्रभावी सुरक्षा हो सके।

पुलिस कमिश्नर ने कहा कि कमिश्नरेट पुलिस औद्योगिक क्षेत्रों में सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत करने के लिए लगातार प्रयासरत है। साथ ही श्रमिकों के हितों की रक्षा और उद्योगों के सुचारु संचालन के लिए आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं।


उन्होंने विश्वास जताया कि प्रशासन और उद्योगों के बीच समन्वय से न केवल श्रमिकों का हित सुरक्षित होगा, बल्कि क्षेत्र के औद्योगिक विकास को भी नई गति मिलेगी।

# टीएमयू में अर्थ वीक में सीओई के स्टुडेंट्स का संकल्प से नो टु प्लास्टिक, गो ग्रीन, गो क्लीन...

**समाज जागरण**

तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग में भारत पर्यावरण कार्यक्रम- भारत सस्टेनेबिलिटी कैंपस मिशन 2026 के तहत अर्थ वीक के दौरान जीरो प्लास्टिक अभियान की थीम से नो टु प्लास्टिक- गो ग्रीन, गो क्लीन रही। इसका उद्देश्य प्लास्टिक मुक्त परिसर की अवधारणा को बढ़ावा देना और पर्यावरणीय स्थिरता के प्रति जागरूक करना है। अभियान में स्टुडेंट्स ने प्लास्टिक कचरा संग्रहण, अपशिष्ट पृथक्करण गतिविधियों और परिसर स्वच्छता अभियान के संग-संग एकल-उपयोग प्लास्टिक को कम करने, पुनः उपयोग योग्य वस्तुओं के प्रयोग, स्वच्छ एवम् टिकाऊ वातावरण बनाए रखने के प्रति जागरूकता का संदेश भी दिया। स्टुडेंट्स ने प्लास्टिक मुक्त परिसर विकसित करने का संकल्प लिया।




फैकल्टी ऑफ इंजीनियरिंग के डीन प्रो. राकेश कुमार द्विवेदी ने स्टुडेंट्स को एकल-उपयोग प्लास्टिक के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करते हुए स्वच्छ और हरित परिसर के लिए टिकाऊ विकल्प अपनाने के लिए प्रेरित किया। जीरो प्लास्टिक कैंपेन में समन्वयक प्रो. रवि कुमार जैन, डॉ. इंदु त्रिपाठी, श्रीमती निकिता जैन, डॉ. आशीष सिमल्टी , डॉ. संकल्प गोयल, डॉ. देबोंजन रॉय, श्री एसबी रस्तोगी, श्री सचिन वर्मा, श्री एमडी पांडेय के अलावा बीटेक- सिविल, मैकेनिकल और इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग के स्टुडेंट्स हरि प्रकाश, वंश जैन, रजत वर्मा, तमीम, अजीम, अबूजर, आफताब, अलमीरूफ, दीपक मौर्य, रितिक कुमार, नावेद आदि ने प्रतिभाग किया।

# सेक्टर-39 पुलिस ने दो आरोपियों को दबोचा, चोरी का मोबाइल व अवैध हथियार बरामद

### सेक्टर-100 के पास से गिरफ्तारी, चाकू व .315 बोर तमंचा भी मिला

**संदीप गर्ग समाज जागरण**

नोएडा। सेक्टर-39 नोएडा थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके कब्जे से एक चोरी का मोबाइल फोन और अवैध हथियार बरामद किए हैं।

पुलिस के अनुसार, सेक्टर-100 के पास से अभियुक्त जौन कुमार (21 वर्ष) और अरुण (20 वर्ष) को पकड़ा गया। जौन कुमार मूल रूप से झारखंड के गुमला जिले का निवासी है और वर्तमान में सेक्टर-46 नोएडा में रह रहा था, जबकि अरुण इटावा का निवासी है और वर्तमान में दिल्ली के मीठापुर क्षेत्र में रह रहा था।

तलाशी के दौरान पुलिस ने जौन कुमार के पास से एक अवैध चाकू तथा अरुण के कब्जे से .315 बोर का अवैध तमंचा बरामद किया। इसके अलावा उनके पास से एक चोरी का मोबाइल फोन भी बरामद हुआ है। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है और आगे की विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है। बरामद सामान को पुलिस ने अपने कब्जे में ले लिया है।

पुलिस अधिकारियों का कहना है कि क्षेत्र में अपराध नियंत्रण के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है और संदिग्ध गतिविधियों पर कड़ी नजर रखी जा रही है।

# जारचा पुलिस की कार्रवाई, अवैध चाकू के साथ युवक गिरफ्तार

### मुखबिर की सूचना पर झम्मनपुरा मोड़ के पास दबोचा गया आरोपी, न्यायालय में पेशी की तैयारी

**संदीप गर्ग समाज जागरण**

नोएडा। गौतमबुद्धनगर के जारचा थाना पुलिस ने सराहनीय कार्रवाई करते हुए एक युवक को अवैध चाकू के साथ गिरफ्तार किया है।

पुलिस के अनुसार, थाना जारचा में पंजीकृत मुकदमा संख्या 73/2026 धारा 4/25 आयुध अधिनियम के तहत कार्रवाई करते हुए अभियुक्त वसीम (26 वर्ष) पुत्र इस्लाम, निवासी पूजा कॉलोनी राधेश्याम पार्क, आजाद एन्क्लेव, थाना ट्रोनिका सिटी, जनपद गाजियाबाद को गिरफ्तार किया गया।



गिरफ्तारी 25 अप्रैल 2026 को लगभग 1:12 बजे मुखबिर की सूचना पर झम्मनपुरा मोड़ से करीब 100 मीटर दूर झम्मनपुरा जाने वाले रास्ते से की गई। तलाशी के दौरान अभियुक्त के कब्जे से एक नाजायज चाकू बरामद हुआ। पुलिस ने बताया कि आरोपी के खिलाफ आयुध अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है। उसे नियमानुसार माननीय न्यायालय सूरजपुर, गौतमबुद्धनगर के समक्ष पेश किया जाएगा।

गिरफ्तारी करने वाली टीम में उपनिरीक्षक शिवम कुमार एवं कांस्टेबल कासिम अली शामिल रहे। पुलिस द्वारा आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# टीएमयू में एग्रीकल्चर कॉलेज साइंसेज की दो दिनी नेशनल कॉन्फ्रेंस 27 अप्रैल से होगी

**समाज जागरण**

तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के कॉलेज ऑफ एग्रीकल्चर साइंसेज की ओर से विकसित भारत 2047 के मद्देनजर सतत विकास लक्ष्य–एसडीजीएस पर केंद्रित दो दिवसीय नेशनल कॉन्फ्रेंस 27 अप्रैल से मेडिकल लेक्चर थियेटर में आयोजित होगी। कॉलेज ऑफ एग्रीकल्चर साइंसेज के डीन प्रो. प्रवीन कुमार जैन ने यह जानकारी साझा करते हुए बताया कि कॉन्फ्रेंस में सतत कृषि, जलवायु परिवर्तन, जल प्रबंधन एवं ग्रामीण विकास जैसे विषयों पर मंथन होगा। कॉन्फ्रेंस में व्याख्यान, तकनीकी सत्र, पैनल चर्चा, पोस्टर्स प्रस्तुति आदि होंगे। कॉन्फ्रेंस में मेहमान प्रोसिडिंग का विमोचन भी करेंगे।

कॉन्फ्रेंस में हेमवती बहुगुणा यूनिवर्सिटी, उत्तराखंड के पूर्व कुलपति प्रो. एसपी सिंह, इको संस्कृति कलेक्टिव फाउंडेशन के मानद अध्यक्ष डॉ. एस बिस्वास, राष्ट्रीय जल विज्ञान संस्थान, उत्तराखंड के वैज्ञानिक-ई डॉ. गोपाल कृष्ण, जीबी पंत राष्ट्रीय हिमालयी पर्यावरण संस्थान, उत्तराखंड के वैज्ञानिक-ई डॉ. केएस कानवाल बतौर मेहमान शामिल होंगे। इनके संग-संग टीएमयू के कुलपति प्रो. वीके जैन और डीन एकेडमिक्स प्रो. मंजुला जैन की भी उल्लेखनीय मौजूदगी रहेगी। कॉन्फ्रेंस सचिव प्रो. गणेश दत्त भट्ट ने बताया कि कॉन्फ्रेंस में आधा दर्जन से अधिक सूबों के जाने-माने शिक्षाविद्, वैज्ञानिक और शोधार्थी भी शिरकत करेंगे।

# टीएमयू सीटीएलडी के सामर्थ्य बोध में 25 स्टुडेंट्स को मॉक ऑफर लेटर

### तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी के सेंटर फॉर टीचिंग, लर्निंग एंड डवलपमेंट- सीटीएलडी की ओर से विशेष मॉक रिक्रूटमेंट ड्राइव- सामर्थ्य बोध 4.0

**समाज जागरण**

तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के सेंटर फॉर टीचिंग, लर्निंग एंड डवलपमेंट- सीटीएलडी की ओर से विशेष मॉक रिक्रूटमेंट ड्राइव- सामर्थ्य बोध 4.0 में चयनित 25 स्टुडेंट्स को मॉक ऑफर लेटर दिए गए। इनमें 5 छात्रों को 10 एलपीए, 8 छात्रों को 6 एवम् 12 छात्रों को 4 एलपीए पैकेज पर मॉक चयन हुआ। मॉक रिक्रूटमेंट ड्राइव के प्रथम चरण में लिखित मूल्यांकन परीक्षा में एप्टीट्यूड, रीजनिंग, वर्बल एबिलिटी, आईसीटी स्किल्स एवम् तकनीकी विषयों से संबंधित प्रश्न शामिल रहे। इसमें 265 स्टुडेंट्स ने भाग लिया और 77 स्टुडेंट्स ने इसे उत्तीर्ण कर ग्रुप डिस्कशन के लिए क्वालीफाई किया। ग्रुप डिस्कशन में विचारों की स्पष्टता, नेतृत्व क्षमता और संचार कौशल का मूल्यांकन किया गया। 50 स्टुडेंट्स ने यह चरण पार किया और उन्हें तकनीकी एवम् एचआर इंटरव्यू के लिए आमंत्रित किया गया। अंतिम चरण में तकनीकी और एचआर पैनल ने उम्मीदवारों का गहन मूल्यांकन के बाद 25 स्टुडेंट्स को मॉक जॉब ऑफर लेटर प्रदान किए गए, जिससे उनके आत्मविश्वास और प्लेसमेंट तैयारी को नई दिशा मिली। इससे पूर्व टीएमयू की डीन एकेडमिक्स प्रो. मंजुला जैन ने बतौर मुख्य अतिथि, सीटीएलडी के डायरेक्टर प्रो. पंकज कुमार सिंह, लिटवर्क, हैदराबाद के डायरेक्टर श्री विनय सिंह आदि ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित करके सामर्थ्य बोध 4.0 का मेडिकल एलटी-3 में शंखनाद किया। विशेष मॉक रिक्रूटमेंट ड्राइव में बीटेक प्री-फाइनल ईयर और एमसीए फाइनल ईयर के स्टुडेंट्स की प्लेसमेंट रेडीनेस को परखने के लिए आयोजित की गई।

मुख्य अतिथि डीन एकेडमिक्स प्रो. मंजुला जैन ने कहा, वर्तमान समय में शिक्षण के साथ-साथ कौशल विकास अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने स्टुडेंट्स के करियर निर्माण में साक्षात्कार कौशल और व्यावसायिक संवाद के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। लिटवर्क, हैदराबाद के डायरेक्टर श्री विनय सिंह ने उद्योग की अपेक्षाओं, इंटरव्यू रणनीतियों और रोजगार कौशलों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। उन्होंने कहा, आज के प्रतिस्पर्धात्मक दौर में केवल डिग्री पर्याप्त नहीं है, बल्कि स्किल्स, एटीट्यूड और निरंतर सीखने की प्रवृत्ति ही सफलता की कुंजी है। उन्होंने छात्रों को इंटरव्यू के दौरान आत्मविश्वास, स्पष्ट संप्रेषण और समस्या समाधान क्षमता पर विशेष ध्यान देने की सलाह देते हुए उद्योग जगत की वास्तविक अपेक्षाओं से अवगत कराया। फैकल्टी ऑफ इंजीनियरिंग के डीन प्रो. आरके द्विवेदी ने कहा, सामर्थ्य बोध जैसे आयोजन स्टुडेंट्स को इंडस्ट्री रेडी बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। यह पहल स्टुडेंट्स के आत्मविश्वास को बढ़ाने और वास्तविक प्लेसमेंट प्रक्रिया को समझने का बेहतरीन अवसर प्रदान करती है। सीटीएलडी के डायरेक्टर प्रो. पंकज कुमार सिंह ने कहा, यह आयोजन स्टुडेंट्स के कौशल को और अधिक निखारने का अवसर देता है। कार्यक्रम में मास्टर ट्रेनर श्री अनंत भारद्वाज, ट्रेनर्स- श्रीमती ऋतु राजन, श्री विजय कुमार, श्री गोपाल कृष्ण मिश्रा आदि मौजूद रहे।

# असमोली में क्षेत्र पंचायत बैठक: आवास योजना समेत विकास कार्यों पर फोकस

**दैनिक समाज जागरण**

संभल। असमोली ब्लॉक में क्षेत्र पंचायत की बैठक आयोजित हुई, जिसमें वित्तीय वर्ष की योजनाओं और विकास कार्यों को लेकर चर्चा की गई। बैठक में जनप्रतिनिधियों को सरकार की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गई और उनके प्रभावी क्रियान्वयन पर जोर दिया गया। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा जिलाध्यक्ष हरेंद्र चौधरी मौजूद रहे। अध्यक्षता ब्लॉक प्रमुख संतोष देवी ने की, जबकि संचालन एडीओ पंचायत सुनील कुमार ने किया। बैठक के दौरान मुख्यमंत्री आवास योजना समेत विकासखंड स्तर पर संचालित विभिन्न सरकारी योजनाओं की समीक्षा की गई। अधिकारियों ने ग्राम प्रधानों और क्षेत्र पंचायत सदस्यों को योजनाओं का लाभ पात्र लोगों तक पहुंचाने के निर्देश दिए।




मुख्य अतिथि हरेंद्र चौधरी ने कहा कि सरकार की प्राथमिकता है कि हर जरूरतमंद तक योजनाओं का लाभ पहुंचे। जनप्रतिनिधियों से योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन की अपील की गई। बैठक में भाजपा जिला महामंत्री हरिओम शर्मा, मंडल अध्यक्ष रोहित पवार, जिला मंत्री सोनू चाहाल, पंकज शर्मा, नकुल सिंह औलख सहित अन्य जनप्रतिनिधि और अधिकारी मौजूद रहे।

# गाड़ी अनियंत्रित होकर पेड़ से टकराई दो की मौत एक घायल

**समाज जागरण मुस्कान खान**

जनपद बिजनौर मडावर ।चालक को नींद की झप्पी लगने के कारण एक कार अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई जिसमे बैठे दो लोगों की मौत हो गई और एक घायल हो गया सुचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को अस्पताल में भर्ती कराया और दोनों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

राव सुल्तान पुत्र यासिन उम्र 54 वर्षीय निवासी सिकंदरपुर भैसवाल थाना भगवानपुर रुड़की राजा पुत्र राशीद उम्र 26 वर्षीय गांव करौदी थाना भगवानपुर और अजहरुद्दीन पुत्र मामुदीन निवासी कमालपुर टापू यमुनानगर हरियाणा तीनों लोग अपनी कार यू के 17 आर 9605 हरदोई से अपने घरों की और जा रहें थे।



जिसमें शनिवार की सुबह चार बजे के करीब जब उनकी कार थाना क्षेत्र मंडावर के गांव रानीपुर के पास पहुंची तो चालाक सुल्तान को नींद की झप्पी लगने के कारण गाड़ी अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खड़े एक पेड़ से टकरा गई, जिसमें राव सुल्तान पुत्र यासिन और राजा पुत्र राशीद की मौत हो गई और अजहरुद्दीन पुत्र मामुदीन घायल हो गया। सुचना पर मंडावर थाना प्रभारी पुलिस टीम के साथ वहां पहुंचे और घायल को जिला अस्पताल में भर्ती कराया और उन दोनों के शवों को कब्जे में लेकर पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

# साप्ताहिक बाजार से बाइक चोरी थाने में दी तहरीर

**दैनिक समाज जागरण**

संभल। असमोली थाना क्षेत्र के मनौटा में साप्ताहिक बाजार लगता है दबोई कला निवासी शिवराज सिंह का बेटा कोशिंदर अपनी बाइक से बाजार से सामान लेने गया था बाजार में बाइक खड़ी करने के बाद सामान लेने अंदर चला गया सामान लेने के बाद जैसे ही कोशिंदर अपनी बाइक को पास आया तो जहां बाइक खड़ी की थी वहां पर नहीं मिली तो उसके होश उड़ गए कोशिंदर ने आसपास बहुत तलाश की लेकिन बाइक का पता नहीं चला तब उसने अपने घर वालों को सूचना दी और कोशिंदर की परिजनों ने थाने में तहरीर देकर बाइक तलाश कर बरामद करने की मांग की है

# विश्व मलेरिया दिवस पर सीएचसी स्योहारा में जागरूकता का बिगुल, 2030 तक उन्मूलन का लिया संकल्प

**दैनिक समाज जागरण मुस्कान खान**

जनपद बिजनौर स्योहारा। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) स्योहारा में शनिवार को विश्व मलेरिया दिवस बड़े उत्साह और जागरूकता के साथ मनाया गया। इस दौरान पूरे स्वास्थ्य विभाग ने एकजुट होकर मलेरिया के खिलाफ जंग छेड़ने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में अधीक्षक डॉ. बी.के. स्नेही ने सभी चिकित्सकों और कर्मचारियों को मलेरिया उन्मूलन की शपथ दिलाई, जिससे पूरे परिसर में स्वास्थ्य जागरूकता का माहौल बन गया।



इस अवसर पर विशेष जागरूकता अभियान चलाया गया, जिसमें लोगों को गर्मियों के मौसम में तेजी से फैलने वाली मच्छरजनित बीमारियों से बचाव के उपाय बताए गए। डॉ. स्नेही ने कहा कि सरकार ने वर्ष 2030 तक मलेरिया उन्मूलन का लक्ष्य निर्धारित किया है और इसे हासिल करने के लिए स्वास्थ्य विभाग पूरी गंभीरता से काम कर रहा है।

उन्होंने बताया कि गर्मियों में मच्छरों की संख्या तेजी से बढ़ती है, जिससे मलेरिया समेत कई संक्रामक रोग फैलने का खतरा बढ़ जाता है। समय पर इलाज न मिलने पर मलेरिया जानलेवा भी साबित हो सकता है। इसलिए बुखार आने पर तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पर जाकर खून की जांच कराना बेहद जरूरी है, ताकि समय रहते सही उपचार मिल सके।

इस वर्ष विश्व मलेरिया दिवस की थीम ह्लमलेरिया खत्म करने की ओर झ्र अब हम कर सकते हैं, अब हमें करना ही होगाह्व रखी गई है, जिसके तहत स्वास्थ्य कर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। अभियान के दौरान बुखार से पीड़ित मरीजों की ब्लड स्लाइड बनाकर जांच की जाएगी और लोगों को मच्छरों से बचाव के प्रभावी उपाय भी बताए जाएंगे।

डॉ. स्नेही ने बताया कि मलेरिया के प्रमुख लक्षणों में ठंड लगकर बुखार आना, तेज सिरदर्द, शरीर में कंपन और बुखार उतरते समय अत्यधिक पसीना आना शामिल हैं। उन्होंने लोगों से अपील की कि अपने आसपास पानी जमा न होने दें और स्वच्छता बनाए रखें, क्योंकि यही मच्छरों की रोकथाम का सबसे प्रभावी तरीका है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि मलेरिया का इलाज सभी सरकारी अस्पतालों में पूरी तरह निःशुल्क उपलब्ध है, इसलिए किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतें।

इस मौके पर डॉ. हासिम, डॉ. प्रणव, डॉ. राकेश कुमार, हेल्थ सुपरवाइजर वीर सिंह, मोहम्मद फारूख, सुमित कुमार, धीरेन्द्र सिंह, उमेश कुमार, चित्रा, तुषार चंद्र, अमित कुमार, आलोक कुमार, एआरओ आलोक कुमार, फार्मासिस्ट योगेश, हरीश, प्रदीप रावत, बीपीएम शालिनी बिश्नोई, डीईओ राशि, अनम समेत अन्य स्वास्थ्यकर्मी मौजूद रहे।

# आलमपुर शराब ठेके पर समय से पहले बिक्री और ओवररेटिंग का आरोप

**नियमों की अनदेखी कर सुबह से ही शराब बिक्री का दावा, लोगों ने आबकारी विभाग से कार्रवाई की मांग की**

**समाज जागरण अजमल अंसारी**

किरतपुर/बिजनौर। किरतपुर-नगीना मार्ग स्थित आलमपुर के शराब ठेके पर समय से पहले और अधिक कीमत पर शराब बेचने के आरोप सामने आए हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि दुकान निर्धारित समय से पहले ही खुल जाती है और ओवररेट पर शराब बेची जा रही है, जिससे उपभोक्ताओं की जेब पर अतिरिक्त बोझ पड़ रहा है।

ग्रामीणों के अनुसार, शराब की दुकान का निर्धारित समय सुबह 10 बजे है, लेकिन यहां सुबह-सवेरे ही बिक्री शुरू हो जाती है। आरोप है कि 80 रुपये का पैकेट 100 रुपये में बेचा जा रहा है। लोगों का कहना है कि यह कार्य दुकान पर कार्यरत कर्मचारियों द्वारा ही किया जा रहा है।

स्थानीय निवासियों ने यह भी बताया कि कई बार दुकान का शटर बंद रहते हुए भी सामने लगे जाल के नीचे से शराब दी जाती है। कुछ मामलों में कर्मचारी बाइक पर आकर खुलेआम शराब बेचते देखे गए हैं। इससे क्षेत्र में अवैध बिक्री को बढ़ावा मिलने का आरोप लगाया जा रहा है।

ग्रामीणों ने चिंता जताई कि सुबह के समय शराब सेवन की प्रवृत्ति बढ़ रही है, जिससे युवाओं के स्वास्थ्य पर बुरा असर पड़ रहा है। कई परिवारों में सुबह-सुबह विवाद की स्थिति उत्पन्न हो रही है, क्योंकि कुछ युवक घर से निकलकर शराब का सेवन करने लगते हैं।

स्वास्थ्य विशेषज्ञों के अनुसार, खाली पेट शराब पीना अत्यंत हानिकारक होता है। इससे अल्कोहल तेजी से रक्त में अवशोषित होता है, जो लीवर पर गंभीर प्रभाव डाल सकता है। इसके कारण गैस्ट्राइटिस, सिरोसिस, ब्लड शुगर में गिरावट, चक्कर, उल्टी और बेहोशी जैसी समस्याएं हो सकती हैं।

स्थानीय लोगों ने आबकारी विभाग से मांग की है कि इस मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाए और यह सुनिश्चित किया जाए कि शराब की बिक्री केवल निर्धारित समय पर और तय दरों पर ही हो।

# थाना प्रभारी राकेश कुमार को मिली सफलता, चोर गिरफ्तार मामल भी बरामद

- एसपी अभिषेक झा के निर्देशन में मंडावली पुलिस का गुड वर्क
- थाना प्रभारी राकेश कुमार के नेतृत्व में एक के बाद एक घटना के खुलासे को लेकर क्षेत्र में सराहना हो रही है।

**दैनिक समाज जागरण**
**ब्यूरो शमीम सिद्दीकी**

जनपद बिजनौर मंडावली पुलिस ने ट्यूबवेल से केबल और स्टार्टर चोरी करने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर चोरी का माल तथा घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल बरामद करने में सफलता हासिल की है।

जानकारी के मुताबिक ग्राम प्रेमपुरी निवासी सुरेन्द्र कुमार पुत्र कान्हा ने थाना मंडावली में तहरीर देकर बताया था कि अज्ञात चोर उसके खेत स्थित ट्यूबवेल से करीब 4-5 मीटर केबल, एक एसकेएन कंपनी का स्टार्टर तथा तारों के छोटे टुकड़े चोरी कर ले गया है। तहरीर के आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी थी।




जांच के दौरान प्रकाश में आए आरोपी वसीम पुत्र रईस अहमद निवासी ग्राम शाहजहाँपुर जसरथ उर्फ पुण्डरी कला थाना मंडावली को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के कब्जे से प्लास्टिक के कट्टे में रखे केबल के कई टुकड़े, करीब 10 मीटर एल्युमीनियम का गोलाकार टुकड़ा, आधा खुला स्टार्टर तथा घटना में प्रयुक्त सुपर स्प्लेंडर मोटरसाइकिल बरामद की गई। बरामदगी के आधार पर पुलिस ने मुकदमे में संबंधित धाराओं की बढ़ोतरी कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। इस गिरफ्तारी में उपनिरीक्षक सोनू कुमार, उपनिरीक्षक दयानन्द, हेड कांस्टेबल जयवीर, कांस्टेबल राहुल कुमार एवं कांस्टेबल गौरव कुमार की टीम शामिल रही

# जिला अधिकारी और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने परीक्षा स्थल का किया निरीक्षण।

**समाज जागरण – ब्रजमोहन सिंह**

फिरोजाबाद। जिलाधिकारी रमेश रंजन ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आदित्य लांग्हे के द्वारा आज आयोजित हो रही होमगार्ड पुलिस की लिखित परीक्षा का स्थलीय निरीक्षण किया, इस दौरान उन्होंने दाऊ दयाल महिला डिग्री कॉलेज और एम0जी0 महिला पी0जी0 कॉलेज का निरीक्षण किया, जिलाधिकारी ने यहां पर स्थापित कंट्रोल रूम को बारीकी से देखा, सी0सी0टी0वी0 कैमरों की सक्रियता और निगरानी व्यवस्था को परखते हुए निर्देश दिए की यहां की हर गतिविधियों पर पैनी नजर रखी जाए, परीक्षा केन्द्रों के मुख्य द्वार पर अभ्यर्थियों की तलाशी और पहचान पत्र सत्यापन की व्यवस्था को देखा,



जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि गेट पर चेकिंग के दौरान किसी भी प्रकार की शीथिलता न बरती जाए और वर्जित सामग्री को पूरी तरह से रोका जाए।

जिलाधिकारी के द्वारा अभ्यर्थियों के लिए बैठने की व्यवस्था, पेयजल व्यवस्था और अन्य मूलभूत सुविधाओं का अवलोकन किया, जिलाधिकारी ने केंद्र व्यवस्थापकों को निर्देशित किया कि शासन की मंशा के अनुरूप परीक्षा की सुचिता बनाए रखना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आदित्य लांग्हे ने सुरक्षा ड्यूटी पर तैनात पुलिस बल को मुस्तैद और यातायात व्यवस्था को दुरुस्त करने के निर्देश दिए।

# बन्द मकान में जुआ खेलते 06 जुआरियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**समाज जागरण – ब्रजमोहन सिंह**

फिरोजाबाद। थाना टूण्डला पुलिस टीम द्वारा थाना क्राइज दा किंग कालेज के पास बन्द मकान मे जुआ खेलते हुए 06 अभियुक्त को गिरफ्तार किया है जिनके कब्जे से 52 ताश के पत्ते, 77490 रू0 नगद, 07 मोबाइल फोन, 03 मोटरसाईकिल बरामद की है।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आदित्य कुमार लांग्हे द्वारा जनपद में अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के अनुपालन में अपर पुलिस अधीक्षक नगर के पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी टूण्डला के कुशल नेतृत्व में थाना टूण्डला पुलिस टीम मुखबिर खास की सूचना पर क्राइज दा किंग कालेज के पास आकाश पुत्र सुभाषचन्द्र निवासी मोहल्ला पत्थर गली थाना एत्मादपुर जनपद आगरा




के बन्द मकान में जुआ खेलते हुए 06 अभियुक्त 1. अफसर उर्फ रानू पुत्र असगर 2. आरिफ पुत्र भोलन कुरैशी 3. खलील पुत्र सकुर 4. इकरार पुत्र सुल्तान 5. अंकुश पुत्र ग्याप्रसाद 6. आकाश पुत्र सुभाषचन्द्र को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके कब्जे से 52 ताश के पत्ते, 77490 रू0 नगद, 07 मोबाइल व 03 मोटरसाईकिल बरामद की है । गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर थाना टूण्डला पर धारा 112 बीएनएस व ३ सार्वजनिक जुआ अधिनियम 1867 पंजीकृत कर आवश्यक विधिक कार्यवाही कर न्यायालय में पेश किया है।

# मलेरिया मुक्त भारत का संकल्प, पूरा इलाज जरूरी-सीएमएस

**समाज जागरण**

शिकोहाबाद। जिला संयुक्त चिकित्सालय में मुख्य चिकित्सा अधीक्षक की अध्यक्षता में शनिवार को विश्व मलेरिया दिवस मनाया गया। इस दौरान स्टाफ और तीमारदारों को मलेरिया के लक्षण और उसकी रोकथाम और बचाव के उपाय बताए।



जिला संयुक्त चिकित्सालय में विश्व मलेरिया दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया। मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ रमेश चन्द केशव की उपस्थिति में आयोजित गोष्ठी में मलेरिया से बचाव के आसान उपाय बताए गए। थीम मलेरिया को समाप्त करने का दृढ़ संकल्प रहा। सीएमएस ने बताया कि मलेरिया के प्रमुख लक्षणों में तेज बुखार, ठंड लगना व कमजोरी शामिल हैं। बचाव के लिए साफ पानी जमा न होने दें, मच्छरदानी का उपयोग करें व कोइल.लिक्विड स्प्रे लगाएं। मच्छरों के पनपने पर रोक लगाने हेतु गड्ढों में ब्लीच पाउडर डालें। शीघ्र जांच कराएं व दवा का पूरा कोर्स लें.लक्षण समाप्त होने पर भी बीच में न छोड़ें। इस दौरान चिकित्सालय प्रबंधक डॉ शाने आलम,डॉ अंकिता, एनसीडी काउंसलर साक्षी,स्टाफ नर्स प्रीति, चिकित्सा अधिकारी व सिक्योरिटी गार्ड उपस्थित रहे।

# उर्वरक आपूर्ति पर केंद्र का दावा—देश में पर्याप्त स्टॉक, कमी की खबरें निराधार

**समाज जागरण**

नई दिल्ली। उर्वरक विभाग ने एक बार फिर स्पष्ट किया है कि भारत में उर्वरकों की उपलब्धता पूरी तरह मजबूत, स्थिर और सुव्यवस्थित है। विभाग के अनुसार देश में सभी प्रमुख उर्वरकों का भंडार आवश्यकता से अधिक है और कमी की खबरें पूरी तरह निराधार हैं। हाल ही में समाप्त रबी 2025-26 सीजन और वर्तमान अवधि के आंकड़े भी इस बात की पुष्टि करते हैं कि देशभर में उर्वरकों की आपूर्ति पर्याप्त और सुरक्षित बनी हुई है।

आंकड़ों के अनुसार, अक्टूबर 2025 से मार्च 2026 तक रबी सीजन में उर्वरकों की उपलब्धता मांग से काफी अधिक रही। यूरिया की उपलब्धता 257.59 एलएमटी रही, जबकि आवश्यकता 196.06 एलएमटी थी। डीएपी 75.40 एलएमटी उपलब्ध रहा, जबकि जरूरत 53.43 एलएमटी थी। इसी प्रकार एमओपी 19.64 एलएमटी (आवश्यकता 15.69 एलएमटी), एनपीके 117.44 एलएमटी (आवश्यकता 82.38 एलएमटी) और एसएसपी 50.10 एलएमटी (आवश्यकता 31.19 एलएमटी) उपलब्ध रहा। इससे स्पष्ट है कि सभी पोषक तत्वों की श्रेणियों में आपूर्ति मांग से अधिक रही।

चालू वित्त वर्ष 2026-27 की शुरूआत में भी यही स्थिति बनी हुई है। 1 अप्रैल से 23 अप्रैल 2026 के बीच यूरिया की उपलब्धता 69.33 एलएमटी रही, जबकि आवश्यकता केवल 18.17 एलएमटी थी। डीएपी 22.78 एलएमटी (आवश्यकता 5.90 एलएमटी), एमओपी 8.32 एलएमटी (आवश्यकता 1.73 एलएमटी), एनपीके 52.75 एलएमटी (आवश्यकता 7.46 एलएमटी) और एसएसपी 25.60 एलएमटी (आवश्यकता 3.30 एलएमटी) उपलब्ध रहा। यह आगामी खरीफ सीजन के लिए मजबूत शुरूआती स्थिति को दशार्ता है।

खरीफ 2026 के लिए कुल आवश्यकता 390.54 एलएमटी आंकी गई है, जिसमें से लगभग 180 एलएमटी (करीब 46 प्रतिशत) पहले से ही प्रारंभिक स्टॉक के रूप में उपलब्ध है। यह पिछले वर्षों के मुकाबले अधिक है और बेहतर योजना, अग्रिम भंडारण तथा कुशल लॉजिस्टिक्स प्रबंधन को दशार्ता है। उर्वरकों की निर्बाध उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए राज्यों के कृषि विभाग और अधिकारी लगातार समन्वय में काम कर रहे हैं। जिलों में उर्वरकों की आपूर्ति और वितरण की निगरानी की जा रही है। साथ ही जमाखोरी, कालाबाजारी और हेराफेरी पर सख्त कार्रवाई के निर्देश भी दिए गए हैं, ताकि किसानों तक समय पर उर्वरक पहुंच सके।

वैश्विक स्तर पर भी सरकार सक्रिय है। विदेशों में स्थित भारतीय दूतावास वैकल्पिक आयात स्रोत सुनिश्चित करने में सहयोग कर रहे हैं। इसके अलावा वैश्विक निविदाओं के माध्यम से लगभग 25 एलएमटी यूरिया की आपूर्ति सुनिश्चित की गई है। घरेलू उत्पादन के लिए प्राकृतिक गैस की उपलब्धता भी सुनिश्चित की गई है, जिससे उर्वरक संयंत्रों का संचालन सुचारु बना हुआ है। गौरतलब है कि अंतरराष्ट्रीय बाजार में यूरिया की कीमतें 4,000 रुपये प्रति बोरी से अधिक हो चुकी हैं, इसके बावजूद सरकार किसानों को 45 किलोग्राम की बोरी मात्र 266.5 रुपये की रियायती दर पर उपलब्ध करा रही है। यह कदम किसानों को वैश्विक मूल्य वृद्धि के प्रभाव से बचाने की दिशा में महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

# अपनापन, एकता और स्नेह की मिसाल बनी महिला शक्ति की जनरल मीट

## स्कूल थीम पर सजी शाम, सांस्कृतिक गतिविधियों और प्रतियोगिताओं ने बढ़ाया उत्साह

**समाज जागरण**

फिरोजाबाद। जायंट्स ग्रुप ऑफ फिरोजाबाद झ्र महिला शक्ति Fed-5 Unit-8 द्वारा स्कूल थीम पर आधारित जनरल मीट का आयोजन फिरोजाबाद क्लब में सायं 4 बजे से किया गया। कार्यक्रम में सभी सदस्यों की उत्साहपूर्ण भागीदारी ने संस्था की एकता, रचनात्मकता और आपसी सहयोग को दशार्या।

कार्यक्रम की शुरूआत निर्धारित समयानुसार हुई, जिसमें सभी सदस्य स्कूल थीम ड्रेस कोड में उपस्थित हुए। डायस टीम एवं फेडरेशन टीम स्काई ब्लू साड़ी में आकर्षक दिखीं, वहीं अन्य सदस्य सफेद और नीले परिधान में एक चोटी के साथ स्कूल थीम को जीवंत करते नजर आए।

इस अवसर पर आयोजित हाउसी गेम और एक्ट परफॉर्मेंस ने सभी का भरपूर मनोरंजन किया। एक्ट के माध्यम से यह संदेश दिया गया कि नए सदस्य शुरूआत में संकोच




महसूस करते हैं, लेकिन समय के साथ यही संकोच अपनापन बन जाता है और सदस्य एक परिवार की तरह जुड़ जाते हैं।

टिफिन प्रतियोगिता में सदस्यों ने अपनी पाक कला का शानदार प्रदर्शन किया, जबकि स्वादिष्ट व्यंजनों ने कार्यक्रम का आनंद दोगुना कर दिया। अंत में आयोजित मेडिटेशन सेशन ने सभी को मानसिक शांति और सकारात्मक ऊर्जा प्रदान की।

**प्रतियोगिता परिणाम:**

टिफिन (किचन) प्रतियोगिता में प्रथम स्थान दीपा अग्रवाल, द्वितीय रश्मि अग्रवाल और तृतीय पूनम अग्रवाल ने प्राप्त किया। एक्ट में लिपिका अग्रवाल, शीनू अग्रवाल, पूर्णिमा बघेल और डिंपल जैन ने भाग लिया। फेवरेट स्टूडेंट का खिताब रेनू अरोड़ा और ऋचा गुप्ता को मिला, जबकि फ्रेशर के रूप में डिंपल जैन को सम्मानित किया गया। पंक्चुअलिटी अवार्ड सोनिया शर्मा और रेखा गुप्ता को प्रदान किया गया।

कार्यक्रम में सौम्या चौहान, यूनिट डायरेक्टर प्राची अग्रवाल, प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर कल्पना राजौरिया, अनु बंसल एवं फेडरेशन ऑफिसर रश्मि अग्रवाल की गरिमामयी उपस्थिति रही।

इस आयोजन को सफल बनाने में एकता मित्तल, शीनू अग्रवाल, मोनिका रानीवाला और मोनिका गर्ग का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम अध्यक्ष सीमा अग्रवाल, प्रशासनिक निदेशक दीपाली सिंघल, वित्त निदेशक गौरी बंसल एवं सभी डायस सदस्यों के कुशल नेतृत्व में संपन्न हुआ।

समग्र रूप से यह जनरल मीट न केवल मनोरंजक रही, बल्कि इसने संस्था के सदस्यों के बीच आपसी संबंधों को और मजबूत किया और नए सदस्यों को भी अपनापन व सम्मान का एहसास कराया।

# भूटान में बीआरओ की प्रोजेक्ट दन्तक का 66वां स्थापना दिवस मनाया गया

सीमा सड़क संगठन (बीआरओ) की प्रतिष्ठित परियोजना प्रोजेक्ट दन्तक ने थिम्पू में अपना 66वां स्थापना दिवस उत्साह और गरिमा के साथ मनाया। वर्ष 1961 में शुरू हुई इस परियोजना ने भूटान में 65 वर्षों की निरंतर सेवा का महत्वपूर्ण पड़ाव भी पूरा कर लिया है।

यह अवसर भारत और भूटान के बीच मजबूत और दीर्घकालिक साझेदारी का प्रतीक माना जाता है। स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में अंतर-विद्यालय प्रश्नोत्तरी, उत्कृष्ट कर्मियों का सम्मान और शहीद वीरों को श्रद्धांजलि जैसे कई कार्यक्रम आयोजित किए गए।



**भूटान के विकास में अहम भूमिका**

प्रोजेक्ट दन्तक ने भूटान में पहली मोटर योग्य सड़क के निर्माण से लेकर आधुनिक बुनियादी ढांचे के विकास तक महत्वपूर्ण योगदान दिया है। इस परियोजना के तहत 1500 किलोमीटर से अधिक सड़कों का निर्माण किया गया है, जिसमें प्रमुख ईस्ट-वेस्ट हाईवे शामिल है, जो देश के पूर्वी और पश्चिमी हिस्सों को जोड़ता है।

इसके अलावा, परियोजना ने फुंटशोलिंग-थिम्पू राजमार्ग, पारो और योंगफुला हवाई अड्डों के निर्माण में भी अहम भूमिका निभाई है। साथ ही पुलों, अस्पतालों, स्कूलों, दूरसंचार नेटवर्क और जलविद्युत परियोजनाओं के विकास में भी योगदान दिया है।

**आधुनिकीकरण और कनेक्टिविटी पर फोकस**

हाल के वर्षों में दन्तक ने सड़क चौड़ीकरण और आधुनिकीकरण पर विशेष ध्यान दिया है। समद्रुप जोंगखार-त्राशिगांग मार्ग सहित कई महत्वपूर्ण सड़कों को दो-लेन में अपग्रेड किया गया है, जिससे यात्रा समय में कमी और सुरक्षा में वृद्धि हुई है। प्राकृतिक आपदाओं जैसे भूस्खलन के दौरान भी इस परियोजना ने तेजी से सड़कों को बहाल कर अपनी दक्षता और विश्वसनीयता साबित की है।

**भारत-भूटान मैत्री का प्रतीक**

नरेन्द्र मोदी के भूटान दौरे (नवंबर 2025) के दौरान भी दोनों देशों ने आपसी सहयोग को और मजबूत करने की प्रतिबद्धता जताई थी। प्रोजेक्ट दन्तक दशकों से इसी विश्वास, सहयोग और साझा विकास का सशक्त प्रतीक बना हुआ है।

# सीसीआईसी ने सोल थ्रेड्स हेरिटेज कलेक्शन लॉन्च किया, भारतीय शिल्प विरासत को मिला नया मंच

नई दिल्ली। केंद्रीय कुटीर उद्योग निगम (सीसीआईसी) ने अपनी पुनरुद्धार यात्रा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए सोल थ्रेड्स नामक अपना पहला हेरिटेज डिजाइनर कलेक्शन लॉन्च किया है। यह पहल भारत की समृद्ध शिल्प और वस्त्र परंपरा को आधुनिक अंदाज में प्रस्तुत करने का एक प्रयास है। यह विशेष प्रदर्शनी 24 अप्रैल से 10 मई 2026 तक जवाहर व्यापार भवन स्थित सीसीआईसी के प्रमुख शोरूम में आयोजित की जा रही है। प्रदर्शनी में देशभर की उत्कृष्ट शिल्प परंपराओं का चयनित संग्रह प्रदर्शित किया गया है, जिसमें पारंपरिक साड़ियाँ, डिजाइनर परिधान, हस्तशिल्प आभूषण और गृह सज्जा उत्पाद शामिल हैं।

कार्यक्रम का उद्घाटन नीलम शमी राव, सचिव (वस्त्र), द्वारा किया गया। इस अवसर पर रोहित कंसल, डॉ. एम. बीना, अमृत राज, अखिलेश कुमार तथा कमोडोर राजीव अशोक सहित कई वरिष्ठ अधिकारी और गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे।

उद्घाटन सत्र के दौरान कलेक्शन की झलक प्रस्तुत की गई, जिसके बाद एक आकर्षक फैशन शो आयोजित किया गया। इस कलेक्शन में पारंपरिक भारतीय वस्त्र शिल्प को समकालीन डिजाइन और सौंदर्यबोध के साथ जोड़ा गया है, जिससे यह आधुनिक ग्राहकों के लिए भी आकर्षक बनता है।

कार्यक्रम के दौरान लोक कलाकारों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से भारत की विविधता और सांस्कृतिक समृद्धि को जीवंत किया। ह्यसोल थ्रेड्सह्न का मुख्य उद्देश्य डिजाइनरों, शिल्पकारों और कलाकारों को एक मंच प्रदान करना है, साथ ही देश की पारंपरिक कला और शिल्प को संरक्षित और प्रोत्साहित करना है।

सीसीआईसी की यह पहल न केवल भारतीय हस्तशिल्प को बढ़ावा देगी, बल्कि वोकल फॉर लोकल और मेक इन इंडिया जैसे अभियानों को भी मजबूती प्रदान करेगी।

# सलीम वास्तविक को अपहरण और हत्या के मामले में दिल्ली पुलिस ने किया गिरफ्तार

**समाज जागरण**

शामली।(फुरकान जंग)ढाई दशक से हत्या के मामले में फरार चल रहे मोहल्ला नंनूपुरा निवासी सलीम वास्तविक को गाजियाबाद पुलिस ने आखिरकार गिरफ्तार कर लिया है। सलीम को 1995 में दिल्ली के गोकलपुरी इलाके से 13 वर्षीय संदीप बंसल के अपहरण और हत्या के मामले में वांछित किया गया था। इस गिरफ्तारी ने शामली में एक हलचल मचाई, क्योंकि सलीम ने लंबे समय तक अपनी पहचान बदलकर रहना शुरू कर दिया था और कोई भी उसे पहचान नहीं पा रहा था।

सलीम, जो कि शामली के मोहल्ला नंनूपुरा के नूर मोहम्मद का बेटा है। 1995 में दिल्ली के गोकलपुरी से संदीप बंसल का अपहरण कर उसकी बेरहमी से हत्या कर दी थी। 1997 में अदालत ने उसे इस मामले में आजीवन कारावास की सजा सुनाई थी। हालांकि, वह 2000 में जमानत पर जेल से बाहर आया और फरार हो गया। इसके बाद से उसकी तलाश लगातार जारी थी, लेकिन वह अपनी पहचान छुपाने में कामयाब रहा। सलीम ने अपनी पहचान छिपाने के लिए धर्म परिवर्तन किया और खुद को सलीम वास्तविक नाम से प्रस्तुत किया। इसके अलावा, उसने



अपनी पहचान बदलने के लिए समाज में एक्स-मुस्लिम के रूप में पेश होना शुरू कर दिया। यह कदम उसे पुलिस और समाज से पूरी तरह से छिपने में मदद करता रहा। इसके बाद वह विभिन्न स्थानों पर रहता रहा और पुलिस उसकी खोज में जुटी रही। इस शातिर बदमाश की गिरफ्तारी से शामली के लोग भी चकित हैं, क्योंकि यह अब एक लंबी अवधि तक छिपा रहा था और उसके परिवार के सदस्य भी अब तक उसकी गतिविधियों से अनजान थे। सलीम के दो भाई मुजफ्फर और जहीर का परिवार भी यहीं शामली में रहता है, और उसके पास एक खाली मकान भी है। इसके अलावा उसकी दो बहनें भी हैं, जिनमें से एक की शादी दिल्ली और दूसरी की देवबंद में हुई है। मार्च 2026 में अमरोहा के दो सगे भाइयों ने सलीम पर जानलेवा हमला किया था, जिसके बाद पुलिस ने उन्हें एनकाउंटर में मार गिराया था। इस हमले के बाद सलीम अस्पताल में इलाज करवा रहा था, और उसी समय पुलिस ने उसकी गिरफ्तारी की। अब

सलीम वास्तविक की गिरफ्तारी के बाद पुलिस और समाज के सामने यह एक बड़ा सवाल बन गया है कि कैसे वह इतने लंबे समय तक कानून से बचता रहा। गाजियाबाद पुलिस की इस सफलता को लेकर शामली के लोग आश्चर्यचकित हैं, और इस मामले ने इलाके में चर्चा का विषय बना दिया है।

# भगवान की प्रतिमाओं की निकाली गई परिक्रमा

**समाज जागरण**

शामली।(फुरकान जंग) शहर के मोहल्ला दयानंदनगर में श्री दुर्गा प्रसाद मैमोरियल स्मारक समिति द्वारा शिव मंदिर में चल रही प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव में शनिवार को भगवान की प्रतिमाओं की भव्य नगर परिक्रमा निकाली गई। परिक्रम में कलश लिए महिलाऐं और ढोल नगाडे शामिल रहे। नगर परिक्रमा का अनेकों स्थानों पर फूल मालाओं से स्वागत किया गया। शनिवार को दयानंदनगर स्थित शिव मंदिर में मुख्य अतिथि के रूप में पालिका चेयरमैन अरविन्द संगल व सभासद सेठपाल जांगिड रहे। मंदिर परिसर में पहले हवन यज्ञ हुआ, जिसके बाद पूजा अर्चना की गई। बाद में मंदिर प्रांगण से श्री दुर्गा प्रसाद मैमोरियल स्मारक समिति द्वारा भगवान शिव की प्रतिमा की नगर परिक्रमा निकाली गई, जो अजंता चौक, फव्वारा चौक, वीवी इंटर



कालेज रोड, हनुमान रोड से होते हुए संपन्न हुई। नगर परिक्रमा निकाली गई। जिसका अनेकों स्थानों पर भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान महिलाऐं सिर पर कलश लेकर चल रही थी। उसके साथ ढोल नगाडे शामिल थे। रविवार को मूर्तियों की स्थापना के साथ ही विशाल भंडारे का आयोजन किया जायेगा। इस अवसर पर अध्यक्ष श्रवण कुमार, प्रबंधक प्रमोद कुमार संगल, कोषाध्यक्ष संजीव कुमार संगल, कुलदीप वशिष्ठ, विनोद कुमार, नितिन संगल, वीके मित्तल, पवन संगल, गुलशन राय, तुषार संगल आदि मौजूद रहे।

## योगासन, प्राणायाम और ध्यान सत्र का आयोजन

**समाज जागरण**

शामली।(फुरकान जंग) दिव्य योग संस्थान ट्रस्ट द्वारा शनिवार को शामली नगर पालिका की ऊपरी मंजिल पर योगासन, प्राणायाम और ध्यान सत्र का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में सभी योग साधकों ने भाग लिया और योग के लाभों का अनुभव किया। इसके पश्चात संस्थान के सदस्य और योग साधकों ने भीषण गर्मी में पक्षियों की प्यास बुझाने के लिए मिटटी के बर्तन



रखकर पानी रखा। शनिवार को पक्षियों के संरक्षण कार्यक्रम में संस्थान के अध्यक्ष जितेंद्र शर्मा और अन्य पदाधिकारियों द्वारा कार्यक्रम का उद्घाटन किया गया। उद्घाटन के बाद, सभी उपस्थित लोगों ने संकल्प लिया कि वे अपनी छतों पर भी पक्षियों के लिए पानी और दाना रखेंगे। जितेन्द्र शर्मा ने कहा कि यह कार्यक्रम संस्थान द्वारा मानवता की सेवा में चलाए जा रहे है। गौ संरक्षण, पर्यावरण संरक्षण, रक्तदान आदि के कार्य भी संस्थान कर रहा है। इस तरह के कार्य समाज में एक सकारात्मक संदेश फैलाने के साथ-साथ प्रकृति और जीव-जंतुओं के प्रति हमारी जिम्मेदारी को भी प्रकट करते हैं।मौक पर ऋषिपाल गोयल, अजय शर्मा, अरविंद मलिक, सुभाष चंद्र शर्मा, रविंद्र सिंह, रामकुमार, अजय कुमार, जयपाल सिंह, घनश्याम कनकरवाल, अक्षय मलिक, कविता गुप्ता, उषा सिंह, शिक्षा शर्मा, पूनम शर्मा, रेखा शर्मा आदि मौजूद रहे।

# आलोचनात्मक एवं सृजनात्मक चिंतन प्रशिक्षण कार्यक्रम

**समाज जागरण**

शामली।(फुरकान जंग)शहर के रॉक गोल्ड एकेडमी में शनिवार को आलोचनात्मक एवं सृजनात्मक चिंतन विषय पर संवाद आधारित प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। यह कार्यक्रम 25 घंटों का है और इसे दो दिवसीय रूप में आयोजित किया जा रहा है।

कार्यक्रम के पहले दिन में रॉक गोल्ड एकेडमी के शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। साथ ही बाहरी विद्यालयों के कई शिक्षक और शिक्षिकाएं भी इस कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। कार्यक्रम के रिसोर्स पर्सन के रूप में डॉ. शीलू सिंह भाटिया और प्रधाना चार्या अलोना सिंगला ने प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत प्रभावी शिक्षण



पद्धतियों और संवाद कौशल पर विशेष प्रशिक्षण प्रदान किया। प्रथम दिवस में शिक्षकों को शिक्षा और प्रशिक्षण से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी दी गई और उन्हें नवीनतम तकनीकों से अवगत कराया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम से शिक्षकों को अत्यधिक लाभ हुआ और वे आगामी सत्रों के लिए उत्साहित दिखे। इस अवसर पर प्रबंधक शिखर गोयल, सुनील गोयल आदि मौजूद रहे।

## कड़ी सुरक्षा के बीच हुई होमगार्ड पदो की लिखित परीक्षा

**समाज जागरण**

शामली।(फुरकान जंग) उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं पदोन्नति बोर्ड लखनऊ द्वारा जिले में 11 परीक्षा केन्द्रों पर आयोजित होमगाड्र्स के पदों पर एनरोलमेंट-2025 की तीन दिवसीय लिखित परीक्षा शनिवार को पहले दिन कडी सुरक्षा व्यावस्था के बीच संपन्न हुई। परीक्षार्थियों को थर्मल स्कैनिंग के बाद तलाशी लेने के बाद प्रवेश दिया। इस दौरान परीक्षा केन्द्रों से 100 मीटर के दायरों में अनावश्यक रूप से किसी भी व्यक्ति को आने जाने नही दिया गया।

शनिवार को होमगाड्र्स के पदों पर एनरोलमेंट-2025 की तीन दिवसीय लिखित परीक्षा सवेरे 9 से दोपहर 12 बजे तक हुई। जबकि द्वितीय पाली में तीन बजे से शामली 5 बजे परीक्षा आयोजित की गई। यह परीक्षा 25, 26 और 27 अप्रैल 2026 को तीन दिनों तक दो पालियों में आयोजित की जाएगी। परीक्षा केंद्रों पर शांतिपूर्वक और निर्विघ्न परीक्षा संचालन को सुनिश्चित करने के लिए नवागत डीएम आलोक यादव और



एसपी नरेन्द्र प्रताप सिंह ने परीक्षा के पहले दिन विभिन्न परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया। उन्होने थानाभवन स्थित किसान इंटर कॉलेज, लाला लाजपत राय इंटर कॉलेज और लाला लाजपत राय कन्या इंटर कॉलेज का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने केंद्रों पर की गई व्यवस्थाओं का जायजा लिया और परीक्षा केंद्रों में कंट्रोल रूम, सीसीटीवी कैमरे, और परीक्षा कक्षों में व्यवस्थाओं को देखा। डीएम आलोक यादव ने ड्यूटी पर तैनात अधिकारियों को परीक्षा के संचालन में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतने के लिए कड़े निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों से प्रत्येक स्तर पर सतर्कता बनाए रखने और परीक्षा को पूरी मुस्तैदी से सुचारू रूप से संपन्न कराने का आह्वान किया। पहले दिन परीक्षा दोनों पालियों में शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुई। इस दौरान एएसपी सुमित शुक्ला, एडीएम सत्येन्द्र सिंह सहित सभी एसडीएम और सीओ अपने अपने क्षेत्रों में भ्रमणशील रहे। निरीक्षण के दौरान एसडीएम शामली निधि भारद्वाज, तहसीलदार शामली मनोज कुमार उपस्थित रहे।

## नवनियुक्त जिलाधिकारी ने किया चार्ज ग्रहण,

**समाज जागरण**

शामली।(फुरकान जंग)नवागत डीएम आलोक यादव ने गत शुक्रवार की देर रात तहसील शामली में पहुंचकर कोषागार के डबल लॉक में महत्त्वपूर्ण अभिलेखों पर हस्ताक्षर करते हुए आधिकारिक रूप से चार्ज ग्रहण किया। इस अवसर पर उनके साथ अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व सत्येन्द्र



सिंह, एसडीएम शामली निधि भारद्वाज, एसडीएम कैराना शिवाजी यादव, एसडीएम ऊन विनय प्रताप सिंह भदौरिया, डिप्टी कलेक्टर हामिद हुसैन, वरिष्ठ कोषाधिकारी धीरज कुमार, तहसीलदार शामली मनोज कुमार, नायब तहसीलदार गोरव, सहायक कोषाधिकारी तालेवर सिंह और लेखाकार सुनील कुमार सहित अन्य अधिकारी भी उपस्थित थे। इस अवसर पर नवागत जिलाधिकारी ने अपने कार्यभार को संभालते हुए प्रशासनिक कार्यों में तत्परता और पारदर्शिता बरतने का संकल्प लिया। उन्होंने कहा कि जिले के विकास और जनता की सेवा में उनका पूरा प्रयास रहेगा।

## विश्व मलेरिया दिवस पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन

**समाज जागरण**

शामली।(फुरकान जंग)शहर के सेंट आरसी कान्वेंट स्कूल में शनिवार को विश्व मलेरिया दिवस के अवसर पर एक निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में लगभग 200 विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और मलेरिया के कारण, इसके रोकथाम और बचाव के उपायों पर अपने विचार व्यक्त किए।

विद्यालय की मैनेजर मीनू संगल ने कार्यक्रम की शुरूआत करते हुए विद्यार्थियों को मलेरिया के बारे में जागरूक किया। उन्होंने बताया कि मलेरिया मादा एनोफिलीज मच्छर के काटने से फैलने वाली एक गंभीर बीमारी है, जो आज भी दुनिया भर में लाखों लोगों को प्रभावित कर रही है। कहा कि हमें यह संकल्प लेना चाहिए कि हम अपने आसपास स्वच्छता बनाए रखें, कहीं भी गंदा पानी इकट्ठा न होने दें, पूरे शरीर को ढकने वाले कपड़े पहनें और मच्छरदानी का उपयोग करें, ताकि




हम मलेरिया से खुद को और दूसरों को सुरक्षित रख सकें। प्रधानाचार्या उजमा जैदी ने कहा कि विश्व मलेरिया दिवस मनाने का मुख्य उद्देश्य जागरूकता फैलाना और लोगों को मलेरिया के लक्षणों एवं बचाव के उपायों के बारे में जानकारी देना है। उन्होंने विद्यार्थियों से अपील की कि वे अपने परिवार, दोस्तों और समाज के अन्य लोगों को भी मलेरिया से बचाव के प्रति जागरूक करें और इस दिशा में सकारात्मक कदम उठाएं। निबंध प्रतियोगिता में कक्षा 8 के छात्र आरवि चौधरी ने प्रथम, पलक गोस्वामी ने द्वितीय और वाणी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

## तीन दिवसीय इंटर हाउस क्रिकेट प्रतियोगिता का शानदार शुभारंभ

**समाज जागरण**

शामली।(फुरकान जंग) शनिवार को बीएसएम स्कूल में तीन दिवसीय इंटर हाउस क्रिकेट प्रतियोगिता का शानदार शुभारंभ हुआ। पहले दिन कक्षा 3 से कक्षा 5 तक के विद्यार्थियों के बीच रोमांचक मुकाबले हुए। नन्हे खिलाड़ियों ने अपनी अद्भुत क्रिकेट प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

प्रतियोगिता को तीन श्रेणियों में आयोजित किया जा रहा है। पहले दिन कक्षा 3 से 5 तक के छात्रों ने भाग लिया, दूसरे दिन कक्षा 6 से 8 तक के छात्रों की प्रतियोगिता होगी, जबकि तृतीय दिन कक्षा 9 से 12 तक के छात्रों के बीच मुकाबले होंगे। प्रधानाचार्य राहुल चौधरी, मैनेजर छाया सिंह, चेयरमैन सूर्यवीर सिंह और उप प्रधानाचार्या आशु पंडित द्वारा छात्रों का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें खेल भावना, अनुशासन और टीम वर्क के महत्व को समझाया।



पहले दिन के मुकाबले में अवेंजर्स हाउस और वॉरियर्स हाउस के बीच कड़ा मुकाबला हुआ। अवेंजर्स हाउस ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 8 ओवर में 52 रन बनाए, जबकि वॉरियर्स हाउस ने अंतिम ओवर की आखिरी गेंद पर 2 रन बनाकर रोमांचक जीत हासिल की। दूसरे मैच में इनोवेटर हाउस और एक्सप्लोरर हाउस आमने-सामने थे। एक्सप्लोरर हाउस ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 8 ओवर में 73 रन बनाए, जबकि इनोवेटर हाउस 28 रन ही बना सका। फाइनल मुकाबला एक्सप्लोरर हाउस और वॉरियर्स हाउस के बीच हुआ। एक्सप्लोरर हाउस ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 8 ओवर में 71 रन बनाए, जबकि वॉरियर्स हाउस 30 रन ही बना सका। इस प्रकार, एक्सप्लोरर हाउस ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया।

# सडक पर बिखरे नोटों के मालिक को ढूंढ कर पुलिस ने लाखों रुपए वापस दिए

**समाज जागरण**

शामली।(फुरकान जंग) गत तीन दिन पूर्व काबडौल पुल के निकट बाईपास के निकट हाईवे पर बिरखे मिले चार लाख रूपयों को बरामद करते हुए शहर कोतवाली पुलिस ने युवक को सुपुर्द कर दिया है। पुलिस ने बरामद रूपयों की बैंक से डिटेल निलालकर पूरी जांच कराई, जिसके बाद ही युवक को रुपए लौटाये गए है। युवक बैंक से 35 लाख रुपए की रकम निकालकर अपने गांव जा रहा था और रास्ते में बैंग की चैन खुल जाने से चार लाख रुपए निकल गए थे। शनिवार को शहर कोतवाली



में प्रेसवार्ता के दौरान एसपी एनपी सिंह ने बताया कि गत 22 अप्रैल को काबडौत पुल के निकट हाईवे पर थाना क्षेत्र फुगाना निवासी अमित कुमार को एक बाइक सवार के बैंग से निकलकर सडक पर गिर रहे रुपए पडे मिले। जिसने डायल 112 पुलिस को फोन कर उक्त रुपए के बारे में जानकारी दी। सूचना मिलने के बाद उनि मुकेश कुमार दिनकर मौके पर पहुंचे। वहां सड़क पर बिखरे हुए नोटों की गड्डियां पाई गईं, जिनमें कुल चार लाख रुपये थे। इन नोटों को पुलिस ने सुरक्षित कर लिया और उच्च अधिकारियों को सूचना देते हुए नियमानुसार थाना पर दाखिल किया। इसके बाद शनिवार को विद्यासागर पुत्र महेन्द्र कुमार निवासी नगला रोडान, थाना कुंजपुरा जिला करनाल ने थाना पर आकर उक्त नोटों की शिनाख्त की और बताया कि यह रुपये उसकी हैं। विद्यासागर ने इन रुपये की सुपुर्दगी की इच्छा जाहिर की। इसके बाद पुलिस ने बैंक से निकाले गए रूपयों की जानकारी ली। विद्यासागर ने बताया कि वह अपने पार्टनर शिवम के साथ पेनियर बाई का रिटेलर है और उनकी कम्पनी के साथ उसका टाई-अप है। 22 अप्रैल को उसने अपनी 35 लाख रुपये की रकम निकालकर इसे अपने पार्टनर के भाई शुभम को दिया था, ताकि यह रकम विभिन्न बैंकों में जरूरत के हिसाब से जमा की जा सके। रास्ते में जब शुभम ग्राम कुरालसी से लौट रहा था, तब काबडौत के पास उसके बैग से चार लाख रुपये गिर गए, जिनमें एयू फाइनेंस बैंक करनाल की पर्ची लगी थी।

एसपी ने बरामद रूपयों को विद्यासागर को सुपुर्द कर दिया। साथ ही ईमानदारी दिखाने पर अमित कुमार को सम्मानित करने का फैसला लिया है।

## तालाब में डूबने से युवक की मौत, पशु नहलाने गया था

**समाज जागरण**

झिंझाना। (फुरकान जंग) थाना क्षेत्र के गांव रंगाना में शनिवार को एक दर्दनाक हादसा हो गया। पशु को नहलाने के दौरान एक व्यक्ति की तालाब में डूबने से मौत हो गई। घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया, वहीं पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई। शनिवार को गांव रंगाना निवासी अमित कुमार (42) पुत्र ओमपाल सिंह अपने पशु को नहलाने के लिए गांव के तालाब पर गया था। इसी दौरान अचानक उसका संतुलन बिगड़ गया और वह गहरे



पानी में जा गिरा। जब तक आसपास मौजूद लोग कुछ समझ पाते, तब तक वह पानी में डूब चुका था।सूचना मिलते ही झिंझाना थाना पुलिस मौके पर पहुंची। ग्रामीणों की मदद से काफी मशक्कत के बाद शव को तालाब से बाहर निकाला गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। गांव के श्मशान घाट में अंतिम संस्कार कर दिया गया। बताया गया कि मृतक अविवाहित था और तीन भाइयों में दूसरे नंबर पर था। हादसे के बाद से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

# --मंडी में वसूली के दौरान निरीक्षक से मारपीट, जान से मारने की धमकी

### --- मंडी के व्यापारियों ने निरीक्षक पर लगाए रिश्वत मांगने व अवैध वसूली के आरोप उप जिलाधिकारी से की शिकायत

**समाज जागरण कांधला।**

कस्बे की नवीन मंडी में शनिवार सुबह वसूली के दौरान मण्डी निरीक्षक के साथ मारपीट और अभद्रता का मामला सामने आया है। मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है। पीड़ित निरीक्षक ने थाने पर तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। कस्बे की नवीन मण्डी निरीक्षक अरविन्द कुमार यादव ने थाने में दी गई तहरीर में बताया कि वह मंडी परिषद सहारनपुर द्वारा निर्धारित लक्ष्य के अनुसार व्यापारियों से वसूली करने के लिए गया हुआ था। आरोप है इसी दौरान जब वह मंडी व्यापारी मोहिद राज के यहां पहुंचे, तो अधिक रसीद काटने को लेकर गाली-गलौच शुरू कर दी।आरोप है कि इसके बाद मोहिद राज, उसके भाई शाहरूख राज व साबिर राज तथा उनके पिता वाहिद राज ने मिलकर निरीक्षक को धक्का देकर मारपीट की। इतना ही नहीं, आरोपियों ने उन्हें जबरन खींचकर जाहिद राज के कार्यालय में ले जाकर भी पीटा। मौके पर



मौजूद अन्य व्यापारियों ने बीच-बचाव कर निरीक्षक को बाहर निकाला।तहरीर में यह भी आरोप लगाया गया है कि आरोपियों ने मंडी में उनके खिलाफ नारेबाजी करते हुए जान से मारने की धमकी दी और धार्मिक टिप्पणी भी की। साथ ही मंडी में न घुसने की चेतावनी दी गई।पीड़ित निरीक्षक का कहना है कि उन्हें अपनी जान का खतरा है और वह अकेले रहते हैं, ऐसे में इस माहौल में काम करना मुश्किल हो गया है। उन्होंने आरोपियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की है। थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार का कहना है की तहरीर प्राप्त हुई है जांच कर उचित कार्रवाई की जाएगी। मंडी व्यापारी मोहिद राज व शाहरुख राज का कहना है की मंडी निरीक्षक लगातार व्यापारियों के साथ गाली गलौज व रिश्वत की मांग करता है, सभी व्यापारी निरीक्षक की वसूली से परेशान है इसके साथ जाति सूचक शब्दों का भी प्रयोग करता है, अधिक वसूली को लेकर विरोध करने पर निराशक ने व्यापारियों के साथ मारपीट की है और झूठी तहरीर दी है सभी आरोप निराधार हैं। व्यापारियों ने उप जिलाधिकारी से निष्पक्ष जांच की मांग की है।

## बेटे की मौत पर मां ने की कार्रवाई की मांग क्षेत्र अधिकारी को दिया पत्र

**समाज जागरण कांधला।**

थाना क्षेत्र के गांव मलकपुर निवासी एक महिला ने अपने बेटे की आत्महत्या के मामले में आरोप लगाते हुए क्षेत्राधिकारी कैराना से न्याय की गुहार लगाई है। महिला का आरोप है कि उसके बेटे को एक युवती और उसके परिजनों द्वारा झूठे मुकदमों व दबाव बनाकर प्रताड़ित किया गया, जिससे तंग आकर उसने आत्महत्या कर ली थी। शनिवार को गांव मलकपुर सानो पत्नी शराफत ने बताया की उसके बेटे जुनैद ने पिकअप वाहन से एक युवती को सामान चिलकाना तक पहुंचाया था। आरोप है कि किराया देने के बजाय युवती ने उसे प्रेम जाल में फंसाने का प्रयास किया था। युवक द्वारा दूरी



बनाने पर युवती ने उस पर शादी का दबाव बनाया और कथित रूप से झूठा मुकदमा दर्ज करा दिया था।महिला का कहना है कि मामले में हाईकोर्ट से स्थगन आदेश मिलने के बाद भी आरोपियों ने दबाव बनाना जारी रखा। आरोप है कि साजिश के तहत उसके बेटे और परिजनों के खिलाफ एक और गंभीर आरोप लगाते हुए झूठी रिपोर्ट दर्ज कराई गई। इससे उसका पुत्र मानसिक रूप से परेशान हो गया।परिजनों के मुताबिक विगत7 फरवरीको जुनैद ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। महिला का दावा है कि आत्महत्या से पहले एक वीडियो बनाकर कुछ लोगों को अपनी मौत का जिम्मेदार ठहराया था।पुलिस ने कैराना निवासी महिला व उसके परिजनों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई का आश्वासन दिया था। मामले में कई महा बीत जाने के बाद भी आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं हुई क्षेत्राधिकारी हेमंत कुमार ने पीड़ित महिला को जल्दी कार्यवाही का आश्वासन दिया है।

# मारपीट कर रहे दो युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार कर किया चालान

**समाज जागरण कांधला।**

कस्बे के मोहल्ला रायजादगान मे मामूली विवाद को लेकर कई युवकों मे मारपीट हो गई पुलिस ने दो युवकों को हिरासत में लेकर शांति भंग में चालान किया है। शनिवार को पुलिस को सूचना मिली कि कस्बे के मोहल्ला रायजादगान मैं कई लोगों के बीच मारपीट हो रही है सूचना पर पुलिस पहुंच गई पुलिस ने मौके से गांव भारसी निवासी नाजिम कस्बा निवासी भूरा को गिरफ्तार कर लिया पुलिस ने दोनों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई करते हुए दोनों आरोपियों का चालान कर दिया है। थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार का कहना है कि नगर एवं क्षेत्र में किसी भी कीमत पर शांति भंग नहीं होने दी जाएगी।

# मैक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल ने बड़ौत में शुरू की पल्मोनोलॉजी ओपीडी सेवाएं

**समाज जागरण बागपत।**



मैक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल शालीमार बाग ने बड़ौत मेडिसिटी हॉस्पिटल में पल्मोनोलॉजी और रेस्पिरेटरी मेडिसिन की एक्सक्लूसिव ओपीडी सेवाओं की शुरूआत की है। इस पहल का उद्देश्य सांस से जुड़ी बीमारियों के मरीजों को स्थानीय स्तर पर विशेषज्ञ परामर्श और समय पर इलाज उपलब्ध कराना है। उद्घाटन के अवसर पर पल्मोनोलॉजी विभाग के एसोसिएट डायरेक्टर डॉ कामनाशीष दास मौजूद रहे।डॉ कामनाशीष दास हर मंगलवार दोपहर 3 बजे से शाम 5 बजे तक बड़ौत मेडिसिटी हॉस्पिटल में मरीजों को देखेंगे और प्राथमिक परामर्श के साथ फॉलो-अप सेवाएं भी देंगे। उन्होंने कहा कि अस्थमा, क्रॉनिक खांसी और सांस फूलने जैसी समस्याओं को अक्सर नजरअंदाज कर दिया जाता है, जिससे बाद में जटिलताएं बढ़ सकती हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि समय पर पहचान और उपचार से न केवल बीमारी को नियंत्रित किया जा सकता है, बल्कि मरीज की जीवन गुणवत्ता भी बेहतर होती है। शुरूआती हस्तक्षेप रेस्पिरेटरी बीमारियों के प्रभावी प्रबंधन में अहम भूमिका निभाता है। अस्प ताल सटीक डायग्नोसिस, पर्सन लाइज्ड ट्रीटमेंट और लॉन्ग-टर्म मैनेजमेंट पर फोकस कर रहा है।

बड़ौत में इस ओपीडी सेवा की शुरूआत से आसपास के क्षेत्रों के मरीजों को आधुनिक तकनीक और विशेषज्ञ देखभाल का लाभ मिल सकेगा, जिससे बेहतर स्वास्थ्य परिणाम सुनिश्चित होंगे।

# आदर्श पब्लिक स्कूल में धूमधाम के साथ मनाई गई सीता नवमी

**समाज जागरण बागपत।**

कस्बा खेकड़ा के आदर्श पब्लिक स्कूल में आज सीता नवमी बड़े उत्साह से मनाई गई। सीता नवमी के उपलक्ष्य में नृत्य नाटिका का आयोजन किया गया। जिसमें सीता के रूप मे शौरवी, मांडवी और उर्मिला के रूप मे अवनी धामा और दृष्टि, श्रुत कीर्ति के रूप मे गौरवी धामा ने सभी का मन मोह लिया। भारतीय जन मानस में सीता नवमी का बहुत अधिक महत्व है आम बोल- चाल में इसे जानकी नवमी भी कहा जाता है। धार्मिक मान्यताओं के



अनुसार वैशाख महीने के शुक्ल पक्ष की नवमी तिथि पर माता सीता राजा जनक को जमीन के नीचे से मिली थी, इसलिए सीता नवमी वैशाख माह के शुक्ल पक्ष की नवमी तिथि को मनाई जाती है। विद्यालय की प्रधानाचार्या कोमल शर्मा ने बताया कि प्राचीन समय में मिथिला मे वर्षा न होने के कारण अकाल की स्थिति उत्पन हो गई थी ,

इस कारण मिथिला के राजा ने कई पुरोहितों से पूछा तो उन्होंने राजा जनक को यह उपाय बताया कि अगर आप सोने के हल से भूमि जोतेंगे तो वर्षा अवश्य होगी। इसी कारण राजा जनक ने सोने का हल जमीन में चलाया तो अचानक जमीन के अंदर से एक मिट्टी का बर्तन मिला जिसमें एक छोटी बच्ची थी जो धरती मां की ओर से प्रकट हुई थी इसलिए उनके जन्म उत्सव को प्राकट्य उत्सव के रूप में भी मनाया जाता है । इस दिन महिलाएं व बहने अपने घर परिवार की सुख शांति के लिए माता सीता की पूजा करती है। सीता जी के साथ - साथ प्रभु श्री राम की भी पूजा की जाती है। इस प्रोग्राम मे सभी अध्यापिकाएं जैसे अंजली , शालू यादव , खुशी धामा , दीपा चौहान , राधिका कौशिक , रेखा शर्मा , नीतू पांडे , दिया त्यागी , दीपा शर्मा , इंद्रेश शर्मा , सारिका रस्तोगी , इशा यादव, आरजू ढाका नीतू धामा , बीना , सुषमा आदि उपस्थित रहे।

# आचार्य जय सागर जैन कन्या इंटर कॉलेज में मेधावी छात्राओं का सम्मान

## हाईस्कूल-इंटर की टॉपर छात्राओं को स्मृति चिह्न व पटका पहनाकर किया सम्मानित

## अनुशासन व परिश्रम से रोशन करें विद्यालय का नाम: प्रधानाचार्या

**समाज जागरण**

अमीनगर सराय। कस्बा स्थित आचार्य जय सागर दिगंबर जैन कन्या इंटर कॉलेज अमीनगर सराय में शनिवार को हाईस्कूल एवं इंटर बोर्ड परीक्षा में सर्वश्रेष्ठ अंक प्राप्त करने वाली मेधावी छात्राओं को सम्मानित किया गया। प्रधानाचार्या अनीता जैन ने बताया कि शनिवार प्रातः आठ बजे प्रार्थना स्थल पर आयोजित सम्मान समारोह में कक्षा 10 की टॉपर नैना शर्मा, शिफा फातिमा एवं छवि यादव को सम्मानित किया गया। इंटर कक्षा में सर्वश्रेष्ठ अंक प्राप्त करने वाली कशिश यादव, फराना एवं शीबा खान को स्मृति चिह्न देकर व पटका पहनाकर सम्मानित किया गया।प्रधानाचार्या ने सभी छात्राओं से जीवन में अनुशासन के साथ कठोर परिश्रम करते हुए अध्ययन कर अपने




परिवार, समाज तथा विद्यालय का नाम रोशन करने की अपील की। इस दौरान हेमपुष्पा शर्मा, आशा यादव, सारिका शर्मा, सोनू शर्मा, राखी शर्मा, प्रिया जैन एवं बरखा राय आदि शिक्षिकाएं उपस्थित थीं। कार्यक्रम का संचालन कार्यालय अधीक्षक दिनेश कुमार जैन ने किया।

# महादेवी इंटर कॉलेज गौना के विद्यार्थियों ने इंटरमीडिएट में किया शानदार प्रदर्शन

**समाज जागरण बागपत।**

माध्यमिक शिक्षा परिषद उत्तर प्रदेश द्वारा हाईस्कूल व इंटरमीडिएट परीक्षा का परिणाम घोषित कर दिया गया।इंटरमीडिएट की परीक्षा में महादेवी इंटर कॉलेज गौना के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन कर अपने माता-पिता व स्कूल का नाम रोशन किया है। महादेवी इंटर कॉलेज गौना की इंटरमीडिएट की छात्रा



जिज्ञासा ने पीसीबी साइंस में 86 प्रतिशत, इंटरमीडिएट की छात्रा तनु ने पीसीएम साइंस में 82 प्वाइंट 4 प्रतिशत, इंटरमीडिएट के छात्र तुषार ने पीसीएम साइंस में 80 प्वाइंट 8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर अपने माता-पिता व स्कूल का नाम रोशन किया है। इसके अलावा हाई स्कूल की परीक्षा में दीपिका ने 86 प्वाइंट 1 प्रतिशत अंक प्राप्त कर स्कूल का गौरव बढ़ाया है। स्कूल के चेयरमैन वीरेंद्र यादव व प्रधानाचार्य कविता यादव ने विद्यार्थियों की इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त किया और उनका मुंह मीठा कराकर उन्हें बधाई दी। वीरेंद्र यादव व कविता यादव ने कहा कि अन्य बच्चों को भी उपरोक्त सभी विद्यार्थियों से प्रेरणा लेना चाहिए और कड़ी मेहनत व लगन के साथ पढ़ाई लिखाई कर आगे बढ़ना चाहिए।

# धूमधाम के साथ मनाया गया किड्स मॉडल स्मार्टी पंडित का जन्मदिन

**समाज जागरण बागपत।**



किड्स मॉडल स्मार्टी पंड़ित का जन्मदिन वसुंधरा में बड़े ही धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इसमें बागपत से भी काफी लोगों ने शिरकत की।स्मार्टी पंड़ित की जन्मदिन पार्टी में फैमस एक्टर सार्थक चौधरी, साउथ के सुपर स्टार अल्लू अर्जुन के हमशक्ल पुष्पा फेम निशांत कुमार व कॉमेड़ी शो- भाभी जी घर पर हैं के फेम सलीम जैदी उर्फ टिल्लू मुम्बई सहित सिने जगत की कई जानी मानी हस्तियां पहुंची और और उनके जन्मदिन को सेलिब्रेट किया। स्मार्टी पंडित के पिता कौशल मिश्रा व माता रजनी शर्मा ने जन्मदिन पार्टी में आए सभी बॉलीवुड स्टारों का फूल बुग्गे भेंट कर ऑनर किया। स्मार्टी ने अपने दोस्तों संग केक काटा और उसे एक-दूसरे को खिलाकर जन्मदिन की खुशियों को साझा किया। स्मार्टी के दोस्तों, फैन्स व रिश्तेदारों ने उन्हें गिफ्ट भेंट किए। इस दौरान कई गेम खेले गए, जिसमें स्मार्टी पंडित के सभी दोस्तों ने पूरी उत्साह के साथ भाग लिया। फिल्मी गानों पर सभी लोग जमकर झूमे और खूब मौज मस्ती की। इस मौके पर एक मैजिक शो का भी आयोजन किया गया, जिसका सभी ने जमकर लुफ्त उठाया। इस अवसर पर स्मार्टी पंड़ित के नाना एड़वोकेट मदनलाल, रोहित जैन, एड़वोकेट गोपाल दास गुप्ता संयुक्त निदेशक उत्तर प्रदेश सरकार, मॉड़ल मेंटर एंड़ इंडस्ट्री एक्सपर्ट तपस दास, सेंट फ्रांसिस स्पोर्टस टीचर विजेन्द्र सिंह, मुकेश चौधरी सहित सैंकड़ो लोग उपस्थित थे।

# शिव मंदिर के मुख्य द्वार की पैड़ी तोड़ी, विरोध करने पर समिति से अभद्रता, आरोपी को छोड़ने का आरोप

**समाज जागरण**

बड़ौत। आवास विकास कॉलोनी स्थित शिव मंदिर के मुख्य द्वार की पैड़ी तोड़ने का मामला सामने आया है। विरोध करने पर मंदिर समिति से अभद्रता की गई। समिति ने पुलिस पर आरोपी को छोड़ने का आरोप लगाया है। बड़ौत स्थित आवास विकास कॉलोनी में शुक्रवार रात शिव मंदिर के मुख्य द्वार की पैड़ी तोड़कर कुछ असामाजिक तत्वों ने माहौल बिगाड़ने की कोशिश की। घटना का विरोध करने पहुंचे मंदिर समिति के पदाधिकारियों के साथ आरोपियों ने गाली-गलौज और अभद्र व्यवहार किया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और एक आरोपी को पकड़ लिया, लेकिन बाद में उसे छोड़ देने का आरोप लगने से कॉलोनीवासियों में नाराजगी फैल गई है। कुछ महीने पहले ही बना था मंदिर आवास विकास कॉलोनी में स्थित शिव मंदिर का निर्माण कुछ महीने पहले ही श्री शिव मंदिर सेवा ट्रस्ट समिति द्वारा कराया गया था। समिति के अनुसार करीब 10 लाख रुपये की लागत से मंदिर का निर्माण कराया गया था। शुक्रवार रात कुछ बाहरी असामाजिक तत्व मंदिर परिसर में पहुंचे और मुख्य द्वार की पैड़ी को तोड़ दिया, जिससे कॉलोनी के लोगों में आक्रोश फैल गया।

विरोध करने पर हुई गाली-गलौज घटना की जानकारी मिलने पर समिति के अध्यक्ष यशपाल, सचिव आशुतोष तोमर और कोषाध्यक्ष महावीर समेत अन्य सदस्य मौके पर पहुंचे। आरोप है कि जब पदाधिकारियों ने इसका विरोध किया तो आरोपियों ने उनके साथ गाली-गलौज और अभद्र व्यवहार किया। शोर-शराबा सुनकर कॉलोनी के लोग भी मौके पर पहुंच गए, जिससे वहां हंगामे की स्थिति बन गई।

**आरोपी को छोड़ने का आरोप**

सूचना मिलने पर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और भाग रहे एक आरोपी को पकड़ लिया। मंदिर समिति के अध्यक्ष यशपाल ने कोतवाली में तहरीर देते हुए आरोप लगाया कि पुलिस आरोपी को कोतवाली ले गई, लेकिन बाद में उसे छोड़ दिया गया। उन्होंने कहा कि इस मामले की शिकायत पुलिस अधीक्षक से भी की जाएगी।

**जांच के बाद होगी कार्रवाई: सीओ**

इस मामले में सीओ बड़ौत अंशु जैन ने बताया कि मंदिर के मुख्य द्वार की पैड़ी तोड़े जाने की सूचना मिलने पर पुलिस को मौके पर भेजा गया था। आरोपी को कोतवाली से छोड़े जाने की जानकारी नहीं है। उन्होंने कहा कि पूरे मामले की जांच कराई जाएगी और यदि आरोप सही पाए गए तो संबंधित पुलिसकर्मियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

# युवक के साथ मारपीट में मुकदमा

**समाज जागरण**

कैराना। युवक के साथ मारपीट करने के मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया। मोहल्ला दरबारखुर्द निवासी शादाब ने कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि रविवार रात करीब 11 बजे वह अपने घर जा रहा था। रास्ते में मस्जिद के पास मोहल्ले के ही समीर, सद्दा व फैसल ने उसे रोक लिया और गाली–गलौज की। विरोध करने पर आरोपियों ने उसके साथ लात–घूंसों और पंच से बुरी तरह पीटा, जिस कारण वह घायल हो गया।

बाद में आरोपी धमकी देते हुए फरार हो गए। मामले में पुलिस ने कार्रवाई शुरू कर दी है।

# लड़की को ले जाने का आरोप

**समाज जागरण**

कैराना। लड़की को बहला–फुसलाकर ले जाने का आरोप लगा है। नगर के एक मोहल्ला निवासी व्यक्ति ने कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई कि गुरुवार प्रातः करीब चार बजे वह ड्यूटी पर चला गया था। आरोप है कि उसकी गैरमौजूदगी में मोहल्ला आलकलां वाल्मीकि बस्ती निवासी अतुल उसके घर पर आया। आरोपी उसकी बेटी को बहला–फुसलाकर अपने साथ ले गया। बेटी घर में रखे सोने–चांदी के जेवर और डेढ़ लाख रुपये भी अपने साथ ले गई। उसने यह जेवर और पैसे अपनी बड़ी बेटी की शादी के लिए घर में रखे थे। बेटी के घर पर नहीं मिलने पर उसने मोहल्ले में लगे सीसीटीवी कैमरे में देखा, तो आरोपी अपनी बाइक पर उसकी उसकी बेटी को ले जाते हुए नजर आया। पुलिस ने तलाश शुरू कर दी है।

# कच्ची शराब के साथ तीन गिरफ्तार

**समाज जागरण**

कैराना। शुक्रवार शाम पुलिस ने चेकिंग के दौरान पानीपत बाईपास फ्लाईओवर के पास से आसिफ निवासी मोहल्ला सरावज्ञान को पांच लीटर कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया। इसके अलावा भूरा बाईपास कंडेला भट्ठे से जाने वाले मार्ग से वाजिद निवासी आर्यपुरी रोड को गिरफ्तार किया, जिसके कब्जे से पांच लीटर कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार कर लिया। उधर, मुरशद निवासी भूरा चुंगी मोहल्ला आलखुर्द को भी पांच लीटर कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने तीनों आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज करके चालान कर दिया।

# छुरी के साथ एक गिरफ्तार

**समाज जागरण**

कैराना। शुक्रवार शाम पुलिस ने गश्त के दौरान मायापुर रोड भूरा बंबा पटरी के पास से अकरम निवासी मोहल्ला गुजरान थाना गंगोह जनपद सहारनपुर को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के कब्जे से छुरी बरामद हुई। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया।

# गेहूं चोरी का प्रयास, किसानों ने आरोपी को दबोचा

**समाज जागरण कांधला।**

नगर की नवीन सब्जी मंडी स्थित गेहूं क्रय केंद्र पर शनिवार को चोरी की एक कोशिश को किसानों और स्थानीय लोगों की सतर्कता ने नाकाम कर दिया। मोटरसाइकिल पर गेहूं का बोरा उठाकर फरार होने की कोशिश कर रहे एक युवक को मौके पर ही पकड़ लिया गया और पुलिस के हवाले कर दिया गया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से गेहूं का बोरा बरामद कर उसे हिरासत में लेकर कार्रवाई शुरू कर दी है।कस्बे की नवीन सब्जी मंडी में इन दिनों गेहूं खरीद का कार्य चल रहा है, जहां आसपास के गांवों से किसान



अपनी उपज लेकर पहुंच रहे हैं। शनिवार को मंडी परिसर में मौजूद किसानों और स्थानीय लोगों की नजर एक संदिग्ध युवक पर पड़ी, जो चोरी-छिपे मोटरसाइकिल पर गेहूं का बोरा रखकर ले जाने का प्रयास कर रहा था। युवक की गतिविधियां संदिग्ध लगने पर लोगों ने उसे रोकने की कोशिश की, लेकिन वह भागने लगा।इस पर किसानों और अन्य लोगों ने पीछा कर उसे कुछ ही दूरी पर पकड़ लिया। पूछताछ में उसने अपना नाम इमरान निवासी कांधला बताया। मौके पर मौजूद लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी, जिसके बाद पुलिस टीम मौके पर पहुंची और आरोपी को अपने साथ थाने ले गई। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से गेहूं से भरा बोरा भी बरामद किया गया।पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है।

# --मंडी में भाकियू का धरना, गेहूं खरीद व्यवस्था दुरुस्त कराने की मांग

## --ईपको केंद्र पर टीन शेड व बैठने की व्यवस्था न होने से किसान परेशान, सौंपा ज्ञापन

**समाज जागरण कांधला।**

शनिवार को नगर की नवीन मंडी स्थित गेहूं खरीद केंद्र पर भारतीय किसान यूनियन के पदाधिकारियों ने धरना-प्रदर्शन कर खरीद व्यवस्था को सुचारू कराने की मांग उठाई। किसानों ने आरोप लगाया कि गेहूं खरीद केंद्र पर व्यवस्थाएं सही ढंग से संचालित नहीं हो रही हैं, जिससे उन्हें भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।धरने के दौरान किसानों ने ईपको केंद्र पर टीन शेड डलवाने और बैठने की समुचित व्यवस्था कराने की मांग को लेकर मंडी सचिव को एक शिकायती पत्र सौंपा। किसानों का कहना है कि गेहूं खरीद के लिए बनाए गए तंत्र में तोल सही



तरीके से संचालित नहीं हो रहा, जिससे लंबी लाइनें लग रही हैं और किसानों का समय व श्रम दोनों बर्बाद हो रहा है।इसके अलावा किसानों ने बताया कि ईपको केंद्र पर न तो बैठने की व्यवस्था है और न ही धूप व बारिश से बचाव के लिए कोई इंतजाम। मजबूरी में किसान खुले आसमान के नीचे खड़े होकर खाद-बीज लेने को विवश हैं, जिससे उन्हें परेशानी उठानी पड़ रही है।धरना-प्रदर्शन में मंडल उपाध्यक्ष ब्रह्मपाल नाल, तहसील अध्यक्ष गौतम पवार, विनर राठी, ब्लॉक अध्यक्ष विकास चौहान, नगर अध्यक्ष रईस पठान, अमजद बैग, असजद जिडाना सहित दर्जनों पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

**नायब तहसीलदार ने की मामले की जांच**

मंडी निरीक्षक व व्यापारियों के साथ हुई मारपीट के मामले में उप जिलाधिकारी के आदेश पर नायब तहसीलदार सतीश कुमार यादव जांच करने के लिए पहुंचे उन्होंने मंडी निरीक्षक व्यापारियों से मामले की जानकारी ली, तहसीलदार ने बताया कि वह रिपोर्ट तैयार कर उच्च अधिकारियों को सौंपेंगे।

# कड़ी सुरक्षा के बीच होमगार्ड भर्ती परीक्षा शुरू सघन जांच, सीसीटीवी निगरानी और भारी

**समाज जागरण**

बागपत। राजकीय कन्या इंटर कॉलेज में होमगार्ड भर्ती परीक्षा शुरू हो गई है। प्रशासन ने परीक्षा को शांतिपूर्ण और निष्पक्ष तरीके से संपन्न कराने के लिए सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए हैं। परीक्षा केंद्र पर सुबह से ही अभ्यर्थियों की भीड़ उमड़ पड़ी, जहां निर्धारित समय से पहले ही लंबी कतारें लग गई।प्रवेश द्वार पर अभ्यर्थियों की सघन तलाशी ली जा रही है। पहचान पत्र की जांच के बाद ही उन्हें अंदर प्रवेश दिया जा रहा है। केंद्र के आसपास भारी पुलिस बल तैनात किया गया है, वहीं सीसीटीवी कैमरों के जरिए भी लगातार निगरानी रखी जा रही है। किसी भी प्रकार की नकल या अव्यवस्था को रोकने के लिए विशेष टीमों को सक्रिय किया गया है। प्रशासनिक अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया और ड्यूटी पर तैनात कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि परीक्षा में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। अभ्यर्थियों को समय से पहले केंद्र पर पहुंचने और सभी जरूरी दस्तावेज साथ लाने के निर्देश दिए गए हैं। परीक्षा केंद्र के बाहर भीड़ को नियंत्रित करने के लिए बैरिकेडिंग की गई है, जिससे यातायात व्यवस्था प्रभावित न हो। प्रशासन की सतर्कता और चाक-चौबंद सुरक्षा व्यवस्था के चलते परीक्षा शांतिपूर्ण माहौल में शुरू हुई है। अधिकारियों ने बताया कि पूरी प्रक्रिया पर लगातार नजर रखी जा रही है, ताकि परीक्षा निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से संपन्न हो सके।

# थाना समाधान दिवस, चकरोड़ व सरकारी भूमि पर कब्जे की तीन शिकायतें दर्ज

**समाज जागरण कांधला।**

थाना परिसर में शनिवार थाना समाधान दिवस आयोजित किया गया समाधान दिवस में जनसमस्याओं से जुड़ी तीन शिकायतें दर्ज की गईं। थाना दिवस की अध्यक्षता थाना प्रभारी निरीक्षकर सतीश कुमार ने की। इस दौरान राजस्व और पुलिस विभाग के अधिकारियों ने फरियादियों की समस्याएं सुनीं और निस्तारण के निर्देश दिए। थाना समाधान दिवस में गढ़ी दौलत निवासी इरफान पुत्र अख्तर ने गांव के अली शेर पर




चकरोड़ पर अवैध कब्जे का आरोप लगाया। उनका कहना है कि कब्जे के चलते ग्रामीणों और किसानों को खेतों तक पहुंचने में दिक्कत हो रही है। गांव नाला के सेवाराम ने पड़ोसी किसान पर चकरोड़ पर अतिक्रमण का आरोप लगाते हुए शिकायत की। उन्होंने बताया कि रास्ता बाधित होने से कृषि कार्य प्रभावित हो रहे हैं। जसाला निवासी किसान जगदीश ने गौरव नामक व्यक्ति पर सरकारी नाली और गेट पर कब्जा करने का आरोप लगाया। उनका कहना है कि इससे जल निकासी व्यवस्था बाधित हो रही है और आसपास के लोगों को परेशानी उठानी पड़ रही है। मामले में प्रभारी निरीक्षक व नायब तहसीलदार ने राजस्व और पुलिस की संयुक्त टीम गठित कर मौके पर जांच के निर्देश दिए।

# दो दिवंगत पत्रकारों के परिवारों को आर्थिक सहायता की संस्तुति

**समाज जागरण**

सूचना निदेशक ने सीएम कोष से मदद के लिए राज्य सरकार को भेजा प्रस्ताव

लखनऊ। सूचना निदेशक विशाल सिंह ने दो दिवंगत पत्रकारों के परिवारों को मुख्यमंत्री सहायता कोष से आर्थिक सहायता दिए जाने की राज्य सरकार से संस्तुति की है।लखनऊ के मुख्य धारा के दो पत्रकार विधि सिंह और मोहम्मद इरफान का दो माह पूर्व असमय निधन हो गया था। यूपी वर्किंग जर्नलिस्ट्स यूनियन के अध्यक्ष हसीब सिद्दीकी एवं लखनऊ मंडल के अध्यक्ष शिवशरन सिंह ने दोनों दिवंगत पत्रकारों के परिवारों को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से आर्थिक सहायता दिए जाने का अनुरोध किया था। सूचना निदेशक विशाल सिंह ने यूनियन के उसी अनुरोध पत्र पर मुख्यमंत्री सहायता कोष से आर्थिक सहायता दिए जाने की संस्तुति की है।

# गौमाता के प्रति करुणा और दया भाव से सेवा करेंगे तो निश्चित ही मिलेगा प्रतिफल - कलेक्टर यादव

## गौशालाओ के बेहतर संचालन के लिए कलेक्टर सभागार में अहम बैठक संपन्न, दिए दिशा निर्देश

**समाज जागरण जिला संवाददाता उदय सिंह लोधी**

दमोह। जिले में गौ-वंश संरक्षण एवं गौशालाओं की व्यवस्थाओं को सुदृढ़ बनाने के लिए कलेक्टर प्रताप नारायण यादव ने समस्त गौशाला संचालकों, पशु चिकित्सा विभाग एवं जनपद पंचायत अधिकारियों के साथ आज शनिवार को कलेक्टर सभागार में महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की, बैठक में गौशालाओं के संचालन को अधिक व्यवस्थित और प्रभावी बनाने पर विस्तार से चर्चा की गई।



कलेक्टर यादव ने कहा कि गौमाता के प्रति करुणा और दया भाव रखते हुए सेवा की जाएगी तो उसका सकारात्मक प्रतिफल निश्चित रूप से प्राप्त होगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि गौशालाओं में पशुओं के लिए पर्याप्त एवं गुणवत्तापूर्ण भोजन, स्वच्छ पेयजल, नियमित देखभाल और समयबद्ध उपचार की व्यवस्था हर हाल में सुनिश्चित की जाए। बैठक में सभी गौशालाओं के लिए एक समान कार्ययोजना लागू करने पर जोर दिया गया, ताकि चारा-पानी की आपूर्ति तय समय पर और व्यवस्थित रूप से हो सके। कलेक्टर ने यह भी स्पष्ट किया कि किसी भी स्तर पर लापरवाही पाए जाने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। इस पहल से जिले में गौ-वंश संरक्षण को मजबूती मिलने के साथ-साथ गौशालाओं की व्यवस्थाओं में सुधार की उम्मीद जताई जा रही है।

# फर्नीचर कारोबारियों में संघर्ष, क्रॉस रिपोर्ट दर्ज

**समाज जागरण**

कैराना। नगर में फर्नीचर कारोबारियों में रंजिश के चलते संघर्ष हो गया। इस दौरान जमकर मारपीट हुई। मामले में पुलिस ने दोनों ओर से मुकदमे दर्ज किए हैं। कांधला थाना क्षेत्र के गांव जसाला निवासी वीरेंद्र ने कोतवाली कैराना में मुकदमा दर्ज कराया कि पानीपत रोड पर उसका फर्नीचर शोरूम है। बराबर में रहीस का भी शोरूम है, जिसके चलते दोनों के बीच पहले से रंजिश चली आ रही है। आरोप है कि बीते गुरुवार रात करीब साढ़े आठ बजे रहीस अपने भतीजों सुहैल, उमैर, शाकिर व जुनैद निवासी नवाब दरवाजा और 4-5 अज्ञात युवकों के साथ लाठी-डंडे एवं धारदार हथियार लेकर उनकी दुकान में घुस आया। आरोपियों ने गाली-गलौज करते हुए हमला कर दिया और जातिसूचक शब्दों का भी इस्तेमाल किया। वहीं, दूसरे पक्ष के सुहैल निवासी दरबारखुर्द ने भी कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया है। उसने आरोप लगाया कि उसी समय वीरेंद्र, उसके बेटे अनुज व सोनू, शाकिर, जाबिर निवासी मोहल्ला आलकलां और शादाब निवासी मोहल्ला अफगानान हथियारों के साथ उनकी दुकान में घुस आए, जिन्होंने उसके चाचा रहीस व भाई उमैर पर हमला कर दिया, जिससे दोनों घायल हो गए। घटना के बाद दोनों पक्ष एक-दूसरे को धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। पुलिस ने मामले में अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी है।

# फल उत्कृष्टता केंद्र मांगेआना में फलों की नीलामी एक मई को

**समाज जागरण**

सिरसा/कालांवाली 25 अप्रैल (सुरेश जोरासिया) फल उत्कृष्टता केंद्र, मांगेआना में वर्ष 2026-27 के लिए बागों में लगे विभिन्न फलों की नीलामी एक मई को प्रातः 11 बजे आयोजित की जाएगी। यह नीलामी उप-निदेशक उद्यान, आईबीडीसी, रामनगर के देखरेख में केंद्र परिसर में संपन्न होगी।

नीलामी से पूर्व इच्छुक ठेकेदार एवं किसान उत्पादक समूह (एफपीओ) के सदस्य किसी भी कार्यदिवस में केंद्र पर जाकर बाग का निरीक्षण कर सकते हैं। नीलामी में भाग लेने के लिए एफपीओ सदस्यों को अपना आधार कार्ड, एफपीओ प्रमाण पत्र तथा समूह अध्यक्ष द्वारा जारी अधिकृत पत्र साथ लाना अनिवार्य होगा। बिना आवश्यक दस्तावेजों के किसी को भी बोली में शामिल नहीं किया जाएगा। इच्छुक ठेकेदारों को भी अपना आधार कार्ड साथ लाना होगा। निर्धारित समय के बाद किसी भी प्रतिभागी को केंद्र में प्रवेश की अनुमति नहीं दी जाएगी। अधिक जानकारी के लिए मोबाइल नंबर 94166-62510 पर संपर्क किया जा सकता है। नीलामी में शामिल बागों में नींबू (सिट्रस) 22.15 एकड़ (3548 पौधे), अनार 6 एकड़ (986 पौधे), अमरूद 3 एकड़ (498 पौधे), खजूर 2 एकड़ (139 पौधे), जैतून 5 एकड़ (621 पौधे) तथा आडू, आलूबुखारा, अंजीर, बेलपत्र, नाशपाती व जामुन 4.3 एकड़ (751 पौधे) शामिल हैं। इन बागों की लगभग आयु 8 से 15 वर्ष के बीच है।

नीलामी प्रक्रिया में भाग लेने के लिए प्रत्येक एफपीओ एवं ठेकेदार को एक लाख रुपये की धरोहर राशि नकद या डिमांड ड्राफ्ट (फल उत्कृष्टता केंद्र, मांगेआना के नाम देय) के रूप में जमा करवानी होगी। चेक स्वीकार नहीं किए जाएंगे। असफल बोलीदाताओं की राशि नीलामी के बाद वापस कर दी जाएगी, जबकि सफल बोलीदाता की राशि अंतिम भुगतान में समायोजित कर ली जाएगी। नीलामी से संबंधित नियम व शर्तें मौके पर ही बताई जाएंगी। इच्छुक व्यक्ति अधिक जानकारी के लिए उप-निदेशक उद्यान, फल उत्कृष्टता केंद्र, मांगेआना (सिरसा) कार्यालय में किसी भी कार्यदिवस पर संपर्क कर सकते हैं।

# मच्छरों का बढ़ता प्रकोप, मलेरिया का खतरा मंडराया फॉगिंग की उठी मांग

**समाज जागरण**



कालांवाली (सुरेश जोरासिया) शहर व गांव कालांवाली में इन दिनों मच्छरों का प्रकोप लगातार बढ़ता जा रहा है, दिन ढ़ले पर मच्छरों का प्रकोप बढ़ने लगता है। भंयकर गर्मी से दिन के समय आमजन परेशान है वहीं रात में मच्छरों का आंतक शुरू हो जाता हैं। छोटे बच्चों को ज्यादा परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सांय के समय घरों, गलियों, मोहल्लों और बाजारों में मच्छरों के झुंड दिखाई देने लगते हैं। घरों के अंदर तक मच्छरों की भरमार के कारण बच्चों, बुजुर्गों और महिलाओं की सेहत पर गंभीर असर पड़ रहा है। नागरिकों में चिंता इस बात को लेकर भी बढ़ रही है कि यदि समय रहते रोकथाम के उपाय नहीं किए गए, तो मलेरिया, डेंगू और चिकनगुनिया जैसी घातक बीमारियों के फैलने का खतरा बढ़ सकता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि गांव कालांवाली की प्रत्येक गली मोहल्लों इलाकों में नियमित सफाई नहीं हो रही है और गंदे प पानी का ठहराव होने से मच्छरों के पनपने रहे हैं। इसके अलावा खाली जगह पर कूड़े के ढेरों से मच्छर अत्याधिक बढ़ रहे हैं। प्रशासन से ग्रामीणो ने मांग की है कि गांव कालांवाली फॉगिंग करवाई जाऐ ताकि कुछ राहत मिल सके।

# UPSC परीक्षा पास करने वाले सिख छात्रों को 1-1 लाख रुपये देकर सम्मानित किया जाएगा: शिरोमणि कमेटी अध्यक्ष प्रमुख धामी

**रघुनंदन पराशर समाज जागरण चीफ ब्यूरो पंजाब**



जैतो, 25 अप्रैलः उच्च प्रशासनिक सेवाओं के लिए चुने गए सिख छात्रों को शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी द्वारा विशेष रूप से 1-1 लाख रुपए की राशि देकर सम्मानित किया जाएगा। हाल ही में, कमेटी की आंतरिक समिति ने इस प्रस्ताव को सैद्धांतिक मंजूरी दे दी है। यह उल्लेखनीय है कि शिरोमणि कमेटी ने परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले सिख छात्रों को सम्मानित करने का निर्णय लिया है। यह घोषणा कमेटी के अध्यक्ष एडवोकेट हरजिंदर सिंह धामी ने की। इन सिख छात्रों को जल्द ही शिरोमणि कमेटी द्वारा सम्मानित किया जाएगा। कार्यालय से जारी एक प्रेस बयान के माध्यम से, शिरोमणि कमेटी के अध्यक्ष एडवोकेट हरजिंदर सिंह धामी ने कहा कि सिख युवाओं को प्रतियोगी परीक्षाओं के माध्यम से प्रशासनिक सेवाओं में आगे आना चाहिए। शिरोमणि कमेटी इस दिशा में बड़े कदम उठा रही है। जहां एक ओर शिरोमणि कमेटी द्वारा अमृतधारी छात्रों की फीस माफ कर दी जाती है, वहीं अमृतधारी छात्राओं के लिए शिक्षा पूरी तरह निःशुल्क है। हर साल गरीब छात्रों को शिक्षा के क्षेत्र में और 'निश्चय अकादमी' के माध्यम से सहायता प्रदान की जाती है। सिख युवाओं को प्रशासनिक और न्यायिक सेवाओं की तैयारी कराने के लिए विशेष व्यवस्थाएं की गई हैं। उन्होंने कहा कि इसी तरह, प्रशासनिक परीक्षा का प्रारंभिक टेस्ट पास करने वाले गुरसिख छात्रों को मुख्य परीक्षा की तैयारी कराने के लिए बजट में 5 करोड़ रुपये की राशि भी आरक्षित की गई है।

एडवोकेट धामी ने कहा कि यूपीएससी परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले इन सिख छात्रों को सम्मानित करने के शिरोमणि कमेटी के निर्णय से न केवल उनका मनोबल बढ़ा है, बल्कि अन्य सिख युवाओं को भी प्रशासनिक सेवाओं की ओर प्रेरित किया जा सकेगा। भविष्य में, यूपीएससी परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले छात्रों को शिरोमणि कमेटी द्वारा सम्मानित करने का अवसर प्रदान किया जाएगा। निश्चय अकादमी में प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे छात्रों के समक्ष इन सफल छात्रों का परिचय कराया जाएगा, ताकि तैयारी कर रहे अन्य छात्र उनसे प्रेरणा ले सकें। शिरोमणि कमेटी के अध्यक्ष ने सिख परिवारों से अपील की कि वे अपने बच्चों को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए प्रोत्साहित करें, ताकि सिख युवा उच्च पदों पर आसीन होकर गुरु साहिब द्वारा दिखाए गए मार्ग के अनुसार मानवता के कल्याण के लिए कार्य कर सकें।

# कैंसर सर्वाइवर दिवस आशा और साहस का प्रतीक: उपराष्ट्रपति

## देश में हर साल 15 लाख से अधिक कैंसर मामले, सरकार की योजनाओं से मिल रहा बड़ा सहारा

**समाज जागरण**






जयपुर। जयपुर में आयोजित कैंसर सर्वाइवर दिवस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जगदीप धनखड़ ने कहा कि यह दिवस अटूट आशा और मानवीय साहस का उत्सव है। उन्होंने भगवान महावीर कैंसर अस्पताल एवं अनुसंधान केंद्र और केजी कोठारी मेमोरियल ट्रस्ट की सराहना करते हुए कहा कि संस्थान ने 1997 से अब तक अपने समर्पित उपचार से अनगिनत लोगों का जीवन बदला है।

उपराष्ट्रपति ने बताया कि भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद के राष्ट्रीय कैंसर रजिस्ट्री कार्यक्रम के अनुसार देश में हर वर्ष 15 लाख से अधिक कैंसर के मामले सामने आते हैं। उन्होंने कहा कि नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सरकार ने रोकथाम, शीघ्र जांच, उपचार और रोगी देखभाल को मजबूत करने के लिए कई पहलें शुरू की हैं।

उन्होंने जानकारी दी कि आयुष्मान भारत-प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत 13,000 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से 68 लाख से ज्यादा कैंसर उपचार उपलब्ध कराए गए हैं, जिनमें लगभग 75 प्रतिशत लाभार्थी ग्रामीण क्षेत्रों से हैं।

उपराष्ट्रपति ने कहा कि देशभर के जिला अस्पतालों में 450 से अधिक डे-केयर कैंसर सेंटर स्थापित किए जा चुके हैं। साथ ही राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में प्रारंभिक जांच और अस्पतालों में आवश्यक दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित की जा रही है। उन्होंने गर्भाशय ग्रीवा कैंसर की रोकथाम के लिए शुरू किए गए एचपीवी टीकाकरण अभियान का उल्लेख करते हुए कहा कि इसका लक्ष्य एक करोड़ से अधिक लड़कियों को कवर करना है। इस पहल के लिए स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय और राजस्थान सरकार के प्रयासों की सराहना की गई।

उपराष्ट्रपति ने कैंसर उपचार संस्थानों के बीच बेहतर समन्वय और आधुनिक तकनीक के साझा उपयोग पर जोर दिया, ताकि गुणवत्तापूर्ण इलाज सभी तक पहुंच सके। उन्होंने धूम्रपान, तंबाकू सेवन और अस्वास्थ्यकर जीवनशैली से बचने की अपील करते हुए कहा कि जीवनशैली में बदलाव से कैंसर के जोखिम को काफी हद तक कम किया जा सकता है।

कैंसर से उबर चुके लोगों को ह्योद्धाह्न बताते हुए उन्होंने कहा कि उनकी प्रेरणादायक कहानियां दूसरों के लिए उम्मीद की किरण हैं। साथ ही डॉक्टरों और स्वास्थ्यकर्मियों के समर्पण की भी सराहना की।

इस अवसर पर उपराष्ट्रपति ने कैंसर सर्वाइवर्स को सम्मानित किया और सामूहिक प्रयासों के जरिए जागरूकता बढ़ाने तथा शीघ्र निदान को प्रोत्साहित करने का आह्वान किया। कार्यक्रम में हरिभाऊ किसानराव बागडे, गजेंद्र सिंह खिमसर और नवरतन कोठारी सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# पूर्व कृषि एवं वित्त मंत्री जेपी दलाल ने शनिवार को बड़वा ,बहल, चहड खुर्द आदि गांवो का दौरा कर लोगों से रुबरु हुए और नव विवाहितों को आशीर्वाद दिया

- भगवान परशुराम का जीवन हमें सिखाता है कि शक्ति का उपयोग हमेशा धर्म और न्याय की रक्षा के लिए होना चाहिए : पूर्व कृषि मंत्री जेपी दलाल
- हमें जाति, धर्म ,वर्ग के भेदभाव से ऊपर उठकर एकजुट होकर विकास की दिशा में आगे बढ़ना होगाः पूर्व कृषि मंत्री जेपी दलाल
- बच्चों को अच्छी शिक्षा व संस्कार देकर उनके उज्वल भविष्य को करे सुरक्षित : पूर्व कृषि मंत्री जेपी दलाल
- पूर्व कृषि मंत्री जेपी दलाल ने गांव मिताथल की भगवान परशुराम धर्मशाला में आयोजित भगवान श्री परशुराम जन्मोत्सव एवं 15वां विशाल भंडारा व सांस्कृतिक कार्यक्रम को संबोधित किया

**समाज जागरण, जिला संवाददाता।**
**( महेन्द्र जावला बहल )**




बहल, 25 अप्रैल। प्रदेश के पूर्व कृषि एवं वित्त मंत्री जेपी दलाल ने आज शनिवार को बड़वा ,बहल, चहड खुर्द गांव का दौरा कर लोगों से रूबरू हुए और नव विवाहितों को आशीर्वाद दिया।

इससे पहले पूर्व कृषि मंत्री जेपी दलाल ने गांव मिताथल की भगवान परशुराम धर्मशाला में भगवान परशुराम युवा मंडल तथा समस्त ग्राम वासियों द्वारा आयोजित भगवान श्री परशुराम जन्मोत्सव एवं 15वां विशाल भंडारा एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम को संबोधित किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व कृषि मंत्री ने कहा कि यह पावन दिन हमें उस महान विभूति की याद दिलाता है, जिन्होंने सत्य, धर्म और न्याय की स्थापना के लिए अपना संपूर्ण जीवन समर्पित कर दिया। भगवान परशुराम केवल एक योद्धा ही नहीं थे, बल्कि वे ज्ञान, तप, त्याग और मयार्दा के प्रतीक भी थे।

उन्होंने बताया कि भगवान परशुराम जी ने अन्याय और अत्याचार के खिलाफ आवाज उठाकर समाज को यह संदेश दिया कि जब भी धर्म पर संकट आए, तब लोगों को आगे आकर उसका संरक्षण करना चाहिए। उनका जीवन हमें सिखाता है कि शक्ति का उपयोग हमेशा धर्म और न्याय की रक्षा के लिए होना चाहिए, न कि किसी के दमन के लिए।

उन्होंने कहा कि आज के इस आधुनिक युग में भी भगवान परशुराम जी के आदर्श उतने ही प्रासंगिक हैं। हमें उनके जीवन से प्रेरणा लेकर समाज में भाईचारा, समानता और न्याय को बढ़ावा देना चाहिए। विशेषकर युवा पीढ़ी को उनके आदर्शों को अपनाकर देश के निर्माण में योगदान देना चाहिए। हमारा प्रदेश और देश तभी आगे बढ़ सकता है जब हम अपने महान संतों और महापुरुषों के बताए मार्ग पर चलें। हमें जाति, वर्ग और भेदभाव से ऊपर उठकर एकजुट होकर विकास की दिशा में आगे बढ़ना होगा।

मैं आप सभी से आह्वान करता हूं कि हम भगवान परशुराम जी के आदर्शों को अपने जीवन में उतारें और एक मजबूत, समृद्ध और नैतिक समाज के निर्माण में अपनी भूमिका निभाएं। उन्होंने अभिभावक से अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा एवं श्रेष्ठ संस्कार देकर उनके उज्ज्वल भविष्य की नींव रखें और भविष्य को सुरक्षित बनाएं। शिक्षा के माध्यम से कोई भी व्यक्ति ऊंचे से ऊंचा मुकाम हासिल कर सकता है।

उन्होंने कहा कि आज के समय में खेलों के क्षेत्र में भी अपार संभावनाएं हैं और बच्चे इसमें अपना सुनहरा करियर बना सकते हैं। राज्य सरकार द्वारा खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के लिए अनेक योजनाएं लागू की गई हैं, जिनका लाभ उठाकर युवा आगे बढ़ सकते हैं। बच्चों को अपनी रुचि के अनुसार खेल, शिक्षा, चिकित्सा एवं अन्य क्षेत्रों में करियर बनाने के लिए प्रेरित किया।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में देश और हरियाणा प्रदेश निरंतर प्रगति की ओर अग्रसर हैं।

भाजपा सरकार द्वारा लागू की गई बिना खर्ची, बिना पर्ची नीति ने युवाओं को समान अवसर प्रदान करने का ऐतिहासिक कार्य किया है, जिससे आज गरीब परिवारों के बच्चे भी अपनी मेहनत के दम पर उच्च सरकारी पद प्राप्त कर रहे हैं।

इस दौरान अनेक पार्टी पदाधिकारी ,कार्यकर्ता तथा गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# बगलामुखी कॉलेज की छात्राओं ने 97 प्रतिशत अंक प्राप्त कर पंजाबी यूनिवर्सिटी में टॉप किया : चेयरमैन नरेश अग्रवाल

**(रघुनंदन पराशर जैतो दैनिक समाज जागरण चीफ ब्यूरो पंजाब)**



बठिंडा (पंजाब), 25 अप्रैल : पंजाबी यूनिवर्सिटी पटियाला ने बी.एड द्वितीय वर्ष का परिणाम घोषित कर दिया है, जिसमें इस क्षेत्र के प्रसिद्ध शैक्षणिक संस्थान, बगलामुखी कॉलेज ऑफ एजुकेशन, बल्लुआना, बठिंडा का परिणाम 100 प्रतिशत रहा। आज जानकारी देते हुए कॉलेज के चेयरमैन नरेश अग्रवाल ने बताया कि बगलामुखी कॉलेज ऑफ एजुकेशन, बल्लुआना की तरनवीर शर्मा, दविंदर कौर और बिपाशा मेहता ने 97 प्रतिशत अंक लाकर प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि रिपजीत कौर और किरण कुमारी ने 96.66 प्रतिशत अंक लाकर द्वितीय स्थान प्राप्त किया। वहीं, नवजोत कौर, नवदीप कौर, सरबजीत कौर, पुरनजीत कौर, रूपिंदर कौर, सिमरन, जिंगनेम वेपरी, वीरपाल कौर, प्रीति कुमारी, भूमिका और नवनीत ने 96.33 प्रतिशत अंक प्राप्त करके तृतीय स्थान प्राप्त किया। चेयरमैन नरेश अग्रवाल ने बताया कि 18 छात्राओं ने 96 प्रतिशत अंक, 13 छात्राओं ने 95.66 प्रतिशत, 23 छात्राओं ने 95.33 प्रतिशत, 11 छात्राओं ने 95 प्रतिशत, 11 छात्रो ने 94.66 प्रतिशत और 6 छात्राओं ने 94.33 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। छात्राओं की इस महान उपलब्धि पर कॉलेज की एम.डी. कसीस अग्रवाल, डायरैक्टर सरबजीत कौर, प्रिंसिपल डॉ. प्रभजोत कौर, प्रोफेसर कमलजीत कौर, प्रो. मनदीप कौर, प्रो. वीरपाल कौर, प्रो.यादविंदर सिंह, प्रो. सविता रानी, प्रो. किरणजीत कौर, प्रो. पूनम शर्मा, प्रो. हरजीत कौर, प्रो. अरसनूर महोमद और समस्त स्टाफ ने उन्हें बधाई दी और कहा कि छात्राओं ने न केवल अच्छे अंक लेकर कॉलेज का गौरव बढ़ाया है, बल्कि उन्होंने अपने गांव और माता-पिता का भी नाम रोशन किया है। छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्होंने कहा कि उन्हें जीवन में सफल शिक्षक बनना चाहिए और बच्चों को एक नया जीवन देना चाहिए। बगला मुखी कालेज की छात्राओं जिन्होंने यूनिवर्सिटी में टॉप किया।

# जिले भर के रेलवे स्टेशनों पर पुलिस ने चलाया स्पैशल चैकिंग ऑपरेशन

## पुलिस लोगों की सुरक्षा के लिए पूरी तरह से तैयारः एस.एस.पी. डॉ. प्रज्ञा जैन

**(रघुनंदन पराशर समाज जागरण चीफ ब्यूरो पंजाब)**



जैतो, 25 अप्रैल : डॉ. प्रज्ञा जैन (आई.पी.एस).एस.एस.पी फरीदकोट के नेतृत्व में फरीदकोट पुलिस जिले में कानून व्यवस्था की स्थिति बनाए रखने और हर तरह की संदिग्ध गतिविधियों पर कड़ी नजर रखने के लिए लगातार असरदार कदम उठा रही है। इसी सिलसिले में आज फरीदकोट पुलिस ने एंटी-सैबोटेज टीमों और डॉग स्क्वॉड की मदद से रेलवे स्टेशनों पर स्पेशल चेकिंग ऑपरेशन चलाया। इस दौरान पुलिस टीमों ने रेलवे स्टेशनों के हर हिस्से की अच्छी तरह से तलाशी ली। संदिग्ध लोगों को रोककर उनसे पूछताछ की गई और उनकी पहचान की पूरी तरह से जांच की गई। इस ऑपरेशन के दौरान GRP पुलिस कर्मियों की मदद से यात्रियों के सामान की भी जांच की गई। रेलवे स्टेशन पर बिना किसी वजह के मौजूद लोगों को रोककर उनकी पहचान और गतिविधियों के बारे में जानकारी हासिल की गई। इसके अलावा, रेलवे स्टेशन की पार्किंग में खड़ी गाड़ियों की 'Vahan App' से चेकिंग की गई, ताकि किसी भी संदिग्ध या बिना कागजात वाली गाड़ी की तुरंत पहचान की जा सके।

इस बारे में जानकारी देते हुए SSP फरीदकोट डॉ. प्रज्ञा जैन ने कहा कि पब्लिक सेफ्टी पक्का करना और लॉ एंड ऑर्डर बनाए रखना फरीदकोट पुलिस की पहली प्राथमिकता है। एंटी-सैबोटेज और डॉग स्क्वायड टीमों की मदद से स्पेशल जांच ऑपरेशन चलाने का मकसद यह पक्का करना है कि कोई भी शरारती तत्व पब्लिक सेफ्टी में खलल न डाल सके। उन्होंने आगे कहा कि पब्लिक जगहों पर जागरूकता और सिक्योरिटी पहली प्राथमिकता है। हम सभी नागरिकों से अपील करते हैं कि वे किसी भी संदिग्ध व्यक्ति या एक्टिविटी के बारे में तुरंत पुलिस के साथ जानकारी शेयर करें, ताकि किसी भी संदिग्ध एक्टिविटी को कंट्रोल किया जा सके।

# भीषण गर्मी को लेकर IMD का अलर्ट, लू से बचाव के लिए जारी किए दिशानिर्देश

**समाज जागरण**

नई दिल्ली। देश के कई हिस्सों में लगातार बढ़ते तापमान को देखते हुए भारत मौसम विज्ञान विभाग ने लू (हीट वेव) को लेकर व्यापक दिशानिर्देश जारी किए हैं। विभाग ने नागरिकों से सतर्क रहने और आवश्यक एहतियात अपनाने की अपील की है, क्योंकि उत्तर-पश्चिम, मध्य और प्रायद्वीपीय भारत के कई क्षेत्रों में तापमान सामान्य से अधिक दर्ज किया जा रहा है।

आईएमडी के अनुसार, वर्तमान में कई राज्यों में अधिकतम तापमान 40 से 44 डिग्री सेल्सियस के बीच बना हुआ है। श्री गंगानगर में सबसे अधिक 44.5 डिग्री सेल्सियस तापमान रिकॉर्ड किया गया है, जो बढ़ते तापीय तनाव का संकेत है। कई क्षेत्रों में तापमान सामान्य से 5 डिग्री या उससे अधिक तक बढ़ चुका है, जिससे स्वास्थ्य संबंधी जोखिम भी बढ़ गए हैं।

मौसम विभाग ने अनुमान जताया है कि आने वाले दिनों में दिल्ली, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, मध्य प्रदेश समेत उत्तर-पश्चिम और मध्य भारत के कई हिस्सों में लू चलने की प्रबल संभावना है। वहीं तटीय राज्यों में गर्म और उमस भरा मौसम बना रहेगा, जबकि उत्तर भारत के कुछ क्षेत्रों में रात के समय भी गर्मी का असर जारी रह सकता है।

आईएमडी ने बताया कि 27 अप्रैल तक उत्तर-पश्चिम भारत में तापमान में विशेष बदलाव की संभावना नहीं है, इसके बाद धीरे-धीरे गिरावट दर्ज की जा सकती है। वहीं अन्य क्षेत्रों में पहले तापमान बढ़ने और फिर कम होने का अनुमान है।

लू से बचाव के लिए विभाग ने कुछ महत्वपूर्ण सुझाव भी दिए हैं। नागरिकों को दोपहर के समय सीधे धूप में जाने से बचने, पर्याप्त मात्रा में पानी पीने, हल्के और ढीले कपड़े पहनने तथा अत्यधिक गर्मी के दौरान भारी शारीरिक गतिविधियों से परहेज करने की सलाह दी गई है। विशेष रूप से बच्चों, बुजुर्गों और बीमार व्यक्तियों को अतिरिक्त सावधानी बरतने के लिए कहा गया है।

आईएमडी ने यह भी स्पष्ट किया है कि हीट एग्जॉस्टशन और हीट स्ट्रोक जैसी गंभीर बीमारियों से बचाव के लिए जागरूकता और समय पर सावधानी बेहद जरूरी है। विभाग ने अगले सात दिनों तक कई क्षेत्रों में लू की स्थिति बने रहने की संभावना जताई है।

मौसम विभाग लगातार स्थिति पर नजर बनाए हुए है और समय-समय पर चेतावनी जारी कर रहा है। नागरिकों को सलाह दी गई है कि वे आधिकारिक स्रोतों से मौसम संबंधी ताजा जानकारी लेते रहें और सुरक्षा उपायों का पालन करें।

# विजीलैंस ने जैतो पुलिस के कांस्टेबल को 5000 रुपए रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़ा

**(रघुनंदन पराशर समाज जागरण चीफ ब्यूरो पंजाब)**

जैतो, 25 अप्रैल : राज्य में भ्रष्टाचार के खिलाफ चल रही मुहिम के दौरान, पंजाब विजिलैंस ब्यूरो ने जैतो पुलिस स्टेशन, जिला फरीदकोट में तैनात सीनियर कांस्टेबल विक्रम शर्मा को 5000 रुपए की रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़ा है। इस बारे में जानकारी देते हुए राज्य विजिलेंस ब्यूरो के एक आधिकारिक प्रवक्ता ने आज बताया कि उपरोक्त आरोपी को तहसील जैतो, जिला फरीदकोट के एक निवासी की शिकायत के आधार पर गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने बताया कि शिकायतकर्ता के खिलाफ एक झगड़े की शिकायत मिली थी, जिसके तहत आरोपी सीनियर कांस्टेबल शिकायतकर्ता को उसकी ऑल्टो कार के साथ जैतो पुलिस स्टेशन, जिला फरीदकोट लाया था। इसके बाद दोनों पक्षों के बीच समझौता हो गया। इस बारे में, शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया कि आरोपी सीनियर कांस्टेबल ने उसकी ऑल्टो कार पुलिस स्टेशन में रखी और उसकी कार छोड़ने के बदले 5000 रुपये की रिश्वत मांगी। शिकायतकर्ता ने रिश्वत की मांग के बारे में पूरी बातचीत रिकॉर्ड कर ली थी। शिकायत करने वाला रिश्वत नहीं देना चाहता था, इसलिए उसने विजिलेंस ब्यूरो यूनिट, फरीदकोट से संपर्क किया। उसकी शिकायत पर शुरूआती जांच के बाद, विजिलेंस ब्यूरो टीम ने जाल बिछाया, जिसके दौरान आरोपी सीनियर कांस्टेबल को दो सरकारी गवाहों की मौजूदगी में शिकायत करने वाले से 5000 रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों पकड़ा गया। इस संबंध में, आरोपी के खिलाफ प्रिवेंशन ऑफ करप्शन एक्ट के तहत विजिलेंस ब्यूरो पुलिस स्टेशन फिरोजपुर में केस दर्ज किया गया है और मामले की आगे की जांच चल रही है।

# मध्यम वर्ग में शिवाजी सदन ने हासिल की धमाकेदार जीत

**दैनिक समाज जागरण, जिला संवाददाता। ( महेन्द्र जावला बहल )**

बहल। बीआरसीएम ज्ञानकुंज स्कूल, बहल में अंतर-सदनीय मध्यम वर्ग की वॉलीबॉल प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया। विद्यालय के प्राचार्य श्री राजेश कुमार झाझरिया और उपप्राचार्या श्रीमती सरस्वती दीक्षित





ने प्रतिभागियों को प्रोत्साहित किया एवं शुभकामनाएं दी। प्रतियोगिता में विद्यालय के चारों सदनों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और खेल भावना का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

रोमांचक मुकाबलों के बाद शिवाजी सदन ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। टैगोर सदन द्वितीय स्थान पर रहा, जबकि अशोका सदन ने तृतीय स्थान हासिल किया। प्रताप सदन को चतुर्थ स्थान प्राप्त हुआ। प्रतियोगिता के दौरान श्री नरेश कुमार और श्री जसविंदर सिंह ने क्रमशः मैच रेफरी एवं निर्णायक की महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। वहीं श्री रामकिशन शर्मा ने समय पालक के रूप में अपनी सेवाएं दीं और भीमसिंह पूनिया ने स्कोरर की जिम्मेदारी का सफलतापूर्वक निर्वहन किया।

विद्यालय प्रशासन ने सभी प्रतिभागियों के प्रयासों की सराहना करते हुए विजेताओं को बधाई दी तथा भविष्य में भी इसी प्रकार उत्कृष्ट प्रदर्शन की कामना की।

# नशा मुक्त भारत अभियान 2.0 ऐप लॉन्च, निगरानी और समन्वय होगा और सशक्त

नई दिल्ली, 25 अप्रैल 2026। सामाजिक न्याय और अधिकारिता विभाग ने नशे की समस्या से निपटने के लिए एक बड़ा कदम उठाते हुए नशा मुक्त भारत अभियान 2.0 ऐप लॉन्च किया है। यह ऐप दवाओं की मांग में कमी के लिए राष्ट्रीय कार्य योजना के तहत निगरानी और संस्थागत समन्वय को और मजबूत करेगा।

इस उन्नत ऐप का शुभारंभ 24 अप्रैल 2026 को चंडीगढ़ में आयोजित चिंतन शिविर में किया गया, जिसमें पंजाब के राज्यपाल एवं चंडीगढ़ के प्रशासक गुलाब चंद कटारिया और केंद्रीय मंत्री डॉ. वीरेंद्र कुमार उपस्थित रहे। सरकार द्वारा शुरू किया गया नशा मुक्त भारत अभियान पहले 272 संवेदनशील जिलों में लागू था, जिसे अब देश के सभी जिलों तक विस्तारित कर दिया गया है। अब तक इस अभियान के तहत 8.3 लाख से अधिक गतिविधियों के माध्यम से 26 करोड़ से ज्यादा लोगों को जागरूक किया जा चुका है, जिनमें बड़ी संख्या में युवा और महिलाएं शामिल हैं।

# स्वामी विवेकानंद कल्चरल सेंटर, एम्बेसी ऑफ इंडिया, बैंकॉक ने 24 अप्रैल 2026 को SVCC परिसर में इंडियन काउंसिल फॉर कल्चरल रिलेशंस के 77वें स्थापना दिवस के मौके पर ICCR डे मनाया।

**समाज जागरण**

इस खास मौके पर, एम्बेसी ऑफ इंडिया,बैंकॉक की चार्ज डी अफेयर्स, सुश्री पॉलोमी त्रिपाठी ने शुरूआती भाषण दिया और

कल्चरल डिप्लोमेसी को मजबूत करने और शिक्षा, कला और

कल्चरल एक्सचेंज के जरिए दोस्ती को बढ़ावा देने में ICCR के महत्व पर जोर दिया। चीफ गेस्ट, एसोसिएट प्रो. चोल्वित जेराजित, प्रेसिडेंट, श्रीनाखरिनविरोट यूनिवर्सिटी ने एक प्रेरणा देने वाली बात कही और ICCR के साथ अपने समृद्ध सफर के बारे में बताया, जिसमें भारत और



थाईलैंड के बीच मजबूत एकेडमिक और कल्चरल रिश्तों पर बात की गई। ICCR के पुराने छात्र, नेशनल हेल्थ सिक्योरिटी ऑफिस के एक्सपर्ट, श्री पाकपोंग और होममेडस्टे कंपनी लिमिटेड के CEO और मैनेजिंग डायरेक्टर, श्री वोरपन ने भी ICCR स्कॉलरशिप प्रोग्राम के जरिए भारत में पढ़ाई के अपने कीमती अनुभव शेयर किए। उन्होंने मौकों और ज़िंदगी भर के रिश्ते के लिए अपना आभार जताया है।

सेलिब्रेशन में चार चांद लगाते हुए, ICCR के पुराने स्टूडेंट मिस्टर एकलक नु-नगोएन ने एक शानदार सोलो भरतनाट्यम पेश किया। ICCR के पुराने स्टूडेंट और SVCC टीचर मिस इंगकारत शिवमथीविथ ने डॉ. अग्रिंद्र राजेंद्र, मिस यानिसा ओनजितपन और मिस्टर पोरामिन साख के साथ भरतनाट्यम, कथक, थाई क्लासिकल और फोक डांस की शानदार फ्यूजन परफॉर्मेंस दी और सेलिब्रेशन को मजेदार और यादगार बना दिया। ICCR डे सेलिब्रेशन में जाने-माने मेहमान, ICCR के पुराने स्टूडेंट, इंडियन डायस्पोरा के सदस्य और थाईलैंड में भारतीय दूतावास के ऑफिसर/ऑफिशियल शामिल हुए,

जिसमें लगभग 110 जोशीले पार्टिसिपेंट शामिल थे जिम्मी मिश्रा बैंकॉक थाईलैंड

# अरपा नदी के माटी नाला पुल से रातभर अवैध रेत परिवहन, अधिकारियों पर संरक्षण के आरोप

**समाज जागरण विजय तिवारी**

बिलासपुर/जिला बिलासपुर के अंतर्गत आने वाले ग्राम खोंगसरा स्थित माटी नाला (अरपा नदी) पुल से रातभर अवैध रेत परिवहन का मामला सामने आया है। स्थानीय सूत्रों के अनुसार, यह पूरा कारोबार जिला गौरेला-पेंड्रा-मरवाही के खनन विभाग से जुड़े अधिकारियों की मिलीभगत से संचालित हो रहा है। जानकारी के मुताबिक, खनन विभाग के अधिकारी सतीश साहू के नाम पर अवैध वसूली कर रेत से भरे ट्रैक्टर-ट्रॉली और हाइवा वाहनों को बिना रोक-टोक गुजरने दिया जा रहा है। आरोप है कि रात के अंधेरे में बड़े पैमाने पर रेत का उत्खनन और परिवहन किया जा रहा है, जिससे शासन को लाखों रुपये के राजस्व की क्षति हो रही है।

स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि इस अवैध कारोबार में खोंगसरा के कुछ बिचौलिये सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं, जो नदी में खड़े होकर सीधे वाहनों से वसूली करते हैं। साथ ही गौरेला जिले के पिपखुटी ग्राम के कुछ लोगों की भी इसमें संलिप्तता बताई जा रही है, जिन्हें संबंधित अधिकारी का करीबी माना जाता है। ग्रामीणों का कहना है कि कई बार शिकायत के बावजूद प्रशासन की ओर से कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई, जिससे अवैध रेत परिवहन करने वालों के हौसले बुलंद हैं। लगातार हो रहे अवैध उत्खनन से नदी के अस्तित्व और पर्यावरण को भी गंभीर खतरा उत्पन्न हो रहा है।

**प्रशासन से मांग:**

क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों ने कलेक्टर एवं खनिज विभाग के उच्च अधिकारियों से मांग की है कि मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की जाए तथा अवैध रेत परिवहन पर तत्काल रोक लगाई जाए।

# ब्यौहारी क्षेत्र में नदी-नालों से बेखौफ हो रहा खनन , प्रशासनिक उदासीनता से माफिया के हौसले बुलंद

**समाज जागरण शहडोल**

ब्यौहारी क्षेत्र में अवैध रेत उत्खनन का कारोबार दिनों दिन बढ़ता जा रहा है। नदियों और घाटों से खुलेआम मशीनों के माध्यम से रेत निकाली जा रही है, जिससे पर्यावरणीय संतुलन पर गंभीर असर पड़ने की आशंका जताई जा रही है। स्थानीय ग्रामीणों का आरोप है कि यह पूरा कारोबार लंबे समय से बिना किसी रोक-टोक के चल रहा है, जबकि जिम्मेदार विभागों की भूमिका पर लगातार सवाल उठ रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि शिकायतों के बावजूद खनिज विभाग और स्थानीय प्रशासन द्वारा प्रभावी कार्रवाई नहीं की जा रही है, जिससे अवैध कारोबारियों के हौसले और बुलंद होते जा रहे हैं।

**इन क्षेत्रों में चल रहा उत्खनन**

सूत्र बताते हैं कि ब्यौहारी क्षेत्र के टाँघर, गोल्हारा, बोडिड्या, बोकरा, बोकरी, जरुखुरा सहित आसपास के नदी-घाटों में रात के समय बड़े पैमाने पर अवैध रेत उत्खनन किया जाता है। हाइवा, ट्रैक्टर-ट्रॉली सहित अन्य वाहनों के माध्यम से रेत का परिवहन खुलेआम हो रहा है, जिससे ग्रामीण सड़कों की स्थिति भी खराब हो रही है।

**तीन तिकड़ी पर आरोप**

स्थानीय सूत्रों की माने तो गोल्डी, दीपू और वीरेंद्र की तिकड़ी बोकरा, बोकरी, टॉघर और गोल्हारा क्षेत्र में इस अवैध कारोबार को संचालित करने में सक्रिय बताई जा रही है। वहीं बोडिड्या क्षेत्र में कथित निशांत नाम के व्यक्ति की भूमिका की भी चर्चा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि कुछ प्रभावशाली लोगों से रेत माफियाओं के संबंध होने के कारण कार्रवाई प्रभावित होती है।

**जनप्रतिनिधियों की भूमिका संदिग्ध**

जनप्रतिनिधियों की भूमिका को लेकर भी क्षेत्र में चचाओं का बाजार गर्म है। सूत्रों की माने तो इस अवैध कारोबार को राजनीतिक संरक्षण प्राप्त होने की आशंका है, जिससे स्थिति और अधिक जटिल हो गई है। हालांकि जनप्रतिनिधियों की ओर से इन आरोपों पर कोई कोई प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है।

**तेज गति से घट रहा जलस्तर**

जानकारों का कहना है कि अनियंत्रित रेत उत्खनन से नदियों का प्राकृतिक प्रवाह बाधित हो रहा है और जलस्तर पर भी असर पड़ रहा है। इससे भविष्य में जल संकट की स्थिति गंभीर हो सकती है। साथ ही नदी किनारे बसे गांवों में कटाव की समस्या भी बढ़ रही है।

**प्रशासन की निष्क्रियता पर सवाल**

खनिज विभाग की भूमिका को लेकर भी स्थानीय लोगों में नाराजगी है। ग्रामीणों का आरोप है कि कभी-कभार की जाने वाली कार्रवाई केवल औपचारिकता बनकर रह जाती है और इसके बाद अवैध उत्खनन फिर से शुरू हो जाता है। क्षेत्र में विशेष जांच अभियान चलाकर सख्त कार्रवाई की मांग की जा रही है।

**पूर्व में हो चुकी है घटनाएं**

स्थानीय लोगों का यह भी कहना है कि ब्यौहारी क्षेत्र में पूर्व में रेत कारोबार से जुड़े विवादों के दौरान एक पटवारी और एक एएसआई की हत्या की घटनाएं सामने आ चुकी हैं। हालांकि इन मामलों में भी अलग-अलग पहलू रहे हैं और प्रशासनिक स्तर पर जांच के बाद ही स्थिति स्पष्ट हुई थी। फिलहाल क्षेत्र में अवैध रेत उत्खनन का खेल बेरोकटोक जारी है और प्रशासन की चुप्पी कई गंभीर सवाल खड़े कर रही है। जैतपुर लुकामपुर का भी यही है हाल बुढार जनपद पंचायत के अंतर्गत जैतपुर एवं लोकामपुर में भी अवैध रेत का उत्खनन हो रहा है। कुनुक नदी से अवैध रूप से ट्रैक्टरों के माध्यम से बालू का परिवहन किया जा रहा है। जैतपुर पुलिस की निष्क्रियता से अवैध खनन का सिलसिला बढ़ता ही जा रहा है।

# आधी रात के बाद खौफ का स्टेशन बना पेण्ड्रा, कानून व्यवस्था बेअसर

## RPF–पुलिस नदारद, नशा और गुंडागर्दी का खुला खेल

**समाज जागरण**

पेण्ड्रा। जिले का प्रमुख पेण्ड्रा रेलवे स्टेशन अब यात्रियों के लिए सुरक्षित ठिकाना नहीं रह गया है। रात 12 बजे के बाद स्टेशन

परिसर अपराधियों और असामाजिक तत्वों के कब्जे में नजर आता है, जहां मारपीट, गाली-गलौज

और महिलाओं के साथ अभद्रता जैसी घटनाएं लगातार सामने आ रही हैं। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, जैसे ही रात गहराती है, स्टेशन परिसर में नशेड़ियों और असामाजिक तत्वों का जमावड़ा लग जाता है। चाय ठेलों की आड़ में नशे की सामग्री का खुलेआम अवैध विक्रय किया जा रहा है, जिससे माहौल और बिगड़ रहा है। कई बार यात्रियों को डर के साये में रात गुजारनी पड़ रही है।

सबसे गंभीर बात यह है कि इस पूरे घटनाक्रम के दौरान Railway Protection Force (RPF)

और स्थानीय पुलिस की मौजूदगी लगभग शून्य रहती है। सुरक्षा एजेंसियों की इस लापरवाही ने अपराधियों के हौसले बुलंद कर दिए हैं।महिला सुरक्षा पर भी गहरा संकटरात के समय महिला यात्रियों के साथ छेड़छाड़ और अभद्रता की घटनाएं बढ़ रही हैं, जिससे स्टेशन पर महिलाओं का आना-जाना असुरक्षित हो गया है।

प्रशासन की चुप्पी पर उठ रहे सवाल लगातार बढ़ती घटनाओं के बावजूद जिम्मेदार विभागों की चुप्पी समझ से परे है। आखिर कब तक आम जनता अपनी सुरक्षा को लेकर असुरक्षित महसूस करती रहेगी?

**जनता की सीधी मांग**

रात में RPF पुलिस की सख्त गश्त सुनिश्चित हो स्टेशन परिसर में नशे व अवैध गतिविधियों पर तत्काल रोक लगे असामाजिक तत्वों के खिलाफ सख्त कार्रवाई हो

CCTV निगरानी व सुरक्षा व्यवस्था मजबूत की जाए

अगर जल्द ठोस कदम नहीं उठाए गए, तो पेण्ड्रा रेलवे स्टेशन अपराध का स्थायी अड्डा बन सकता है। अब जिम्मेदारों की कार्रवाई पर सबकी नजर टिकी है।

# कोतमा थाना प्रभारी के संरक्षण में फल-फूल रहा अवैध कबाड़ कारोबार, कोल माइंस को करोड़ों की चपत

## कीमती स्पेयर पार्ट्स कबाड़ के नाम पर खपाए जा रहे , थाना से चंद कदमों की दूरी पर संचालित दुकान पर उठे सवाल

**समाज जागरण**

कोतमा क्षेत्र में अवैध गतिविधियों का जाल दिन-ब-दिन गहराता जा रहा है। ताजा मामला अवैध कबाड़ कारोबार से जुड़ा है, जहां आरोप है कि थाना प्रभारी के संरक्षण में अजय और विजय नामक व्यक्तियों द्वारा लंबे समय से कबाड़ का अवैध व्यापार संचालित किया जा रहा है। इस कारोबार के जरिए कोल माइंस के बेशकीमती स्पेयर पार्ट्स को कबाड़ के रूप में खपाया जा रहा है, जिससे सरकारी संपत्ति को लाखों-करोड़ों रुपए का नुकसान हो रहा है। हैरानी की बात यह है कि यह पूरा खेल थाना परिसर से चंद कदमों की दूरी पर खुलेआम चल रहा है।

**कोल माइंस के कीमती सामान की हो रही अवैध खपत**

सूत्रों के अनुसार, कोल माइंस में उपयोग होने वाले महंगे मशीनरी पार्ट्स और उपकरणों को योजनाबद्ध तरीके से कबाड़ घोषित कर दिया जाता है। इसके बाद इन्हें अजय-विजय के कबाड़ केंद्रों तक पहुंचाया जाता है, जहां से यह सामग्री या तो सस्ते दामों में बेची जाती है या फिर आगे अवैध चैनलों के माध्यम से खपा दी जाती है।

इस पूरे खेल में बड़े पैमाने पर आर्थिक अनियमितता की आशंका जताई जा रही है, जिससे सरकारी खजाने को भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है।

**थाना के पास संचालित दुकान पर उठ रहे सवाल**

सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि जिस स्थान पर यह अवैध कबाड़ दुकान संचालित हो रही है, वह कोतमा थाना से महज कुछ ही दूरी पर स्थित है। ऐसे में स्थानीय लोगों के बीच यह चर्चा आम है कि बिना पुलिस की जानकारी या संरक्षण के इतने लंबे समय तक यह कारोबार संभव नहीं हो सकता।

लोगों का कहना है कि यदि प्रशासन चाहे तो एक दिन में इस अवैध नेटवर्क का भंडाफोड़ किया जा सकता है, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है।

**रात में घरों की रेकी, चोरी की घटनाएं बढ़ीं**

स्थानीय निवासियों ने यह भी आरोप लगाया है कि कबाड़ कारोबार से जुड़े कुछ लोग रात के समय घरों की निगरानी (रेकी) करते हैं और मौका मिलते ही ताले तोड़कर चोरी की घटनाओं को अंजाम देते हैं।

इससे क्षेत्र में भय का माहौल बन गया है। लोग अपने घरों और संपत्ति की सुरक्षा को लेकर चिंतित हैं, लेकिन शिकायतों के बावजूद ठोस कार्रवाई न होने से लोगों में आक्रोश बढ़ रहा है।

**दशकों से संचालित अवैध कारोबार**

जानकारी के अनुसार, यह कबाड़ का अवैध कारोबार कोई नया नहीं है, बल्कि कई दशकों से संचालित हो रहा है। समय-समय पर इस पर सवाल उठते रहे हैं, लेकिन हर बार मामला दबा दिया जाता है।

इससे यह संकेत मिलता है कि इस नेटवर्क में केवल स्थानीय स्तर ही नहीं, बल्कि बड़े स्तर पर भी मिलीभगत हो सकती है।

**प्रशासनिक चुप्पी पर उठ रहे सवाल**

इतने गंभीर आरोपों और लगातार मिल रही शिकायतों के बावजूद संबंधित विभागों और प्रशासन की चुप्पी कई सवाल खड़े करती है। क्या यह केवल लापरवाही है या फिर जानबूझकर कार्रवाई से बचा जा रहा है? यह सवाल अब आम जनता के बीच चर्चा का विषय बन चुका है।

**जनता की मांग - हो निष्पक्ष जांच और कड़ी कार्रवाई**

स्थानीय लोगों और सामाजिक संगठनों ने मांग की है कि इस पूरे मामले की उच्च स्तरीय निष्पक्ष जांच कराई जाए।

यदि आरोप सही पाए जाते हैं, तो संबंधित दोषियों के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में इस तरह की अवैध गतिविधियों पर रोक लगाई जा सके। कोतमा क्षेत्र में चल रहा यह कथित अवैध कबाड़ कारोबार न केवल सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचा रहा है, बल्कि कानून-व्यवस्था पर भी गंभीर प्रश्नचिह्न खड़ा कर रहा है। अब देखने वाली बात यह होगी कि प्रशासन इस मामले को कितनी गंभीरता से लेता है और क्या वाकई इस नेटवर्क पर शिकंजा कसने की दिशा में कोई ठोस कदम उठाया जाता है या नहीं।

# खेर माई धाम में मां संतोषी की प्राण प्रतिष्ठा आज, भक्ति से आलोकित हुआ अनूपपुर

**समाज जागरण**

अनूपपुर की पावन धरती पर आज खेर माई धाम मंदिर में माँ संतोषी की नवीन प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा का दिव्य आयोजन संपन्न होगा। नगर सहित आसपास के क्षेत्रों में श्रद्धा, भक्ति और उत्साह का अनुपम वातावरण व्याप्त है।

अनूपपुर। धर्मनगरी अनूपपुर में स्थित खेर माई धाम पटौरा टोला बिजली ऑफिस के पास में माँ संतोषी की नवीन प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर इन दिनों आध्यात्मिक उल्लास अपने चरम पर है। नगर के समाजसेवी रवि अग्रवाल (जैतहरी वाले) के द्वारा निर्मित नवीन मंदिर में यह भव्य धार्मिक अनुष्ठान पूर्वजों के आशीर्वाद एवं माँ भगवती की कृपा से विधिवत संपन्न किया जा रहा है। आयोजन में नगर सहित ग्रामीण अंचलों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु सहभागिता कर धर्मलाभ अर्जित कर रहे हैं।



इस पावन अनुष्ठान का शुभारंभ 23 अप्रैल, गुरुवार को भव्य कलश यात्रा एवं पंचांग पूजन के साथ हुआ, जिसमें मातृशक्ति की विशेष सहभागिता देखने को मिली। इसके उपरांत 24 अप्रैल, शुक्रवार को पीठ पूजन, अन्नाधिवास एवं जलाधिवास जैसे वैदिक कर्मकांड विद्वान आचार्यों के निर्देशन में संपन्न हुए। 25 अप्रैल, शनिवार को शैय्याधिवास, द्रव्याधिवास, फलाधिवास, पुष्पाधिवास एवं पाठ पूजन के कार्यक्रम वैदिक मंत्रोच्चार के मध्य संपन्न हुए, जिससे सम्पूर्ण वातावरण आध्यात्मिक ऊर्जा से ओतप्रोत हो उठा।

मुख्य अनुष्ठान 26 अप्रैल, रविवार को देवी पूजन, प्राण प्रतिष्ठा, हवन एवं पूणार्हुति के साथ संपन्न होगा, जिसका श्रद्धालुओं को विशेष प्रतीक्षा है। इस दिव्य आयोजन का समापन 27 अप्रैल, सोमवार को विशाल भंडारे एवं प्रसाद वितरण के साथ किया जाएगा, जिसमें समस्त श्रद्धालुओं को आमंत्रित किया गया है। यह समस्त धार्मिक अनुष्ठान श्री श्री 1008 मलूक पीठाधीश्वर राजेंद्र दास जी महाराज (श्रीधाम वृन्दावन) एवं विद्वान आचार्य पं. हरिभजन अवस्थी के सानिध्य में संपन्न हो रहा है। आयोजनकर्ता रवि अग्रवाल एवं प्रभा अग्रवाल ने सभी धर्मप्रेमी नागरिकों से सपरिवार उपस्थित होकर माँ संतोषी का आशीर्वाद प्राप्त करने एवं इस पुण्य अवसर के सहभागी बनने की अपील की है।

# अनूपपुर में यातायात तंत्र बेपटरी, दो - दो प्रभार के बीच लापरवाही चरम पर

## ओवरलोड राखड़-कोयला गाड़ियां बन रहीं जानलेवा

**समाज जागरण अनूपपुर।**

जिला अनूपपुर में यातायात विभाग की लापरवाही अब किसी से छिपी नहीं है। सड़कों पर रोजाना हो रहे जाम, नियमों की खुलेआम अनदेखी और बढ़ती दुर्घटनाएं इस बात की गवाही दे रही हैं कि यातायात व्यवस्था पूरी तरह चरमरा चुकी है। इस बिगड़ती व्यवस्था के पीछे जो सबसे बड़ा कारण सामने आ रहा है, वह है एक ही यातायात प्रभारी के पास दो-दो महत्वपूर्ण प्रभार होना। जानकारी के अनुसार वर्तमान यातायात प्रभारी एक ओर यातायात चौकी फुनगा का प्रभार संभाल रहे हैं, वहीं दूसरी ओर पूरे जिले के जिला यातायात प्रभारी की जिम्मेदारी भी उन्हीं के पास है। दोहरी जिम्मेदारी का सीधा असर जिले की सड़कों पर दिख रहा है। निगरानी कमजोर पड़ गई है और इसी का फायदा उठाकर ओवरलोड राखड़ और कोयला से भरी भारी गाड़ियां बेखौफ दौड़ रही हैं।

**न नियमों का डर, न कार्रवाई का असर**

दोपहिया वाहन बिना हेलमेट, चारपहिया बिना सीट बेल्ट, नाबालिग वाहन चालक और गलत साइड से फर्राटा भरते वाहन आम बात हो गई है। वहीं दूसरी ओर भारी वाहन क्षमता से कहीं अधिक वजन लेकर सड़कों पर दौड़ रहे हैं। ओवरलोड राखड़ व कोयला गाड़ियां न सिर्फ यातायात नियमों की धज्जियां उड़ा रही हैं, बल्कि सड़कों की हालत भी खराब कर रही हैं।सड़कें टूट रहीं, सेहत पर भी असर स्थानीय नागरिकों का कहना है कि ओवरलोड वाहनों से सड़कों पर गड्ढे बढ़ते जा रहे हैं। राखड़ उड़ने से आसपास के इलाकों में धूल प्रदूषण फैल रहा है, जिससे बच्चों और बुजुर्गों को सांस संबंधी परेशानी हो रही है। कई बार इन भारी वाहनों की वजह से छोटे वाहन चालकों को जान जोखिम में डालकर साइड देना पड़ता है।

**बाजारों में जाम, आपात सेवाएं भी परेशान**

अनूपपुर शहर के बाजार क्षेत्रों और बस स्टैंड के आसपास अव्यवस्थित पार्किंग के कारण घंटों जाम लगना आम हो गया है। एंबुलेंस जैसी आपातकालीन सेवाओं को भी निकलने में दिक्कत आती है, लेकिन नियमित चेकिंग और सख्त कार्रवाई के अभाव में स्थिति जस की तस बनी हुई है।जनता में बढ़ता आक्रोश यातायात विभाग की इस उदासीनता को लेकर आम लोगों में गुस्सा है। नागरिकों का कहना है कि चालान अभियान सिर्फ दिखावे तक सीमित रहते हैं, जबकि प्रभावशाली और भारी वाहन चालकों पर हाथ डालने से विभाग कतराता नजर आता है। लोग सवाल उठा रहे हैं कि क्या दो-दो प्रभार के कारण जिले की यातायात व्यवस्था भगवान भरोसे छोड़ दी गई है?प्रशासन से ठोस और

**तत्काल कार्रवाई की मांग**

जरूरत इस बात की है कि जिला प्रशासन या तो यातायात प्रभारी से एक प्रभार हटाए या जिले में अतिरिक्त यातायात अधिकारियों की तैनाती करे। साथ ही ओवरलोड राखड़ और कोयला गाड़ियों पर नियमित वजन जांच, सख्त चालानी कार्रवाई और स्थायी निगरानी व्यवस्था लागू की जाए।यदि समय रहते

विभाग ने अपनी कार्यप्रणाली नहीं बदली, तो अनूपपुर की सड़कों पर हालात और भी भयावह हो सकते हैं। अब सवाल साफ है–कब सुधरेगा जिला अनूपपुर का यातायात तंत्र और कब रुकेगी ओवरलोड वाहनों की मनमानी?

# कटनी जिले में अवैध रेत उत्खनन और ओवरलोडिंग ने तोड़ा प्रशासन का दावा

**समाज जागरण**

कटनी जिला इन दिनों अवैध रेत उत्खनन और ओवरलोड परिवहन का बड़ा केंद्र बनता जा रहा है। नदियों के घाटों से रात के अंधेरे में रेत का अवैध उत्खनन हो रहा है, जबकि दिन में ओवरलोड रेत से भरे डंपर और ट्रक बिना रोक-टोक सड़कों पर दौड़ते नजर आ रहे हैं। स्थिति यह है कि प्रशासन द्वारा की जाने वाली कार्रवाई केवल कागजों तक सीमित होकर रह गई है।

जानकारों के अनुसार कटनी जिले की प्रमुख नदियों और आसपास के रेत घाटों पर नियमों को ताक पर रखकर भारी मशीनों से उत्खनन कराया जा रहा है। शासन के स्पष्ट निर्देश हैं कि खनन सीमित दायरे और तय मात्रा में ही किया जाना चाहिए, लेकिन जमीनी हकीकत इससे बिल्कुल उलट है। कई स्थानों पर तो नदी के बीच तक जेसीबी और पोकलेन मशीनें पहुंचाई जा रही हैं, जिससे नदी का प्राकृतिक स्वरूप बिगड़ रहा है और पर्यावरणीय संतुलन पर गंभीर खतरा मंडरा रहा है। अवैध उत्खनन के साथ-साथ ओवरलोड रेत परिवहन भी बड़ी समस्या बन चुका है। ग्रामीण और शहरी मार्गों पर क्षमता से कहीं अधिक रेत लादकर वाहन चलाए जा रहे हैं। इससे जहां सड़कें कम समय में जर्जर हो रही हैं, वहीं आम लोगों की जान भी खतरे में पड़ गई है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि रात के समय तेज रफ्तार ओवरलोड ट्रकों की आवाजाही के कारण हादसों का डर बना रहता है, लेकिन शिकायतों के बावजूद कोई ठोस कार्रवाई नहीं हो रही।

सूत्रों का आरोप है कि रेत माफिया के नेटवर्क के आगे संबंधित विभाग असहाय नजर आ रहे हैं। खनिज विभाग, परिवहन विभाग और पुलिस के बीच समन्वय की कमी के कारण अवैध कारोबार निर्बाध रूप से फल-फूल रहा है। कभी-कभार दिखावटी कार्रवाई जरूर होती है, लेकिन उसमें भी छोटे चालकों पर जुमार्ना लगाकर बड़े लोगों को छोड़ दिया जाता है। इस अवैध कारोबार का सीधा असर शासन के राजस्व पर भी पड़ रहा है। सरकार को मिलने वाला करोड़ों रुपये का राजस्व चोरी के रास्ते माफियाओं की जेब में जा रहा है। वहीं दूसरी ओर स्थानीय लोगों को महंगी रेत खरीदने पर मजबूर होना पड़ रहा है, क्योंकि वैध आपूर्ति व्यवस्था ठीक से संचालित नहीं हो रही। पर्यावरणविदों का कहना है कि यदि समय रहते अवैध रेत उत्खनन नहीं रोका गया, तो इसका असर आने वाले वर्षों में और भी गंभीर दिखाई देगा। नदी की धाराएं बदलने, भूजल स्तर गिरने और आसपास के गांवों में कटाव जैसी समस्याएं बढ़ेंगी। इसके बावजूद प्रशासनिक सख्ती का अभाव समझ से परे है।

कटनी जिले के नागरिकों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि अवैध रेत उत्खनन और ओवरलोड परिवहन के खिलाफ स्थायी और प्रभावी कार्रवाई की जाए। सिर्फ छापामार कार्रवाई नहीं, बल्कि दोषी अधिकारियों और माफियाओं पर सख्त कार्यवाही होनी चाहिए, ताकि कानून का भय स्थापित हो सके। अब बड़ा सवाल यही है कि क्या प्रशासन इस गंभीर समस्या पर ठोस कदम उठाएगा या फिर कटनी जिला रेत माफियाओं की गिरफ्त में यूं ही फंसा रहेगा।

# निगोहां में विंध्यवासनी इलेक्ट्रॉनिक शोरूम में भीषण आग, 50 लाख से अधिक का हुआ नुकसान*

**विवेक कुमार दैनिक समाज जागरण संवाददाता**

निगोहां के मदापुर मंदिर चौराहे पर शनिवार दोपहर उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब विंध्यवासिनी इलेक्ट्रॉनिक शोरूम में अचानक भीषण आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और लपटें आसमान छूती नजर आने लगीं। आसपास के लोग दहशत में आ गए और पूरे क्षेत्र में हड़कंप मच गया।स्थानीय लोगों ने पुलिस और फायर ब्रिगेड को सूचना दी। मौके पर पहुंची दमकल विभाग की दो गाड़ियों ने करीब दो घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। आग इतनी तेज थी कि बुझाने के दौरान भी बीच-बीच में लपटें फिर भड़क उठ रही थीं।घटना की सूचना मिलते ही एसीपी विकास पांडे मौके पर पहुंचे और राहत एवं बचाव कार्य की कमान संभाली। सुरक्षा के मद्देनजर पुलिस ने आसपास के लोगों को दूर रखा। साथ ही हाईवे पर स्थिति को देखते हुए वाहनों का रूट डायवर्ट कर दिया गया, जिससे करीब एक घंटे तक यातायात प्रभावित रहा।बताया जा रहा है कि शोरूम मालिक उमाशंकर शुक्ला ऊपर शोरूम में पूजा कर नीचे विंध्यवासिनी ट्रेडर्स पर बैठे थे। इसी दौरान राहगीरों ने पीछे की खिड़की से धुआं उठता देखा और सूचना दी। जब तक लोग ऊपर पहुंचे, तब तक





आग पूरे शोरूम में फैल चुकी थी। इसके बाद शीशे तोड़कर आग बुझाने का प्रयास शुरू किया गया।आग की चपेट में आकर शोरूम में रखा इलेक्ट्रॉनिक सामान व फर्नीचर पूरी तरह जलकर राख हो गया। शोरूम मालिक के अनुसार इस हादसे में करीब 50 से 55 लाख रुपये का नुकसान हुआ है।स्थानीय लोगों ने भी बाल्टियों और पाइप के जरिए आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन लपटें तेज होने के कारण प्रयास सफल नहीं हो सके। हालांकि, लोगों की तत्परता से आग को आसपास की दुकानों तक फैलने से रोक लिया गया।फिलहाल आग लगने के कारणों का पता लगाया जा रहा है।

# सोनभद्र जिले के 41 वें जिलाधिकारी के रूप में श्री चर्चित गौड़ ने किया कार्यभार ग्रहण

**समाज जागरण/ ब्यूरो चीफ विजय कुमार अग्रहरी**



सोनभद्र। नवागत जिलाधिकारी चर्चित गौड़ ने आज जिले के 41वें जिलाधिकारी के रूप में जिला कोषागार के डबल लॉक में विधिवत कार्यभार ग्रहण कर लिया। कार्यभार ग्रहण करने के उपरान्त नवागत जिलाधिकारी श्री चर्चित गौड़ ने कहा कि भूमि विवाद के मामलों को प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण कराया जायेगा, विधि एवं शांति व्यवस्था का अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा और विकासपरक योजनाओं से पात्र लाभार्थियों को लाभान्वित किया जायेगा। नवागत जिलाधिकारी श्री चर्चित गौड़ वर्ष-2016 बैच के भारतीय प्रशासनिक सेवा आई0ए0एस0 कैडर के८ अधिकारी हैं। वर्तमान में उत्तर प्रदेश राज्य औद्योगिक विकास प्राधिकरण में अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी के पद पर थे , इसके पूर्व आगरा में उपाध्यक्ष आगरा विकास प्राधिकरण, फिरोजाबाद में मुख्य विकास अधिकारी पद पर पर तैनात रह चुके हैं। कार्यभार ग्रहण के दौरान मुख्य विकास अधिकारी जागृति अवस्थी, अपर जिलाधिकारी( वि0/रा0) वागीश कुमार शुक्ला, अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) रमेश कुमार, अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे रोहित यादव, वरिष्ठ कोषाधिकारी इन्द्रभान सिंह, अपर जिला सूचना अधिकारी विनय कुमार सिंह,
प्रशासनिक अधिकारी रामलाल यादव , ओ0एस0डी0जिलाधिाकरी राम आधार सहित वरिष्ठ अधिकारीगण, कोषागार के रामवृक्ष सहित सम्बन्धित अधिकारी व कर्मचारीगण मौजूद रहें।

# जनपद के समस्त थानों पर आयोजित हुआ थाना समाधान दिवस, थानों पर सुनी गयी जनता की समस्याएं

**समाज जागरण/ आदिवासी सुनील त्रिपाठी**



सोनभद्र। जनपद के समस्त थानों पर थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। अपर पुलिस अधीक्षक ऑपरेशन श्री ऋषभ रुणवाल द्वारा थाना करमा पर जन समस्याओं को सुना गया तथा समस्त क्षेत्राधिकारीगण / थाना प्रभारीगण द्वारा सम्बन्धित थानों पर जनता की समस्याएं सुनी गयी। समाधान दिवस के दौरान प्राप्त शिकायतों में से अनेक प्रकरणों का मौके पर ही निस्तारण किया गया। इस अवसर पर विशेष रूप से निर्देशित किया गया कि भूमि सम्बन्धी समस्त प्रकरणों का निस्तारण पुलिस व राजस्व विभाग की संयुक्त टीमों द्वारा समन्वय स्थापित करते हुए किया जाए, जिससे फरियादियों को अलग-अलग कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें तथा प्रकरणों का त्वरित, निष्पक्ष एवं न्यायसंगत निस्तारण सुनिश्चित हो सके। जनपद में पूर्व से पुलिस से सम्बन्धित 10 व राजस्व से सम्बन्धित 85 प्रार्थना पत्र लम्बित थे एवं आज के दिन प्राप्त शिकायत प्रार्थना पत्रों में पुलिस से सम्बन्धित कुल 05 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिनमें से 12 प्रार्थना पत्रों का मौके पर ही निस्तारण किया गया। वहीं राजस्व विभाग से सम्बन्धित कुल 72 प्रार्थना पत्रों में से 73 प्रार्थना पत्रों का मौके पर निस्तारण किया गया। शेष बचे प्रार्थना पत्रों के सम्बन्ध में सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही करते हुए शीघ्र निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।

**अपर पुलिस अधीक्षक ऑपरेशन द्वारा थाना करमा का निरीक्षण**

निरीक्षण के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक ऑपरेशन ऋषभ रुणवाल द्वारा थाना करमा की व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया।
उन्होंने अभिलेखों के रख-रखाव, थाना परिसर की साफ-सफाई, मालखाना, बैरक एवं
अन्य व्यवस्थाओं का निरीक्षण करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। साथ ही थाना प्रभारी एवं पुलिस कर्मियों को कानून-व्यवस्था सुदृढ़ बनाए रखने, जनसुनवाई को प्राथमिकता देने एवं शिकायतों का त्वरित व निष्पक्ष निस्तारण सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया गया।

# होमगार्ड भर्ती परीक्षा को निष्पक्ष एवं पारदर्शी ढंग से सम्पन्न कराने हेतु डीएम व एसपी द्वारा औचक निरीक्षण

**समाज जागरण/ आदिवासी सुनील त्रिपाठी**




सोनभद्र। जनपद में आयोजित होमगार्ड भर्ती परीक्षा को निष्पक्ष, शांतिपूर्ण एवं पारदर्शी ढंग से सम्पन्न कराने के उद्देश्य से जिलाधिकारी श्री चर्चित गौड़ एवं पुलिस अधीक्षक सोनभद्र श्री अभिषेक वर्मा द्वारा विभिन्न परीक्षा केन्द्रों का औचक निरीक्षण किया गया।
निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक कार्यालय में स्थापित कंट्रोल रूम, डायट परिसर में बनाए गए स्ट्रांग रूम तथा राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज एवं पॉलिटेक्निक कॉलेज स्थित परीक्षा केन्द्रों का जायजा लिया गया। अधिकारियों द्वारा परीक्षा व्यवस्थाओं, सुरक्षा इंतजामों एवं निगरानी प्रणाली की गहन समीक्षा की गई।
पुलिस अधीक्षक सोनभद्र ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि परीक्षा को त्रुटिरहित एवं पारदर्शी ढंग से सम्पन्न कराना सर्वोच्च प्राथमिकता है। सभी व्यवस्थाएं पूर्ण सतर्कता के साथ सुनिश्चित की जाएं तथा किसी भी प्रकार की लापरवाही या शिथिलता कदापि स्वीकार नहीं की जाएगी। अधिकारियों द्वारा केंद्र व्यवस्थापकों एवं कक्ष निरीक्षकों को निर्देशित किया गया कि अभ्यर्थियों के साथ सौहार्दपूर्ण व्यवहार बनाए रखें तथा उन्हें किसी प्रकार की असुविधा न होने दें। साथ ही, परीक्षा के दौरान सीसीटीवी निगरानी, प्रवेश पत्र जांच एवं सुरक्षा व्यवस्था को प्रभावी बनाए रखने के निर्देश दिए गए। जनपद पुलिस एवं प्रशासन द्वारा परीक्षा को सकुशल एवं निष्पक्ष रूप से सम्पन्न कराने हेतु समुचित प्रबंध सुनिश्चित किए गए हैं।

# सोनभद्र में बाल विवाह की कोशिश नाकाम, दो बालिकाओं का संरक्षण

**समाज जागरण/ ब्यूरो चीफ विजय कुमार अग्रहरी**

सोनभद्र। जिले में बाल विवाह की दो कोशिशों को चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 की तत्परता से रोक दिया गया। थाना रायपुर और थाना दुद्धी क्षेत्र से बाल विवाह की सूचना मिलने पर हेल्पलाइन ने तुरंत कार्रवाई की। परियोजना



समन्वयक मुकेश कुमार सिंह के निर्देश पर दोनों थानों से समन्वय कर रेस्क्यू टीमें मौके पर भेजी गईं। जांच में दोनों जगह परिजन बालिकाओं की उम्र साबित करने वाले दस्तावेज नहीं दिखा पाए। इसके बाद टीम ने दोनों बालिकाओं को संरक्षण में लिया और थाने में जीडी दर्ज कराई। बाल कल्याण समिति के आदेश पर फिलहाल बालिकाओं को बाल गृह में रखा गया है। रेस्क्यू ऑपरेशन में शामिल टीमः थाना रायपुर में सत्यम चौरसिया, अंशु गिरी और सीमा शर्मा जबकि थाना दुद्धी में अमन सोनकर और तनु मौजूद रहीं।

# नाबालिग लड़की के अपहरण के मामले में थाना कोन पुलिस की बड़ी कार्यवाही, अपहृता सकुशल बरामद, अभियुक्त गिरफ्तार

**समाज जागरण/ आदिवासी सुनील त्रिपाठी**



सोनभद्र। पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक मुख्यालय अनिल कुमार एवं क्षेत्राधिकारी ओबरा अमित कुमार के कुशल मार्गदर्शन में चलाए जा रहे अभियान मिशन शक्ति/महिला सशक्तिकरण के अंतर्गत अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी अंकुश लगाने के क्रम में थाना कोन पुलिस टीम द्वारा सराहनीय कार्यवाही की गई। थाना कोन पर पंजीकृत मु0अ0सं0 28/26 धारा 137 (2), 87 बीएनएस से संबंधित प्रकरण में नाबालिग लड़की को
बहला-फुसलाकर भगा ले जाने वाले नामजद अभियुक्त को गिरफ्तार करते हुए अपहृता को सकुशल बरामद किया गया। अभियुक्त विनय कुमार वियार पुत्र दिनेश वियार, निवासी अठौना थाना शाहगंज,
जनपद सोनभद्र को आवश्यक विधिक कार्यवाही करते हुए माननीय न्यायालय भेजा गया।

# जुगैल में बाबा साहब की 135वीं जयंती धूमधाम से मनाई गई

**समाज जागरण/ आदिवासी सुनील त्रिपाठी**



जुगैल/ सोनभद्र। ग्राम पंचायत जुगैल स्थित बुद्ध अंबेडकर ग्राम विकास संस्था जुगैल में भारत रत्न, बोधिसत्व भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती बड़े ही हर्षोल्लास और गरिमामय वातावरण में मनाई गई। कार्यक्रम में क्षेत्र के लोगों की भारी भागीदारी देखने को मिली, जहां बाबा साहब के विचारों और उनके योगदान को याद किया गया।
कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बहुजन समाज पार्टी के जिला सचिव संजय कनौजिया तथा विशिष्ट अतिथि ओबरा विधानसभा प्रभारी जितेंद्र भारती ने बाबा साहब के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। अपने संबोधन में वक्ताओं ने कहा कि बाबा साहब ने समाज के शोषित, वंचित और पिछड़े वर्गों को अधिकार दिलाने के लिए जो संघर्ष किया, वह सदैव प्रेरणादायक रहेगा। उन्होंने शिक्षा, समानता और संविधान के महत्व पर भी विस्तार से प्रकाश डाला। इस दौरान वक्ताओं ने युवाओं से बाबा साहब के आदर्शों को अपनाने और समाज में समानता एवं भाईचारे को बढ़ावा देने का आह्वान किया। पढ़ने वाले बच्चों के द्वारा कार्यक्रम में सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी आयोजित की गईं, जिससे माहौल और भी उत्साहपूर्ण हो गया। कार्यक्रम के पदाधिकारी अध्यक्ष राजेश दिनकर, उपाध्यक्ष मुकेश कुमार कोषाध्यक्ष रमेश कुमार निडर सचिव संदीप कुमार भास्कर संरक्षक लालचंद बागी संरक्षक सीताराम भारती सदस्य अंगद वियोगी ईश्वर प्रसाद राकेश कुमार संदीप कुमार राम प्रसाद विशिष्ट अतिथि कालीचरण खरवार दिनेश कुमार चंद्रकांत राव नगर सचिव ओबरा बसपा आदि उपस्थित रहे।

# चोपन में डॉ. भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा का हुआ भव्य अनावरण

**समाज जागरण/ आदिवासी सुनील त्रिपाठी**



चोपन/ सोनभद्र। नगर पंचायत चोपन के विस्तारित क्षेत्र में आज भारत रत्न डॉ. भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा का भव्य अनावरण समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि समाज कल्याण राज्य मंत्री संजीव कुमार गौड़ रहे, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में नगर पंचायत अध्यक्ष उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ बाबा साहब के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। इसके पश्चात मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि द्वारा विधिवत रूप से डॉ. अम्बेडकर की प्रतिमा का अनावरण किया गया। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने बाबा साहब के विचारों को याद करते हुए सामाजिक समरसता, समानता और शिक्षा के महत्व पर जोर दिया। अपने संबोधन में समाज कल्याण राज्य मंत्री संजीव कुमार गौड़ ने कहा कि डॉ. भीमराव अम्बेडकर ने देश को संविधान के रूप में एक मजबूत आधार दिया और समाज के सभी वर्गों को समान अधिकार दिलाने का कार्य किया। उनके आदर्श आज भी समाज को दिशा देने का कार्य कर रहे हैं। नगर पंचायत अध्यक्ष उस्मान अली ने कहा कि यह उनके लिए गर्व का क्षण है कि उन्होंने नगर पंचायत चुनाव के दौरान वार्डवासियों से किया गया पवित्र संकल्प आज पूरा हुआ। उन्होंने कहा कि बाबा साहब ने समाज के अंतिम व्यक्ति तक न्याय और अधिकार पहुंचाने का जो सपना देखा था, वह आज भी हम सभी के लिए प्रेरणास्रोत है। यह प्रतिमा उसी विचारधारा को आगे बढ़ाने का एक प्रयास है। कार्यक्रम के आयोजक पूर्व प्रधान लवकुश भारती ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि क्षेत्र के लोगों की लंबे समय से यह मांग थी, जो आज पूरी हुई है। उन्होंने इस कार्य में सहयोग देने वाले सभी लोगों का आभार व्यक्त किया। इस दौरान बड़ी संख्या में स्थानीय लोग, जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम में उत्साह और श्रद्धा का माहौल देखने को मिला, जहां लोगों ने बाबा साहब के विचारों को अपनाने का संकल्प लिया। इस मौके पर भाजपा के वरिष्ठ नेता राजा मिश्रा,मंडल अध्यक्ष संजय केशरी, डॉ0 सतेंद्र आर्य,दयाशंकर साहनी,डब्लू दुबे,श्याम उपाध्याय, नागेन्द्र यादव रामा देवी, श्रीपत भारती इत्यादि लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन विकास चौबे ने किया।

# नर सेवा नारायण सेवा संस्थान ने खिचड़ी के साथ राहगीरों को पिलाया शर्बत

**समाज जागरण/ आदिवासी सुनील त्रिपाठी**




चोपन/ सोनभद्र। नगर के टैंपो स्टैंड पर विगत तीन वर्षों से संचालित नर सेवा नारायण सेवा संस्थान द्वारा मानव सेवा का सराहनीय कार्य निरंतर जारी है। संस्थान के तत्वावधान में समाज के सहयोग से प्रत्येक शनिवार को जरूरतमंदों एवं राहगीरों के लिए निःशुल्क खिचड़ी वितरण कार्यक्रम आयोजित किया जाता है। इसके साथ ही समय-समय पर कंबल, गमछा सहित अन्य आवश्यक वस्तुओं का भी वितरण किया जाता रहा है। इसी क्रम में शनिवार को आयोजित 128वें साप्ताहिक सेवा कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश सरकार के समाज कल्याण राज्य मंत्री संजीव सिंह गोंड़ ने अपने हाथों से जरूरतमंदों को खिचड़ी एवं शर्बत वितरित किया। उन्होंने कहा कि नर सेवा नारायण सेवा द्वारा किया जा रहा यह पुनीत कार्य अत्यंत सराहनीय है, जिसकी जितनी भी प्रशंसा की जाए कम है। बताते चलें कि बढ़ती गर्मी को देखते हुए पिछले सप्ताह से संस्थान द्वारा खिचड़ी के साथ ठंडा शर्बत भी राहगीरों एवं जरूरतमंदों को वितरित किया जा रहा है, जिसमें समाज के लोगों का भरपूर सहयोग मिल रहा है। तेज धूप और बढ़ते तापमान के बीच ठंडा शर्बत पाकर लोगों को काफी राहत मिली और उन्होंने संस्थान के इस प्रयास की सराहना की। संस्थान के संयोजक मनोज चौबे ने बताया कि उनका उद्देश्य केवल भोजन वितरण तक सीमित नहीं है, बल्कि समाज के हर जरूरतमंद व्यक्ति तक सहायता पहुंचाना है। गर्मी के मौसम में लोगों को राहत देने के लिए शर्बत वितरण की व्यवस्था की गई है, ताकि राहगीरों को गर्मी से कुछ राहत मिल सके। इस दौरान बड़ी संख्या में लोगों ने खिचड़ी एवं शर्बत ग्रहण किया। संस्थान के पदाधिकारियों ने समाज के सहयोग के लिए आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जनसहयोग से ही इस प्रकार के सेवा कार्य निरंतर जारी रहेंगे। इस मौके पर वरिष्ठ भाजपा नेता राजा मिश्रा, दयाशंकर सिंह, संजय केशरी, ओमप्रकाश शर्मा, सुनील मिश्रा, अमित कुमार, गोपाल मोदनवाल, गुड्डू सिंह गोंड़, शमसेर अली, मनीष कुमार, विनोद शर्मा आदि मौजूद रहे।

# प्री-पेड मीटर की मनमानी से त्रस्त सोनभद्र की जनता; बिना रीडिंग भेजे जा रहे बिजली बिल

## पूर्व कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने विद्युत विभाग पर लगाया धांधली का आरोप, पुरानी पोस्ट-पेड व्यवस्था बहाल करने की मांग

**समाज जागरण/ ब्यूरो चीफ विजय कुमार अग्रहरी**




सोनभद्र। जिले में विद्युत विभाग की कार्यप्रणाली लगातार सवालों के घेरे में है। प्री-पेड मीटर प्रणाली और बिना मीटर रीडिंग के भेजे जा रहे मनमाने बिलों के कारण आम जनता में भारी आक्रोश है। कांग्रेस पार्टी के पूर्व जिलाध्यक्ष ( अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ) नियामतुल्ला ने विभाग पर जनता के साथ धोखाधड़ी करने का गंभीर आरोप लगाया है।

**पुरानी व्यवस्था थी पारदर्शी**

पत्र के माध्यम से अपनी बात रखते हुए नियामतुल्ला ने कहा कि पहले पोस्ट-पेड मीटर में यूनिट और रीडिंग स्पष्ट दिखती थी, जिससे उपभोक्ता आसानी से बिल जमा कर लेते थे। लेकिन जब से प्री-पेड मीटर लगाए गए हैं, जनता को यह समझ ही नहीं आ रहा कि पैसा कहाँ कट रहा है। गरीब और वृद्ध वर्ग, जो स्मार्टफोन या मोबाइल ऐप्स का उपयोग करने में अक्षम है, उनके लिए अपना बिजली बिल देखना और उसे समझना बड़ी चुनौती बन गया है। छोटी सी चूक पर कट रहा बिजली कनेक्शन आरोप है कि वर्तमान में विभाग द्वारा थोड़ी सी बकाया राशि होने पर भी बिना किसी पूर्व सूचना के बिजली का कनेक्शन काट दिया जा रहा है। कांग्रेसी नेता ने इसे 'जनता के साथ छलावा' बताया है। उनका कहना है कि सरकारी विभागों की इस मनमानी के कारण गरीबों के घर अंधेरे में डूब रहे हैं, जबकि पारदर्शिता का नामोनिशान नहीं है।

**ये हैं प्रमुख मांगेः**

प्री-पेड हटाओः तत्काल प्रभाव से प्री-पेड मीटर हटाकर पुरानी 'पोस्ट-पेड मीटर' व्यवस्था बहाल की जाए।
स्पष्ट बिलिंगः बिजली बिल की रसीद पर मीटर रीडिंग और खपत यूनिट का स्पष्ट उल्लेख हो, ताकि उपभोक्ता सत्यापन कर सकें। मनमानी पर रोकः त्रुटिपूर्ण बिलों में सुधार किया जाए और जनता को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया जाए।
उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि विभाग ने अपनी कार्यप्रणाली में सुधार नहीं किया और मनमानी बंद नहीं की, तो आम जनता को सड़कों पर उतरने के लिए मजबूर होना पड़ेगा।

# कानपुर में भीषण आग में जिंदा जला व्यापारी,बेटे बहू नाती और भतीजी गंभीर

**समाज जागरण सुनील बाजपेई**



कानपुर। आज शनिवार दोपहर यहां भीषण आग लगने से एक व्यापारी जिंदा जल गया ,जबकि गंभीर रूप से घायल उसके बेटे,
बहु ,नाती0और भतीजी को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। भीषण अग्निकांड की यह घटना घाटमपुर में पुराना डाकखाना रोड स्थित एक मार्केट में हुई। इस हादसे में एक व्यापारी की जिंदा जलकर मौत हो गई। जबकि, उनके बेटे, बहू, नाती और भतीजी झुलस गए। झुलसे लोगों को घाटमपुर सीएचसी से कानपुर रेफर किया गया। दमकल के साथ ही पावर प्लांट
की सीआईएसएफ की गाड़ियों को इस आग पर काबू पाने में घंटा लग गए। प्राप्त विवरण के अनुसार पुराना डाकखाना रोड पर 75 वर्षीय रामकिशन गुप्ता उनके
भाई सत्यनारायण और राज्जनलाल अपने परिवारों के साथ रहते हैं। घर के नीचे खुद की मार्केट है, जिसमें तीनों भाइयों की कपड़े और किराना की दुकानें हैं। बताया गया कि रामकिशन की लक्ष्मी वस्त्र भंडार नाम से कपड़े की दुकान में शनिवार भोरपहर आग लगी। धुआं उठता देख रामकिशन नीचे उतर कर आए। दुकान का शटर उठाकर देखा तो लपटे और धुआं से घर भर गया। वह शोर मचाते हुए ऊपर की ओर भागे। इस दौरान घर के अन्य सदस्य भी जग गए। इस बीच देखते ही देखते लपटें तेज हो गईं और सभी जान बचाने के लिए छत से चढ़कर दूसरे के घरों से होते हुए निकले। लेकिन, इस दौरान रामकिशन का पता नहीं चला। इसके बाद दमकल को सूचना दी गई। आसपड़ोस के लोगों ने आग पर काबू पाने की कोशिश की। दमकल जब तक आ पाती आग पूरी तरह से भड़क चुकी थी और पूरे घर को चपेट में ले लिया था। तीन घंटे बाद रामकिशन का शव निकाला गया।
पुलिसके अनुसार आग जिस समय लगी घर पर तीनों परिवारों के 14 लोग मौजूद थे। रामकिशन के घर पर उनकी पत्नी गोमती, बेटा हरिओम और बहू और दो नाती थे। सत्यनारायण के घर पर पत्नी और एक बेटी व दो बेटे थे। राज्जनलाल के घर पर पत्नी और दो बच्चे थे। आग से रामकिशन का बेटा हरिओम, बहू श्रेया, चार माह का पौत्र शिवार्थ और सत्यनारायण की बेटी आयुषी झुलस गई। उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

# ओबरा मे गैस सिलेंडर के संकट से जूझ रहे उपभोक्ता

**समाज जागरण आदिवासी सुनील त्रिपाठी**

ओबरा/ सोनभद्र। ओबरा नगर स्थित इंडेन गैस एजेंसी मे विगत चार दिनों से कंपनी की ओर से गैस सिलेंडर का लोड न भेजे जाने के कारण वितरण व्यवस्था पूरी तरह से ठप हो गई है.जिस कारण नगर के साथ आस-पास के ग्रामीण क्षेत्रो के सैंकड़ो उपभोक्ता गैस सिलेंडर न मिलने से परेशान होगा रहे है. गैस की आपूर्ति बाधित होने के कारण लोगो के सामने भोजन बनाने तक समस्या खडी होगा गई है. विगत चार दिनों से एजेंसी को कंपनी की ओर से घरेलू एवं कार्मशियल दोनों प्रकार के गैस सिलेंडरो की आपूर्ति नही मिली है. इसके चलते बुकिंग कराने वाले उपभोक्ताओं को समय से गैस सिलेंडर की डिलवरी नहीं हो पा रही है. सैंकड़ो उपभोक्ता लगातार एजेंसी का चक्कर लगा रहे है.लेकिन गैस सिलेंडर न मिले के कारण उन्हें निराश होगा कर वापस लौटना पड़ रहा है.गैस एजेंसी कार्ययाल बंद होगा से उपभोक्ताओं को सही जानकारी भी नही मिल पर रही है. जिससे उपभोक्ताओं को परेशानी और बढ़ गई है. इन दिनों शादी -विवाह की सीजन होने के कारण घरेलू एवं कमर्शीयल गैस सिलेंडरो की मांग बढ़ गई है. आपूर्ति पूरी तरह ठप होने से होटेल ढाबा संचालको और घरो मे गैस पर निर्भर परिवारों की काफी दिक्कतो का सामना करना पड़ रहा है. अधिकारी कोई कार्यवाई नही कर रहे दे रहे गैर जिम्मेदाराना बयान. उपभोक्ता हो हो रहे परेशान।

# ग्राम मडिया कंजरा में साप्ताहिक श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ जारी, चतुर्थ दिवस पर श्रीकृष्ण जन्मोत्सव में उमड़ा जनसैलाब..

**समाज जागरण जिला संवाददाता उदय सिंह लोधी**



दमोह। ग्राम मडिया कंजरा स्थित श्री देव मुरली मनोहर मंदिर में आयोजित साप्ताहिक श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ भक्तिमय वातावरण में निरंतर जारी है। दिनांक 21 अप्रैल से प्रारंभ होकर 28 अप्रैल 2025 तक चलने वाली इस कथा का आयोजन प्रतिदिन दोपहर 3:15 बजे से हरि इच्छा तक किया जा रहा है। कथा के चतुर्थ दिवस पर भगवान श्रीकृष्ण जन्मोत्सव का दिव्य प्रसंग सुनाया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित होकर भक्ति रस में सराबोर हो गए। कथा प्रवक्ता पंडित श्री अभिरामदास जी महाराज (अभिषेक मिश्रा इंजीनियर), ग्राम उमरी द्वारा व्यासपीठ से कथा का अमृतमय श्रवण कराया जा रहा है। कार्यक्रम स्वर्गीय पंडित विद्या विलास पाठक बापू महाराज, पूर्व पुजारी की पुण्य स्मृति में आयोजित किया गया है। मुख्य कथा श्रोता के रूप में श्रीमती माया रानी पाठक उपस्थित रहकर कथा श्रवण कर रही हैं। चतुर्थ दिवस पर जैसे ही भगवान श्रीकृष्ण जन्म का प्रसंग प्रारंभ हुआ, पूरा मंदिर परिसर नंद घर आनंद भयो, जय कन्हैया लाल की के जयघोष से गूंज उठा। श्रद्धालुओं ने भजन-कीर्तन करते हुए भगवान श्रीकृष्ण जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया। महिलाओं, युवाओं एवं बच्चों ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया। कथावाचक पंडित अभिरामदास जी महाराज ने बताया कि भगवान श्रीकृष्ण का अवतार अधर्म पर धर्म की विजय, अन्याय पर न्याय की स्थापना और भक्तों की रक्षा का संदेश देता है। उन्होंने कहा कि जब-जब पृथ्वी पर अत्याचार बढ़ता है, तब भगवान विभिन्न रूपों में अवतरित होकर संतों एवं भक्तों का कल्याण करते हैं। इस अवसर पर श्रीमद्भागवत महापुराण में वर्णित पाँच प्रकार के मोक्ष–सालोक्य, सामीप्य, सारूप्य, सार्ष्टि और सायुज्य मोक्ष का भी विस्तार से वर्णन किया गया। साथ ही समुद्र मंथन प्रसंग के माध्यम से भगवान के कूर्म, धन्वंतरि एवं मोहिनी अवतारों का महत्व बताया गया। कथा प्रवक्ता ने बताया कि कृपानाथ जै जै छोटे सरकार के सानिध्य एवं उनके गुरु ज्योतिर्वित पंडित श्री रामदास चौबे जी के मार्गदर्शन में ग्राम मडिया बंजारा से यह प्रथम कथा प्रारंभ की गई है। उन्होंने कहा कि गुरुदेव पंडित श्री रामदास चौबे जी द्वारा लिखित गूढ़ भागवत कथा का अध्ययन कर उसका गुण रहस्य भक्तजनों को सुनाने का सौभाग्य प्राप्त हो रहा है। कार्यक्रम के अंत में श्रद्धालुओं ने भगवान श्री राधे-कृष्ण के जयकारे लगाए तथा क्षेत्र में सुख, समृद्धि और धर्म भावना बनी रहने की कामना की। कथा स्थल पर प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचकर कथा श्रवण कर रहे हैं, जिससे पूरे क्षेत्र में आध्यात्मिक वातावरण बना हुआ है।

# शिक्षक रमेश सिंह के निधन पर शोक की लहर

### रोहनिया विधायक डॉ. सुनील पटेल ने घर पहुंचकर दी श्रद्धांजलि

**समाज जागरण रंजीत तिवारी**

वाराणसी। बड़ागांव क्षेत्र के विराव निवासी पूर्व ब्लॉक प्रमुख बाबा सिंह के छोटे भाई एवं सम्मानित शिक्षक रमेश सिंह के निधन से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। उनके निधन की सूचना मिलते ही क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों, समाजसेवियों और ग्रामीणों ने गहरा दुख व्यक्त किया। रोहनिया विधायक डॉ



सुनील पटेल ने शोक संवेदना व्यक्त करते हुए उनके आवास पहुंचकर परिजनों को ढांढस बंधाया और दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की।

स्वर्गीय रमेश सिंह ने तुलसीदास इंटर कॉलेज अनेई में अध्यापक के रूप में लंबे समय तक सेवा दी। उन्होंने अपने शिक्षण कार्यकाल में हजारों छात्रों को शिक्षा देकर समाज निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान दिया। क्षेत्र के लोग उन्हें सरल स्वभाव, अनुशासनप्रिय और शिक्षाविद् व्यक्तित्व के रूप में याद कर रहे हैं। शोक संवेदना व्यक्त करने वालों में पूर्व प्रमुख सतेन्द्र सिंह, पिंटू सिंह, रंजन सिंह प्रधान पारसनाथ, विनोद पटेल तथा सत्यम पटेल सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। सभी ने दिवंगत शिक्षक को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

# जायद फसल ई खसरा पड़ताल का प्रशिक्षण सम्पन्न

**समाज जागरण अनिल कुमार**

हरहुआ वाराणसी। विकास खंड हरहुआ सभागार में डिजिटल क्रॉप सर्वे का प्रशिक्षण जिला अधिकारी के निर्देश में किया गया।

जिले से आए मास्टर ट्रेनर सुधांशु सिंह ने पंचायत सहायकों को क्रॉप सर्वे के बारे में विस्तृत जानकारी दी तथा बताया कि क्रॉप सर्वे के बिना कोई भी




लाभ लेना संभव नहीं है इस अवसर पर खंड विकास अधिकारी बद्री प्रसाद वर्मा ने उपस्थित पंचायत सहायकों से किसानों का अधिक से अधिक फॉर्मर रजिस्ट्री प्रतिदिन करने के लिए कहा।

सहायक विकास अधिकारी कृषि देवेंद्र कुमार पाण्डेय ने जानकारी दी कि कृषि विभाग से प्राप्त होने वाले बीज एवं मिनी किट प्राप्त करने के लिए विभाग की वेबसाइड पर 10 मई तक बुक करना अनिवार्य है।

प्रमुख रूप से प्राविधिक सहायक कृष्ण कुमार मौर्य,आकांक्षा राय,रामसकल ,नवीन कुमार उपाध्याय पंचायत सहायक सर्वेश कुमार,मनोज कुमार,अवधेश कुमार,अलका यादव दीक्षा सिंह उपस्थित रहे।

# थाना दिवस पर आये चार मामले नहीं हुआ निस्तारण

**समाज जागरण**

मीरजापुर /हलिया थाना परिसर में शनिवार को आयोजित थाना समाधान दिवस सहायक चकबंदी अधिकारी हलिया हरिशचंद्र पटेल के देखरेख में सम्पन्न हुआ थाना समाधान दिवस पर कुल चार मामले राजस्व से संबंधित आये मौके पर किसी भी मामले का निस्तारण नहीं हो पाया है मामले के निस्तारण के लिए राजस्व/चकबंदी व पुलिस की संयुक्त टीम को रवाना किया गया है जिससे मामले का निस्तारण किया जा सके सहायक चकबंदी अधिकारी ने कहा की थाना समाधान दिवस पर पड़ने वाले मामलों को गंभीरता से लेते हुए उसका निस्तारण करें इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही मिलने पर संबंधित के विरुद्ध कार्रवाई किया जायेगा इस दौरान थानाध्यक्ष राजीव कुमार श्रीवास्तव,राजस्व निरीक्षक अशोक दुबे, शिव कुमार चौबे, एसआई शिवजी यादव, लेखपाल चकबंदी राजस्व के मौजूद रहे

# दमोह में अपराध पर आईजी का कड़ा रुख, कंट्रोल रूम में हाई लेवल क्राइम रिव्यू

### पुलिस अफसरों को दिए सख्त निर्देश, लंबित मामलों और कानून-व्यवस्था पर फोकस

**समाज जागरण जिला संवाददाता उदय सिंह लोधी**

दमोह। नर्मदापुरम संभाग के आईजी एवं सागर प्रभारी आईजी मिथलेश शुक्ला शनिवार को दमोह दौरे पर पहुंचे, जहां उन्होंने जिले की कानून-व्यवस्था और अपराधों की स्थिति की गहन समीक्षा की। जबलपुर नाका स्थित नवीन पुलिस कंट्रोल रूम में आयोजित क्राइम समीक्षा बैठक में जिले के वरिष्ठ






पुलिस अधिकारी मौजूद रहे।

बैठक में पुलिस अधीक्षक श्रुतकीर्ति सोमवंशी, सीएसपी एचआर पांडे, एसडीओपी प्रिया सिंधी, एसडीओपी अर्चना अहीर, डीएसपी देवी सिंह सहित जिले के सभी थाना प्रभारी और अन्य अधिकारी शामिल हुए। आईजी शुक्ला ने अपराध नियंत्रण, लंबित मामलों के निराकरण और कानून-व्यवस्था को और सुदृढ़ बनाने को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि गंभीर अपराधों में त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जाए और आमजन में सुरक्षा का विश्वास बनाए रखने के लिए पुलिस की सक्रियता लगातार बनी रहे। बैठक में जिले की अपराध स्थिति की समीक्षा के साथ आगामी रणनीति पर भी विस्तार से चर्चा की गई।

# शहीद स्मारक चक्का प्रांगण में भाजपा नेताओं ने स्वच्छता अभियान के तहत माल्यार्पण कर किया साफ सफाई

### पीएम के आगमन के तैयारी में भाजपा हरहुआ मण्डल के कार्यकर्ता ने किया तैयारी बैठक।

**समाज जागरण अनिल कुमार**

हरहुआ वाराणसी। हरहुआ ब्लाक के चक्का गाँव मे स्थित शहीद तिलकधारी यादव स्मारक पार्क में स्वच्छता अभियान अंतर्गत शहीद को माल्यार्पण कर झाड़ू लगाकर साफ - सफाई किया। साथ ही पंचायत भवन में पीएम के काशी आगमन के पूर्व महिला कार्यकर्ताओ संग तैयारी बैठक किया।

भाजपा जिला उपाध्यक्ष अखंड प्रताप सिंह ने शहीद तिलकधारी यादव को माल्यार्पण के बाद कहा कि महिला शक्ति बन्दन अंतर्गत महिलाओं के अधिकार,मान -सम्मान और सशक्तिकरण को लेकर हर जाति ,वर्ग ,धर्म से जुड़ी महिलाओं को पीएम के कार्यक्रम में प्रतिभाग किये जाने की रणनीति पर चर्चा की गई।





प्रधान संघ के जिलामहामंत्री व प्रधान चक्का मधुवन यादव व भाजपा हरहुआ मण्डल के अध्यक्ष अशुतोष मिश्रा 'अजय मिश्र' ने कहा कि घर -घर महिलाओं से सीधा संवाद कर उनको सम्मान के साथ अपनी आवाज पीएम तक पहुंचाने के लिए तैयार किया जा रहा है । हरहुआ मण्डल क्षेत्र से सैकड़ों महिलाएं प्रतिभाग करेंगी।

तैयारी संगोष्ठी में प्रमुख रूप से उपाध्यक्ष अखंड प्रताप सिंह, जिलामहामंत्री/ प्रधान मधुवन यादव ,उपाध्यक्ष अरुणेंद्र सिंह, महामन्त्री अनिल पांडेय ,मनोज पटेल ,प्रिया सिंह,युवा मोर्चा अध्यक्ष विजय सिंह , उत्सव सिंह व शहीद के इकलौते पुत्र राजनाथ यादव सहित कई भाजपा मंडल महिला कार्यकर्ता शामिल रहे।

# महिला आरक्षण बिल मुद्दा पीछे न छूट जाए: वीरेंद्र गुप्ता

**समाज जागरण अनिल कुमार**

हरहुआ वाराणसी। भारतीय संस्कृति में महिलाओं को विशेष आदर व सम्मान दिए जाने की व्यवस्था बहुत प्राचीन परम्पराओं में सुमार है। 'यंत्र नार्यस्तु पूज्यंते रमन्ते तत्र देवता' अर्थात जहाँ नारी की पूजा होती है वहीं देवताओं का वास होता है। आज माँ दुर्गा ,माँ विंध्याचल माँ सरस्वती ,माँ शीतला ,माँ काली ,माँ चौरा के साथ नवरात्र में देवियों की पूजा गाँव-गाँव ,घर -घर परम्परागत रूप से बड़े ही उल्लास ,उत्साह से पूजी जाती हैं। लेकिन राजनेताओं की मानसिकता पार्टीगत ,जातिगत ,वोटगत होने से नारी के सम्मान को भूलते नजर आ रहे हैं।



लोकसभा में महिला आरक्षण बिल गिरने से महिलाओं में आक्रोश बढ़ता नजर आ रहा है। सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनो आरोप प्रत्यारोप में जुट गए हैं। सबसे अहम सवाल यह है कि क्या महिलाओं को उनका हक दिलाने का मुद्दा सियासत की भेंट चढ़ जाएगा? वर्षों से लंबित यह बिल आधी आबादी की भागीदारी और नारी सम्मान उनको मिल सकेगा।जनता सब देख रही है और समय आने पर अपना निर्णय अवश्य देगी। आज जरूरत है कि रणनीतिक दल आपसी मतभेद भुलाकर महिलाओं के सशक्तिकरण ,सम्मान को प्राथमिकता दें ताकि लोकतंत्र में उनकी भागीदारी वास्तविक रूप में दिखने लगे। आज देश ,समाज के रचना में महिलाओं की भूमिका सर्वोपरि है।

उक्त बातें हरहुआ व्यापार मंडल की ओर से हनुमान मंदिर में आयोजित 'महिलाओं की लोकतंत्र में भागीदारी'विषयक संगोष्ठी में व्यापार मंडल के प्रदेश महामन्त्री वीरेंद्र गुप्ता ने बतौर मुख्य अतिथि अपने सम्बोधन में व्यक्त की।

अन्य वक्ताओं ने भी नारी शक्ति ,सशक्तिकरण ,नारी सम्मान और विकसित भारत की सबसे सफल व ताकतवर कुंजी मानकर उनकी वकालत किया।

संगोष्ठी में प्रमुख रूप से व्यापार मंडल संरक्षक राजेन्द्र गुप्ता ,अध्यक्ष अनिल जायसवाल ,सन्तोष गुप्ता, राकेश गुप्ता, जयचंद मोदनवाल ,अभय मौर्य ,सचिन दुबे, विशाल पटेल सहित कई सम्मानित जन उपस्थित रहे।

# सैटेलाइट से मिली पराली जलाने की सूचना, बीज गोदाम प्रभारी ने किया निरीक्षण

**समाज जागरण**

मीरजापुर /हलिया विकास खंड के नौगवा गांव में खेत में पराली जलने की सूचना सेटेलाइट से प्राप्त होने पर शनिवार को बीज गोदाम प्रभारी सुरेंद्र कुमार यादव द्वारा मौके पर पहुंचकर स्थलीय निरीक्षण किया गया। घटना मौके गेहूं की पराली जली हुई लगभग 40 से पचास बीघा तक के किसान हरि प्रसाद, पारस नाथ, कौशल प्रसाद, रामनारायण, हरिशंकर ध्रुव प्रताप, विजय कुमार के खेत में पाई गई। किसानों का कहना है की विद्युत शार्ट सर्किट से खेत में पराली जली है जिसकी सूचना तहसीलदार



लालगंज दीक्षा पाण्डेय को कार्रवाई हेतु आख्या प्रेषित किया गया है।कृषि विभाग के बीज गोदाम प्रभारी सुरेंद्र कुमार यादव ने किसानो से अपील है कि गेहूं की पराली खेत में नहीं जलाए जिससे वातावरण प्रदूषित होने के साथ-साथ मृदा में जीवित रहने वाले मित्र जीव एवं मृदा की उर्वरा शक्ति नष्ट हो जाती है। पराली को खेत में जलाए नहीं बल्कि उसको मैनेज करे ताकि मृदा में जैविक कार्बन की मात्रा बड़े।

# दिव्यांगजन सशक्तीकरण के लिए राज्य स्तरीय पुरस्कार हेतु आवेदन आमंत्रित

**समाज जागरण**

मीरजापुर/ जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी राजेश कुमार सोनकर ने जानकारी देते हुए बताया है कि निदेशक, दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग उ०प्र० लखनऊ के पत्र दिनांक 17 अप्रैल के द्वारा "विश्व दिव्यांग दिवस तीन दिसंबर के अवसर पर दिव्यांगता के क्षेत्र में सराहनीय कार्य करने वाले स्वैच्छिक संस्थानों / व्यक्तियों / कर्मचारियों को पुरस्कृत किये जाने हेतु निम्नलिखित श्रेणी में आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं। दक्ष दिव्यांग कर्मचारी / स्वनियोजित दिव्यांगजन के लिए राज्य स्तरीय पुरस्कार, दिव्यांगजन हेतु सर्वश्रेष्ठ नियोक्ता तथा सर्वश्रेष्ठ प्लेसमेंट अधिकारी या एजेंसी के लिए सेवायोजकों को राज्य स्तरीय पुरस्कार, दिव्यांगजन के निमित्त कार्यरत सर्वश्रेष्ठ व्यक्ति तथा सर्वश्रेष्ठ संस्था के लिये राज्य स्तरीय पुरस्कार, प्रेरणास्त्रोत हेतु राज्य स्तरीय पुरस्कार, दिव्यांगजन के जीवन सुधारने के निमित्त सर्वश्रेष्ठ नवीन अनुसंधान या उत्पाद विकास के लिये राज्य स्तरीय पुरस्कार, दिव्यांगजन हेतु "बाधामुक्त वातावरण के सृजन हेतु सर्वश्रेष्ठ कार्य के लिए राज्य स्तरीय पुरस्कार, दिव्यांगजन को पुनर्वास सेवाएं प्रदान करने वाले सर्वश्रेष्ठ जिला के लिए राज्य स्तरीय पुरस्कार, सर्वश्रेष्ठ सृजनशील दिव्यांग वयस्क व्यक्तियों एवं सर्वश्रेष्ठ बालक/बालिका हेतु राज्य स्तरीय पुरस्कार, सर्वश्रेष्ठ ब्रेलप्रेस के लिये राज्य स्तरीय पुरस्कार, दिव्यांगजन के लिए सर्वोत्तम अनुकूल वेबसाइट हेतु राज्य स्तरीय पुरस्कार, सर्वश्रेष्ठ दिव्यांग खिलाड़ियों के लिए राज्य स्तरीय पुरस्कार, दिव्यांगजन के सशक्तीकरण हेतु कार्यरत अधिकारी/कर्मचारी के लिए राज्य स्तरीय पुरस्कार। इच्छुक व्यक्ति अथवा स्वैच्छिक संस्थान अपना आवेदन दो प्रतियों में दिनांक पंद्रह जुलाई तक प्रत्येक दशा में जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी कार्यालय के कक्ष सं विकास भवन भूतल, मीरजापुर में जमा कर सकते हैं।

# दिव्यांगों, बुजुर्गों के लिए एलिम्को द्वारा सहायक उपकरण के लिए किया गया चयन

**समाज जागरण अनिल कुमार**

हरहुआ वाराणसी। हरहुआ ब्लाक के मुर्दहा स्थित जन विकास समिति के 'आसरा केंद्र' में शनिवार को दो प्रमुख केंद्रीय योजनाओं के तहत परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में भारत सरकार के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय द्वारा संचालित 'राष्ट्रीय वयोश्री योजना' के तहत 269 वरिष्ठ नागरिकों और 'एडिप योजना' के तहत हरहुआ ब्लॉक के 52 दिव्यांगजनों का परीक्षण किया गया। शिविर में कुल 321 लाभार्थियों ने अपनी जांच कराई।

कानपुर से आये एलिम्को (ALIMCO) के विशेषज्ञ टीम ने शिविर में आए प्रत्येक लाभार्थी की शारीरिक स्थिति की बारीकी से जांच की। टीम द्वारा वरिष्ठ नागरिकों को



'वयोश्री योजना' के अंतर्गत और दिव्यांगजनों को 'एडिप योजना' के मानकों के अनुसार आवश्यक सहायक उपकरण जैसे ट्राइसाइकिल, व्हीलचेयर, कमोड कुर्सी, श्रवण यंत्र और बैसाखी आदि के लिए चिन्हित किया गया।

जन विकास समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि इन दोनों योजनाओं का उद्देश्य समाज के बुजुर्गों और दिव्यांगजनों को सशक्त बनाना है। जल्द ही एलिम्को द्वारा इन सभी पंजीकृत लाभार्थियों को उनकी जरूरत के अनुसार सहायक उपकरण पूरी तरह से निःशुल्क वितरित किए जाएंगे। समिति का यह प्रयास बुजुर्गों और दिव्यांगों के प्रति सम्मान और उनके जीवन को सुगम बनाने की दिशा में एक बड़ी कड़ी है।

# जो विनम्र है उस पर ईश्वर दया करते है- फादर पी०विक्टर

**बिकास राय ब्यूरो चीफ गाजीपुर**
**दैनिक समाज जागरण**

गाजीपुर जनपद के मोहम्मदाबाद तहसील क्षेत्र के हार्टमन इण्टर कालेज हार्टमन पुर में प्रार्थना सभा के उपरांत हार्टमन इण्टर कालेज हार्टमनपुर के प्रबंधक फादर पी० विक्टर का 32 वाँ पुरोहिताई अभिषेक दिवस मनाया गया। जिसे विद्यालय परिवार द्वारा धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर सिस्टर हेलेन एक्का ने फादर को पुष्पगुच्छ दिया एवं विद्यालय के वरिष्ठ अध्यापक व संस्कृत प्रवक्ता श्रीराम,वीरेन्द्र यादव , मुसंफ अली , ने फादर को माला पहनाकर हार्दिक शुभकामनाएँ दीं।

कार्यक्रम के अगले कड़ी में प्राइमरी के बालिकाओं के द्वारा एक बधाई गीत गाया गया तथा प्राइमरी के कक्षा 4 की छात्र आँचल के द्वारा पुष्पगुच्छ दिया गया। छात्रावास के बालकों द्वारा



फादर को बधाई गीत गाकर शुभकामनाएँ ज्ञापित किया गया तथा कक्षा 7 के अविनाश के द्वारा पुष्पगुच्छ देकर हार्दिक शुभकामनाएँ दिया गया। प्रधान लिपिक राजेश कुशवाहा द्वारा फादर को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया।

फादर ने अन्त में बताया कि हमें घर से सन्यास लिए 43 वर्ष हो गये तथा 32 वर्ष पुरोहिताई अभिषेक दिवस का हो गया है। अभिषेक प्राप्त कर सर्वप्रथम मरियाबाद मिशन में कार्य भार सम्भाला तब से निस्वार्थ लोगों की सेवा कर रहे हैं। फादर ने बताया कि पैसा वो है जो आपके पास में है, ताकत वो है जो आपके हाथ में है और अपने वो हैं जो आपके हर समय आपके साथ में हैं। इस शुभ अवसर पर फादर विक्टर के द्वारा बच्चों का मुँह मीठा कराया गया।

# ग्रामीण छात्रों ने यूपी बोर्ड परीक्षा में लहराया परचम, क्षेत्र का बढ़ाया मान

**समाज जागरण**

मीरजापुर /विकासखंड राजगढ़ के शक्तेशगढ क्षेत्र के बाबा सिद्धनाथ इंटर कॉलेज के छात्रों ने यूपी बोर्ड की परीक्षा में लहराया परचम।उत्कृष्ट अंकों से बढ़ाया मान बाबा सिद्धनाथ इंटर कॉलेज, लालपुर, जौगढ़ के विद्यार्थियों ने वर्ष 2026 की परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय एवं क्षेत्र का नाम रोशन किया है। छात्रों की सफलता से विद्यालय परिवार में हर्ष का माहौल है।

हाईस्कूल वर्ग में वेद प्रकाश ने 84 प्रतिशत अंक, वंदना पाल ने 82 प्रतिशत अंक तथा प्रज्ञा पटेल ने 81 प्रतिशत अंक प्राप्त कर शानदार



सफलता हासिल की।

वहीं इंटरमीडिएट वर्ग में वर्षा कुमारी ने 87.8 प्रतिशत अंक, शिवांक केशरी ने 87 प्रतिशत अंक तथा नंदनी कुमारी ने 82.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया।

विद्यालय प्रबंधन एवं शिक्षकों ने सभी सफल छात्र-छात्राओं को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। क्षेत्रवासियों ने भी विद्यार्थियों की इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त की है।

# बिजली विभाग की लापरवाही से मंडरा रहा हादसे का खतरा, खंभे में करंट उतरने से महिला झुलसी

### नंगे तारों और जर्जर पोल से एक बालिका की हो चुकी है मौत

**समाज जागरण**

मीरजापुर /हलिया क्षेत्र के विद्युत उपकेंद्र बरौंधा से जुड़े बरौंधा हरिजन बस्ती में बिजली विभाग की घोर लापरवाही कभी भी बड़े हादसे का कारण बन सकती है। बस्ती में नंगे तारों के सहारे बिजली आपूर्ति की जा रही है जिससे लगातार खतरा बना हुआ है।

ग्रामीणों के अनुसार, बस्ती में लगे एक बिजली के पोल में लंबे समय से करंट उतर रहा है। इसी पोल की चपेट में आकर पिछले वर्ष रामबाबू की पुत्री प्रतिमा की मौत हो चुकी है। इसके बावजूद विभाग ने न तो पोल बदला और न ही नंगे तारों को ठीक कराया। शुक्रवार की शाम करीब सात बजे एक और हादसा होते-होते बच गया। पूजा (30), पत्नी बालकृष्ण, अपने घर के बाहर बर्तन साफ कर रही थीं। इसी दौरान पोल से उतरे करंट की चपेट में आने से वह गंभीर रूप से झुलसकर बेहोश हो गईं। स्वजन व ग्रामीण आनन-फानन में उन्हें बरौंधा स्थित अर्श हास्पीटल ले गए, जहां उनका उपचार चल रहा है। चिकित्सक डा. महा नारायण भारती के अनुसार, महिला की हालत अब धीरे-धीरे सामान्य हो रही है। बताया जाता है कि बरौंधा पंचायत भवन के पास राम जियावन के घर के सामने लगे इस पोल से लगातार करंट उतर रहा है। इसके बावजूद बिजली विभाग कोई ठोस कदम नहीं उठा रहा है। बस्ती में कई स्थानों पर जर्जर तारों को जोड़-फट्टी के सहारे चलाया जा रहा है जिससे खतरा और बढ़ गया है। स्थानीय ग्रामीणों ने जिलाधिकारी का ध्यान आकृष्ट कराते हुए तत्काल पोल बदलने और नंगे तारों की जगह केबल से सुरक्षित वायरिंग कराने की मांग की है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि समय रहते कार्रवाई नहीं की गई तो बड़ा हादसा हो सकता है।

# चंडीगढ़ में राष्ट्रीय चिंतन शिविर का शुभारंभ, सामाजिक न्याय को सशक्त बनाने पर जोर

सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय ने राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के साथ मिलकर भारत में सामाजिक न्याय के बेहतर कार्यान्वयन के उद्देश्य से आज चंडीगढ़ में तीन-दिवसीय 'राष्ट्रीय चिंतन शिविर' का शुभारंभ किया। पंजाब के राज्यपाल और केंद्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ के प्रशासक, श्री गुलाब चंद कटारिया तथा केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री डॉ. वीरेंद्र कुमार द्वारा संयुक्त रूप से इस शिविर का उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर केंद्रीय राज्य मंत्री श्री बी. एल. वर्मा भी उपस्थित रहे। "अंत्योदय का संकल्प, अमृत काल का प्रतिबिंब झ्र विकसित भारत @ 2047" थीम पर आयोजित इस शिविर में अंतिम छोर के कार्यान्वयन, तकनीक-आधारित गवर्नेंस और वंचित समुदायों के समावेशी सशक्तीकरण पर विशेष बल दिया जा रहा है। इस गरिमामयी अवसर पर मध्य प्रदेश सरकार के सामाजिक न्याय और दिव्यांग कल्याण मंत्री श्री नारायण सिंह कुशवाहा; हरियाणा सरकार के सामाजिक न्याय, अधिकारिता, अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण और अंत्योदय मंत्री श्री कृष्ण कुमार बेदी; दिल्ली सरकार के समाज कल्याण, अनुसूचित जाति एवं जनजाति कल्याण और सहकारिता मंत्री श्री रविंदर इंद्रराज सिंह; मिजोरम सरकार की समाज कल्याण, महिला एवं बाल विकास मंत्री सुश्री पी. लालरिनपुई; और उत्तर प्रदेश सरकार के पिछड़ा वर्ग कल्याण और दिव्यांगजन अधिकारिता मंत्री श्री नरेंद्र कश्यप भी उपस्थित थे।

इस अवसर पर, पंजाब के राज्यपाल और केंद्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ के प्रशासक श्री गुलाब चंद कटारिया ने मंत्रालय की प्रमुख पहलों, प्रमुख योजनाओं और उपलब्धियों को प्रदर्शित करने वाली एक प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। इस दौरान केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री डॉ. वीरेंद्र कुमार और केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता राज्य मंत्री श्री बी. एल. वर्मा भी उपस्थित थे।

इस अवसर पर बोलते हुए, पंजाब के राज्यपाल और केंद्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ के प्रशासक श्री गुलाब चंद कटारिया ने कहा कि राष्ट्रीय चिंतन शिविर राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को सामाजिक न्याय और अधिकारिता के प्रमुख मुद्दों पर विचार-विमर्श करने और समावेशी विकास की दिशा में सामूहिक प्रयासों को मजबूत करने के लिए एक महत्वपूर्ण मंच प्रदान करता है। उन्होंने रेखांकित किया कि सामाजिक न्याय भारत के लोकतांत्रिक लोकाचार के मूल में है और "अंत्योदय का संकल्प, अमृत काल का प्रतिबिंब झ्र विकसित भारत @ 2047" का संकल्प तभी साकार हो सकता है, जब नीतियों और गवर्नेंस के केंद्र में सबसे गरीब और सबसे वंचित वर्गों की चिंताओं को रखा जाए।

श्री कटारिया ने कल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी कार्यान्वयन, केंद्र और राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों के बीच घनिष्ठ समन्वय, और सक्रिय सामुदायिक भागीदारी की आवश्यकता पर बल दिया ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि लाभ बिना किसी भेदभाव या देरी के प्रत्येक पात्र लाभार्थी तक पहुँचे। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि यह चिंतन शिविर सामाजिक सुरक्षा को मजबूत करने, समाज की मुख्यधारा से उपेक्षा और अभाव जैसी चुनौतियों से निपटने और जमीनी स्तर पर गरिमा, समावेश और सामाजिक समरसता को बढ़ावा देने के लिए व्यावहारिक एवं समयबद्ध सिफारिशों का मार्ग प्रशस्त करेगा। उन्होंने आगे कहा कि विकसित भारत 2047 का दृष्टिकोण तब तक साकार नहीं हो सकता जब तक समाज के हर वंचित वर्ग को विकास की मुख्यधारा में न लाया जाए। उन्होंने समावेशी नीतियों, अवसरों तक समान पहुँच और सामूहिक प्रयासों की आवश्यकता पर जोर दिया ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि राष्ट्र की विकास यात्रा में कोई भी पीछे न छूटे।

अपने उद्घाटन भाषण में, केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री डॉ. वीरेंद्र कुमार ने इस बात पर जोर दिया कि यह चिंतन शिविर नीति-निमार्ताओं और प्रशासकों की कोई सामान्य बैठक नहीं है, बल्कि यह विचारों, प्रतिबद्धता और साझा राष्ट्रीय उद्देश्यों का एक सामूहिक मंच है। उन्होंने कहा कि विकसित भारत 2047 का दृष्टिकोण न्याय, समानता, गरिमा और अवसर की नींव पर टिका है। उन्होंने आगे कहा कि समावेशी विकास को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि प्रगति का लाभ उन लोगों तक पहुँचे जो ऐतिहासिक रूप से समाज के अंतिम छोर पर रहे हैं केंद्रीय मंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि शिविर के दौरान नीतिगत विचार-विमर्श तीन मुख्य स्तंभों – सम्मानजनक जीवन, बाधा-मुक्त पहुँच और निरंतरता द्वारा निर्देशित होना चाहिए। उन्होंने कहा कि चाहे वह शिक्षा की आकांक्षा रखने वाला कोई छात्र हो, देखभाल की अपेक्षा रखने वाला कोई वरिष्ठ नागरिक हो या आत्मनिर्भरता के लिए प्रयासरत कोई दिव्यांग व्यक्ति हो, सार्वजनिक नीति को केवल कल्याण से आगे बढ़कर सशक्तीकरण की ओर बढ़ना चाहिए। साथ ही यह सुनिश्चित करना चाहिए कि हमारी व्यवस्थाएं मानवीय, संवेदनशील और समावेशी हों।

बाधा-मुक्त सुगमता और निरंतरता के महत्व पर प्रकाश डालते हुए, डॉ. वीरेंद्र कुमार ने कहा कि जनता के लिए बनाई गई योजनाओं के लाभ केवल नीतिगत दस्तावेजों तक सीमित नहीं रहने चाहिए, बल्कि बिना किसी प्रक्रियात्मक बाधा के अंतिम छोर के लाभार्थी तक पहुँचने चाहिए।

# किन फलों को छीलकर खाएं और किन्हें बिना छिलकों के

**फल खाते और काटते वक्त कई बार समझ नहीं आता कि छिलका हटाकर फल को खाएं या इसे छिलका के साथ ही खा लें. आजकल मिलावट और कैमिकल्स की वजह से ज्यादातर लोग फलों के छिलके हटाकर खाते हैं. जानिए किन फलों को छिलकों के साथ और बिना छिलकों के खाया जा सकता है.**



फलों के बिना हमारा भोजन संपूर्ण नहीं है. दालों और अनाज के साथ-साथ फलों को डाइट में शामिल करना बेहद जरूरी है. बता दें कि फलों में तमाम विटामिन, मिनरल और फाइबर समेत पोषक तत्व होते हैं. ये सारे तत्व हमारे हमारे शरीर के विकास के लिए जरूरी हैं. लेकिन फल को खाते समय समझ नहीं आता कि किसके छिलके उतारकर खाएं और किसके नहीं. मिलावट और केमिकल के चलते लोग फलों के छिलके उतारकर खाते हैं.

अपोलो हॉस्पिटल में चीफ न्यूट्रिशिनिस्ट डॉ. प्रियंको रोहतगी के कहती हैं कि फलों को अच्छी तरह से धोकर छिलके के साथ खाना सेफ माना जाता है. इससे जरूरी फाइबर और विटामिन मिलते हैं. सेब, चीकू और अंगूर को छिलकों के साथ ही खाया जाता है. हालांकि, कुछ लोग अपने पाचन तंत्र को ध्यान में रखकर फल छिलके उतार कर ही खाते हैं.

## किन फल को छिलकों के साथ खाएं

डॉ. प्रियंको रोहतगी कहती हैं कि फलों को छिलकों के साथ खाने में कोई रिस्क नहीं है लेकिन इन्हें पहले अच्छी तरह से धो लें. ताकि हानिकारक केमिकल्स निकल जाएं. जानिए किन फलों को छिलकों के साथ खाया जा सकता है.

### सेब

आपको बता दें कि सेब के छिलके में एंटीऑक्सीडेंट और फाइबर भरपूर मात्रा में पाया जाता है. ऐसे में इसे अच्छी तरह धोकर छिलकों के साथ ही खाना चाहिए.

### आलू बुखारा

सुर्ख लाल रंग का दिखने वाला आलू बुखारा खाने में खट्टा और मीठा लगता है. इस फल को भी छिलकों के साथ खाया जाना चाहिए.

### नाशपाती

नाशपाती को छीलकर खाएंगे तो इसके पोषक तत्व कम हो जाएंगे. इसलिए इसे धोने के बाद छिलकों के समेत ही खाना चाहिए.

### चीकू

चीकू के छिलके में विटामिन सी, एंटीऑक्सीडेंट, पोटेशियम और आयरन होता है. आपकी स्किन को हेल्दी रखने और आंत को स्वास्थ रखने में मदद करता है.

## इन फलों को छिलके उतार कर खाएं

### तरबूज


तरबूज का छिलका बहुत सख्त और मोटा होता है. इसे खाना भी आसान नहीं है. इसलिए तरबूज को आप छिलकों को उतारकर ही खाएं.

### कीवी

कुछ लोग कीवी को भी छिलकों के साथ ही खाना पसंद करते हैं. लेकिन अगर आपको इसके छिलके से परेशानी है तो इसे छीलकर ही खाएं.

### संतरा

संतरा का छिलका विटामिन सी, विटामिन बी 6, कैल्शियम और राइबोफ्लेविन से भरपूर होता है. हालांकि, जब इसे खाया जाए तो ये स्वाद में कड़वा लगता है.



# रोजाना दो कीवी का सेवन हर साल बचा सकता है आपके हजारों रुपये, सेहत के लिए ये बहुत लाभकारी

**अध्ययनों से स्पष्ट होता है कि अगर आहार में ही सुधार कर लिया जाए तो कई प्रकार की बीमारियों के खतरे को कम किया जा सकता है। आहार में गड़बड़ी को शारीरिक और मानसिक दोनों प्रकार की सेहत के लिए गंभीर दुष्प्रभावों वाला माना जाता है। प्रतिरक्षा प्रणाली को बढ़ाने से लेकर पाचन को ठीक रखने, त्वचा और मेटाबॉलिज्म को सुधारने के लिए नियमित रूप से कीवी का सेवन करना आपके लिए फायदेमंद हो सकता है।**



कई गंभीर बीमारियों के जोखिमों से बचाने में भी कीवी खाने को फायदेमंद पाया गया है। यानी अगर आप नियमित रूप से कीवी का सेवन करते हैं तो आप हर माह बीमारियों पर होने वाले खर्च को कम कर सकते हैं।

कीवी लो कैलोरी वाले फल के साथ फाइबर से भरपूर होता है। इसमें प्रोटीन पाचन एंजाइम और विटामिन-सी होता है, जिसका अर्थ है कि यह प्रभावी रूप से वजन घटाने और प्रतिरक्षा प्रणाली को मजबूती देने में आपके लिए विशेष लाभकारी है। यदि आप अपने हृदय और पाचन स्वास्थ्य में सुधार करना चाहते हैं तो रोजाना एक-दो कीवी खाना बेहतर विकल्प हो सकता है।

### प्रतिरक्षा को मजबूत करती हैं कीवी

कीवी में विटामिन-सी की अधिकता होती है, 100-ग्राम कीवी से दैनिक विटामिन सी का 80% तक प्राप्त किया जा सकता है। विटामिन-सी शरीर में एक शक्तिशाली एंटीऑक्सीडेंट के रूप में कार्य करता है और कोशिकाओं को ऑक्सीडेटिव डैमेज से बचाता है। प्रतिरक्षा प्रणाली के मजबूत होने से कई प्रकार के संक्रामक रोगों का खतरा कम होता है, इसलिए रोजाना कीवी का सेवन आपके लिए बहुत लाभकारी है।

### पोटेशियम का अच्छा स्रोत है कावी

हृदय, किडनी, मांसपेशियों और तंत्रिकाओं को ठीक से काम करने के लिए पोटेशियम की आवश्यकता होती है। एक कीवी में 215 मिलीग्राम तक पोटेशियम होता है, ऐसे में कीवी का सेवन करना आपके रक्तचाप और तंत्रिकाओं के लिए लाभकारी है। आहार के माध्यम से पोटेशियम की पूर्ति करना उच्च रक्तचाप और स्ट्रोक जैसी हृदय संबंधी समस्याओं को कम करने, किडनी की पथरी और ऑस्टियोपोरोसिस जैसी समस्याओं से बचाने में आपके लिए फायदेमंद है।

### ब्लड क्लॉटिंग होती है कम

नसों में रक्त का थक्का जमना हृदय और मस्तिष्क में रक्त के संचार को बाधित कर सकता है, जिससे हार्ट अटैक और स्ट्रोक का खतरा हो सकता है। कीवी, रक्त में वसा के स्तर को कम करके रक्त के थक्के को जमने से बचा सकती है। प्रतिदिन दो से तीन कीवी फल खाने से रक्त को पतला करने और समय के साथ हृदय स्वास्थ्य को बढ़ाने में मदद मिल सकती है। स्ट्रोक के खतरे को कम करने में भी इसके लाभ हैं।

### पाचन स्वास्थ्य में मिलता है लाभ

कीवी में अघुलनशील और घुलनशील दोनों प्रकार के फाइबर होते हैं। अध्ययनों से पता चलता है कि कीवी में लगभग एक-तिहाई घुलनशील और दो-तिहाई अघुलनशील फाइबर होता है। फाइबर, रक्त शर्करा के स्तर को ठीक रखने के साथ, हृदय और पाचन स्वास्थ्य को लाभ पहुंचा सकता है। फाइबर का सेवन करना आपके संपूर्ण स्वास्थ्य के लिए लाभकारी है।

# विश्व मलेरिया दिवस पर राज्य मलेरिया कार्यालय में बैठक, उन्मूलन के लिए बनाई रणनीति

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।**




पटना, 25 अप्रैल। विश्व मलेरिया दिवस के अवसर पर शनिवार को राज्य मलेरिया कार्यालय में अपर निदेशक सह राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी (वेक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम) की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। बैठक में मलेरिया विभाग के अधिकारियों, कर्मियों तथा पिरामल स्वास्थ्य और सिफार के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। बैठक में राज्य में मलेरिया की वर्तमान स्थिति, अब तक किए गए कार्यों तथा इसके उन्मूलन के लिए आगे की रणनीति पर विस्तृत चर्चा की गई। इस दौरान डॉ. रविशंकर प्रसाद सिंह, वरीय क्षेत्रीय निदेशक, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार, डॉ. राजेश पांडेय, स्टेट एनटीडी कोऑर्डिनेटर, विश्व स्वास्थ्य संगठन सहित राज्य मलेरिया कार्यालय के अधिकारी एवं कर्मी उपस्थित रहे।

अध्यक्षता करते हुए अपर निदेशक सह राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी ने कहा कि मलेरिया के मामलों और इससे होने वाली मृत्यु दर को कम कर वर्ष 2030 तक उन्मूलन का लक्ष्य हासिल किया जा सकता है। इसके लिए राज्य में कार्यक्रम का सघन अनुश्रवण किया जा रहा है और जांच का दायरा बढ़ाने पर विशेष बल दिया जा रहा है।

डॉ. रविशंकर प्रसाद सिंह ने कहा कि मलेरिया उन्मूलन के लिए जनभागीदारी अत्यंत आवश्यक है। सभी के सहयोग और आपसी समन्वय से मलेरिया मुक्त भारत का सपना साकार किया जा सकता है।

डॉ. राजेश पांडेय ने बताया कि उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार हर वर्ष विश्व में लगभग 28 करोड़ लोग मलेरिया से संक्रमित होते हैं। उन्होंने मलेरिया की घटनाओं में 90 प्रतिशत तक कमी लाने के लक्ष्य पर जोर दिया। बैठक के अंत में उपस्थित सभी लोगों को मलेरिया उन्मूलन में अपनी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने की शपथ दिलाई गई।

# नौ माह में चार बार प्रसवपूर्व जांच जरूरी : डॉ. शबनम यास्मिन

– उच्च जोखिम वाली गर्भावस्था की पहचान में मिलती है मदद

– जिले में केवल 25 प्रतिशत गर्भवती करा रहीं चार एएनसी जांच

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।**

गर्भावस्था किसी भी महिला के जीवन का महत्वपूर्ण और सुखद चरण होता है, लेकिन इस दौरान मां और शिशु की समुचित देखभाल बेहद जरूरी है। सुरक्षित मातृत्व सुनिश्चित करने के लिए गर्भवती महिलाओं की समय-समय पर प्रसवपूर्व जांच (एएनसी) कराना आवश्यक है।

सदर अस्पताल की महिला चिकित्सा पदाधिकारी सह स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. शबनम यास्मिन ने बताया कि नियमित प्रसवपूर्व जांच कराने से मां और शिशु दोनों का स्वास्थ्य बेहतर रहता है तथा मातृ एवं शिशु मृत्यु के जोखिम में कमी आती है। उन्होंने कहा कि गर्भावस्था के नौ माह के दौरान कम से कम चार बार प्रसवपूर्व जांच अनिवार्य है।

उन्होंने बताया कि पहली जांच गर्भावस्था का पता चलते ही या 12 सप्ताह के भीतर, दूसरी 14 से 26 सप्ताह के बीच, तीसरी 28 से 34 सप्ताह के बीच तथा चौथी 36 सप्ताह से प्रसव तक करानी चाहिए। इन जांचों में रक्तचाप, हीमोग्लोबिन, वजन, पेशाब में शुगर व प्रोटीन, एचआईवी सहित अन्य आवश्यक जांच की जाती हैं। साथ ही गर्भवती महिलाओं को टेटनस का टीका, आयरन और फॉलिक एसिड की गोलियां दी जाती हैं तथा पोषण संबंधी परामर्श भी दिया जाता है।

डॉ. यास्मिन ने कहा कि प्रसवपूर्व जांच से उच्च जोखिम वाली गर्भावस्था की समय पर पहचान कर उचित उपचार संभव हो पाता है।



गर्भवती महिलाओं को गर्भधारण की जानकारी मिलते ही अपने क्षेत्र की आशा कार्यकर्ता से संपर्क कर नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पर नियमित जांच करानी चाहिए।

**जिले में 25 प्रतिशत ही करा रहीं चार एएनसी जांच**

हाल में जारी नेशनल फैमिली हेल्थ सर्वे-5 के अनुसार जिले में केवल 25 प्रतिशत गर्भवती महिलाओं ने चार बार प्रसवपूर्व जांच कराई है, जबकि नेशनल फैमिली हेल्थ सर्वे-4 में यह आंकड़ा 12 प्रतिशत था। पांच वर्षों में इसमें वृद्धि हुई है, लेकिन अभी भी इसे और बढ़ाने की आवश्यकता है।

रिपोर्ट के अनुसार, पहली तिमाही में प्रसवपूर्व जांच कराने वाली महिलाओं का प्रतिशत 63.2 है, जो पहले की तुलना में बेहतर स्थिति को दर्शाता है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा आशा और आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के माध्यम से जागरूकता बढ़ाने का प्रयास किया जा रहा है।

**आशा कार्यकर्ताओं की अहम भूमिका**

सिविल सर्जन डॉ. राज कुमार चौधरी ने बताया कि आशा कार्यकर्ता ग्रामीण क्षेत्रों में गर्भवती महिलाओं को प्रसवपूर्व जांच के महत्व के बारे में जागरूक करती हैं और उन्हें स्वास्थ्य केंद्रों तक लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। वे पोषण, आयरन-फॉलिक एसिड सेवन और टीकाकरण के बारे में भी जानकारी देती हैं।

उन्होंने कहा कि सरकार की प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान और जननी सुरक्षा योजना जैसी योजनाएं सुरक्षित मातृत्व को बढ़ावा देने में सहायक हैं।

स्वास्थ्य विभाग का लक्ष्य है कि अधिक से अधिक गर्भवती महिलाएं नियमित प्रसवपूर्व जांच कराएं, जिससे मातृ एवं शिशु मृत्यु दर में उल्लेखनीय कमी लाई जा सके।

# पटना के खुसरूपुर में 15 वर्षीय किशोर की गला रेतकर निर्मम हत्या इलाके में फैली सनसनी

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**



पटना/ जिले के खुसरूपुर थाना क्षेत्र में शनिवार की सुबह एक दिल दहला देने वाली वारदात सामने आई। कटौना गांव निवासी नीतीश पासवान के 15 वर्षीय पुत्र अंकित कुमार की अज्ञात अपराधियों ने गला रेतकर बेरहमी से हत्या कर दी। किशोर का शव जगमालबीघा गांव के समीप बरामद हुआ। इस क्रूर घटना के बाद पूरे इलाके में आक्रोश और दहशत का माहौल है। सुबह जब ग्रामीणों ने लहूलुहान शव देखा, तो क्षेत्र में हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही फतुहा एसडीपीओ संजीव कुमार और अपर थाना प्रभारी अशोक कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मामले की गंभीरता को देखते हुए एफएसएल की टीम को भी बुलाया गया, जिसने घटनास्थल से महत्वपूर्ण साक्ष्य जुटाए हैं। हत्या के कारणों का फिलहाल खुलासा नहीं हो सका है। पुलिस आपसी रंजिश और व्यक्तिगत विवाद समेत सभी संभावित पहलुओं पर जांच कर रही है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है, उन्होंने प्रशासन से जल्द न्याय और दोषियों को कड़ी सजा देने की गुहार लगाई है। वही फतुहा के एसडीपीओ सँजोव कुमार ने बताया कि पुलिस मामले की तहकीकात कर रही है। जल्द ही अपराधियों को चिह्नित कर गिरफ्तार कर लिया जाएगा। क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस अलर्ट है। ग्रामीणों ने इस घटना पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए पुलिस गश्त बढ़ाने और अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। फिलहाल, पुलिस गांव के कुछ संदिग्धों और करीबियों से पूछताछ कर रही है ताकि हत्या की गुत्थी सुलझाई जा सके।

# सम्राट चौधरी सरकार ने विधानसभा में जीता विश्वास मत

## विपक्ष के वॉकआउट के बीच ध्वनिमत से बहुमत साबित

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**



पटना/ बिहार की सियासत में आए बड़े बदलाव के बाद मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के नेतृत्व वाली नई सरकार ने विधानसभा के विशेष सत्र में अपना बहुमत साबित कर दिया है। सरकार द्वारा पेश किए गए एक पंक्ति के विश्वास प्रस्ताव को सदन ने ध्वनिमत से पारित कर दिया। उल्लेखनीय है कि सदन में चर्चा के बाद विपक्ष की ओर से मत विभाजन (वोटिंग) की मांग नहीं की गई, जिससे सत्ता पक्ष ने आसानी से इस अग्निपरीक्षा को पार कर लिया। बहुमत साबित करने के अगले ही दिन मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी पूरी तरह से राजनीतिक सक्रियता में नजर आए। सत्ता के भीतर सामंजस्य और स्थिरता का संदेश देने के लिए वे सुबह-सुबह मुख्यमंत्री आवास (1 अणे मार्ग) पहुंचे। वहां उन्होंने पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और केंद्रीय मंत्री ललन सिंह से लंबी मुलाकात की। राजनीतिक गलियारों में इस मुलाकात को काफी अहम माना जा रहा है। विश्लेषकों के अनुसार, सम्राट चौधरी का पूर्व नेतृत्व के पास जाना यह दशार्ता है कि नई सरकार 'अनुभव और युवा जोश' के तालमेल के साथ आगे बढ़ना चाहती है। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि उनकी सरकार नीतीश कुमार के मार्गदर्शन में राज्य के विकास और प्रशासनिक स्थिरता को प्राथमिकता देगी। विश्वास मत हासिल करने के बाद अब सरकार के सामने सबसे बड़ी चुनौती जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरने की है। मुख्यमंत्री ने विश्वास दिलाया है कि शासन-प्रशासन को सुचारू रूप से चलाया जाएगा और अटके हुए नीतिगत फैसलों में तेजी लाई जाएगी। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि हमारी प्राथमिकता बिहार का सर्वांगीण विकास और राजनीतिक स्थिरता सुनिश्चित करना है। हम वरिष्ठ नेताओं के अनुभव का लाभ लेते हुए राज्य को नई ऊंचाइयों पर ले जाएंगे। विधानसभा में मिली इस जीत ने सरकार को संवैधानिक वैधता और मजबूती प्रदान की है। अब देखना यह होगा कि आने वाले दिनों में यह 'नया राजनीतिक संतुलन' बिहार के विकास और प्रशासनिक सुधारों में कितनी गति प्रदान करता है।

# बिहार में 'पुलिस दीदी' को मिली रफ्तार

## महिला सुरक्षा के लिए सरकार खरीदेगी 1500 स्कूटी

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**



पटना/ बिहार में महिलाओं और छात्राओं की सुरक्षा को पुख्ता करने के लिए मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के नेतृत्व वाली सरकार ने एक बड़ा कदम उठाया है। राज्य में पुलिस दीदी यानी अभया ब्रिगेड को और अधिक सक्रिय और आधुनिक बनाने के लिए सरकार ने बड़े पैमाने पर वाहनों की खरीद को मंजूरी दी है। इस पहल का उद्देश्य मनचलों पर नकेल कसना और छात्राओं को सुरक्षित माहौल प्रदान करना है।सरकार ने पुलिस बल की गतिशीलता बढ़ाने के लिए कुल 4700 वाहनों की खरीद को हरी झंडी दी है, जिस पर लगभग 66.75 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। इसमें विशेष रूप से महिला पुलिसकर्मियों के लिए 1500 स्कूटी शामिल हैं, जबकि अन्य पुलिस बल के लिए 3200 मोटरसाइकिल आवंटित की गई हैं। इन वाहनों की मदद से पुलिस अब उन संकरी गलियों और भीड़भाड़ वाले इलाकों में भी तेजी से पहुँच सकेगी, जहाँ बड़ी गाड़ियाँ नहीं जा पातीं। नई व्यवस्था के तहत ह्यपुलिस दीदीह्न की तैनाती विशेष रूप से गर्ल्स स्कूल, कॉलेज और कोचिंग संस्थानों के बाहर की जाएगी। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने स्पष्ट किया कि छुट्टी के समय छात्राओं की सुरक्षा पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। महिला पुलिसकर्मी वर्दी और सादे कपड़ों में स्कूटी से गश्त करेंगी। यह पहल उत्तर प्रदेश के 'एंटी रोमियो स्क्वाड' की तर्ज पर आधारित है, ताकि छेड़खानी की घटनाओं को मौके पर ही रोका जा सके। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि छात्राओं को स्कूल-कॉलेज से निकलते समय असुरक्षा का सामना न करना पड़े, इसके लिए 'पिंक स्कूटी' के साथ पुलिस दीदी हर वक्त तैनात रहेंगी। हमारी प्राथमिकता महिलाओं में सुरक्षा का विश्वास पैदा करना है। राजनीतिक विशेषज्ञों का मानना है कि इस योजना से न केवल अपराधों पर नियंत्रण लगेगा, बल्कि पुलिस की प्रतिक्रिया समय में भी सुधार होगा। गुलाबी गश्त के जरिए सार्वजनिक स्थानों पर महिलाओं के प्रति होने वाले अपराधों को रोकने और अपराधियों में कानून का भय पैदा करने की रणनीति तैयार की गई है।

# बिहार में शहरी विकास का नया खाका

- सात शहरों में जमीन की रजिस्ट्री और निर्माण पर रोक
- बनेंगे आधुनिक सेटेलाइट टाउन

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**



पटना/ बिहार के शहरी स्वरूप को बदलने और भविष्य की जरूरतों को देखते हुए मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के नेतृत्व वाली कैबिनेट ने एक ऐतिहासिक फैसला लिया है। राज्य के सात प्रस्तावित टाउनशिप क्षेत्रों में जमीन की खरीद-बिक्री और किसी भी प्रकार के नए निर्माण पर तत्काल प्रभाव से रोक लगा दी गई है। यह प्रतिबंध 30 मार्च 2027 तक लागू रहेगा। राज्य सरकार ने 11 आधुनिक सेटेलाइट टाउनशिप विकसित करने का लक्ष्य रखा है। शुरूआती चरण में पटना, सोनपुर, गया, दरभंगा, सहरसा, पूर्णिया और मुंगेर में भूमि उपयोग को वैज्ञानिक तरीके से निर्धारित करने के लिए यह कड़ा कदम उठाया गया है। नगर विकास विभाग को 'मास्टर प्लान 2031' के तहत इन क्षेत्रों का जोनल प्लान तैयार करने की जिम्मेदारी दी गई है।योजना के तहत पटना के पुनपुन क्षेत्र में पाटलिपुत्र नाम से एक विशाल टाउनशिप विकसित की जाएगी। यह लगभग 81 हजार एकड़ क्षेत्र में फैली होगी और 275 राजस्व गांवों को कवर करेगी। पटना जंक्शन से मात्र 20 किमी दूर स्थित इस शहर का कोर एरिया 1010 एकड़ होगा। सारण के सोनपुर में 33 हजार एकड़ और गया में मगध टाउनशिप के लिए 22 हजार एकड़ से अधिक का विशेष क्षेत्र निर्धारित किया गया है। इन सेटेलाइट टाउनशिप को नवी मुंबई के मॉडल पर विकसित किया जाएगा। यहाँ चौड़ी सड़कें, हरित पार्क, आधुनिक बाजार और आवासीय सेक्टर पूरी तरह नियोजित होंगे। सरकार का मानना है कि इससे मुख्य शहरों पर जनसंख्या का दबाव कम होगा और नए आर्थिक केंद्र विकसित होंगे। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि अनियोजित निर्माण को रोककर हम बिहार के नागरिकों को विश्वस्तरीय सुविधाएं देना चाहते हैं। ये टाउनशिप राज्य में निवेश और रोजगार के नए द्वार खोलेंगी। इस फैसले से फिलहाल उन क्षेत्रों के जमीन मालिकों में हलचल है, लेकिन दीर्घकालिक दृष्टिकोण से इसे बिहार के शहरी बुनियादी ढांचे के लिए एक 'गेम चेंजर' पहल माना जा रहा है।

# जेल में बंद अखिलेश सिंह के नए कारोबार और नेताओं से रिश्ते हो रहे उजागर

**समाज जागरण जमशेदपुर**



जमशेदपुर (झारखंड) 25 अप्रैल 2026: विक्रम शर्मा की हत्या के बाद गिरोह में बड़ा बदलाव हुआ है.कागजी करवाई के मुताबिक अखिलेश ने अब गुरुग्राम के एक नामी मॉल और रियल एस्टेट के अपने बड़े कारोबार को संभालने के लिए अशोक सिंह राघव को आगे किया है. गौरतलब है कि अखिलेश सिंह को 2017 में गुरुग्राम में उसके इसी मॉल के पास से गिरफ्तार किया गया था. अब चर्चा है कि विक्रम शर्मा के बाद राघव और गिरोह के कुछ अन्य युवाओं को नोएडा, गुरुग्राम और बनारस जैसे शहरों में फैले रियल एस्टेट साम्राज्य की जिम्मेदारी दी जा सकती है.

**दिल्ली के कद्दावर मंत्री और कोलकाता के नेताओं से कनेक्शन**

अखिलेश सिंह के व्यापारिक संबंधों के तार दिल्ली के एक रसूखदार मंत्री से रहे हैं. बताया जा रहा है कि दिल्ली-एनसीआर के रियल एस्टेट प्रोजेक्ट्स में अखिलेश का किसी बड़े नेता जो की पार्टनर भी है वो नेता काफी प्रभावशाली है, इससे पहले कोलकाता के एक बड़े राजनेता के साथ भी अखिलेश की साझेदारी की खबरें सुर्खियों में रही थीं, जिस पर इनकम टैक्स विभाग ने गड़बड़ी और बेनामी संपत्ति के संदेह में जांच भी शुरू की थी.

**गिरोह में उत्साह और नए समीकरण**

अखिलेश सिंह फिलहाल दुमका जेल में बंद है, वहीं दिल्ली, उत्तर प्रदेश और पश्चिम बंगाल जैसे राज्यों में व्यापार बढ़ाने के लिए अब नए सिरे से काम शुरू कर दिया गया है. गिरोह के सदस्यों में इस बात को लेकर उत्साह है कि अब बागडोर नए और सक्रिय हाथों में है. रियल एस्टेट के करोड़ों के साम्राज्य को अब नए रणनीतिकार दिल्ली और नोएडा जैसे हाई-प्रोफाइल इलाकों में और विस्तार देने की योजना बना रहे हैं.

# शिक्षा निकेतन उच्च विद्यालय का शानदार रिजल्ट, सना नाज बनी टॉपर

**मिंटू कुमार संवाददाता दैनिक समाज जागरण हजारीबाग ।**

शिक्षा निकेतन उच्च विद्यालय कोर्रा के विद्यार्थियों ने दसवीं बोर्ड में शानदार अंक लाकर फिर से अपनी योग्यता का लोहा मनवाया । विद्यालय की सना नाज 94.6% अंक प्राप्त कर विद्यालय के टॉपर रही ' विद्या कुमारी ने 94.2 %, रोशनी कुमारी 94%, साहिल कुमार गुप्ता 93%, करण कुमार 92.6%, कोमल कुमारी 92.2%, निर्मला कुमारी 91.6 %, रोशनी परवीन 91%, सुजीत प्रजापति 90.2%, कृतिका कुमारी 90% लाकर शानदार अंक प्राप्त किया ' रिजल्ट देखकर विद्यालय के निर्देशक मधुप मनोहर ने सफलता का श्रेय विद्यार्थियों के कठिन परिश्रम एवं शिक्षकों के सही मार्गदर्शन को दिया ' उन्होंने कहा हमारे विद्यालय में बहुत ही कम शुल्क पर विद्यार्थी गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दी जाती रही है। छात्रों ने बेहतर अंक प्राप्त कर अपने अभिभावक के साथ-साथ विद्यालय के नाम को भी रौशन करते है । उन्होंने विद्यार्थियों को उनकी सफलता पर शुभकामनाएं दी कहा प्रत्येक वर्ष हमारे यहां का रिजल्ट बेहतर ही । विद्यालय का रिजल्ट शत प्रतिशत रहा '



# महागामा कन्या उच्च विद्यालय में टॉपर छात्राओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया

**समाज जागरण**



गोड्डा दिनांक 25.4.2026 शनिवार को बीडीडीपी प्रोजेक्ट कन्या उच्च विद्यालय महागामा में अध्यक्ष मोहम्मद हारुन रशीद जी के अध्यक्षता में बैठक बुलाई गई इस बैठक में जैक बोर्ड द्वारा मैट्रिक टॉपर बालिका प्रथम रितु कुमारी 95.6 सेकंड सोमिया सृष्टि 93. 2 थर्ड आरती कुमारी 91.2 परीक्षा में परसेंटेज लाकर टॉपर की इस खुशी में स्कूल के सभी अध्यक्ष शिक्षक बालिकाओं को और अभिभावक को बुला कर इन तीनों बच्चियों को फुल माला पहनाकर और पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया अध्यक्ष मोहम्मद हारुन रशीद ने कहा कि गोड्डा जिला के महागामा नगर पंचायत द्वारा जो हमारे स्कूल की छात्राएं जैक में टॉपर नंबर लाई है यह महागामा का नाम रोशन किया है और पहली बार प्रोजेक्ट कन्या उच्च विद्यालय का नाम रोशन किया है इस बच्ची से सभी छात्र-छात्राएं को शिक्षा लेनी चाहिए हारून रशीद ने कहा कि भविष्य में इन तीनों बच्चों की जो भी आशाएं हैं वह पूर्ण रूप से आगे बढ़ेंगे और अपने स्थान पर कामयाब होंगे यह नंबर लाकर अपने स्कूल के शिक्षक का भी नाम रोशन किया स्कूल का भी नाम रोशन किया और अभिभावक का भी नाम रोशन किया साथ ही साथ शिक्षक सचिव मोहम्मद कासिम आलम जी ने कहा कि हमारे स्कूल में सभी प्रकार का सुविधा है और जो बालिका लगन से पढ़ाई करती है तो उसके भविष्य में आगे बढ़ने का बहुत सारा मौका प्राप्त होता है शिक्षक गंगेश कुमार गुंजन जी ने कहा कि हम लोगों का लगन और त्याग प्राप्त है शिक्षा एक मंदिर का स्वरूप है जो बालक या बालिका आज के दिन गंभीरता से शिक्षा प्राप्त करती है वह आगे भविष्य को दिखती है इस तरह कई उदाहरण है इसलिए यह शिक्षा लगन से प्राप्त करने से आगे नाम अभिभावक का रोशन होता है और शिक्षक का भी नाम रोशन होता है और स्कूल का भी आगे की और नाम जाती है इस में उपस्थित सभी शिक्षक मोहम्मद कासिम आलम गंगेश कुमार गुंजन रोश लिली मुर्मू गुलाबी हादसा श्वेता कुमारी कुमारी रीना प्रभात कुमार जितेंद्र कुमार शर्मा पूजा कुमारी संतोष कुमार आदि सभी शिक्षक भी सम्मान समारोह में उपस्थित थे

# गंगा नारायण सिंह की 236वीं जयंती पर उमड़ा जनसैलाब, गोपाल मैदान बना एकता का प्रतीक

**दैनिक समाज जागरण चांद कुमार लायेक**



जमशेदपुर। जमशेदपुर के गोपाल मैदान में वीर शहीद गंगा नारायण सिंह की 236वीं जयंती के अवसर पर आयोजित भव्य समारोह में जनसैलाब उमड़ पड़ा। इस ऐतिहासिक आयोजन में करीब 55 हजार लोगों की उपस्थिति दर्ज की गई, जो इसे अब तक के सबसे बड़े आयोजनों में शामिल करती है।

झारखंड के विभिन्न जिलों के साथ-साथ पश्चिम बंगाल, ओड़िशा और असम से भी बड़ी संख्या में भूमिज समाज के लोग कार्यक्रम में शामिल हुए। पारंपरिक वेशभूषा और सांस्कृतिक रंगों से सजा मैदान एकता और उत्साह का अद्भुत उदाहरण बना रहा।

कार्यक्रम की शुरूआत पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ हुई, जहां समाज के लोगों ने अपने महानायक को श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके बाद सांस्कृतिक प्रस्तुतियों का दौर शुरू हुआ, जिसमें मांदर की थाप पर लोकनृत्य और गीतों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कलाकारों की रंग-बिरंगी पोशाकों और जीवंत प्रस्तुतियों ने पूरे वातावरण को सांस्कृतिक ऊर्जा से भर दिया।

समारोह में विभिन्न जनप्रतिनिधियों ने गंगा नारायण सिंह के संघर्ष और बलिदान को याद करते हुए उन्हें समाज का गौरव बताया। संजीव सरदार ने अपने संबोधन में कहा कि समाज अब जागरूक हो चुका है और अपने इतिहास को सम्मान दे रहा है। उन्होंने युवाओं से शिक्षा पर ध्यान देने और अपनी भाषा-संस्कृति के संरक्षण की अपील की।

वहीं मंगल कालिंदी, समीर मोहंती और सोमेश सोरेन ने भी समाज की एकता और जागरूकता को समय की जरूरत बताया।

इस दौरान समाज के कई बुद्धिजीवियों, सामाजिक कार्यकताओं और विशिष्ट व्यक्तियों को सम्मानित किया गया। आयोजन समिति द्वारा अतिथियों का पारंपरिक तरीके से स्वागत किया गया।

यह आयोजन केवल जयंती समारोह तक सीमित नहीं रहा, बल्कि सामाजिक एकता, सांस्कृतिक पहचान और ऐतिहासिक गौरव का प्रतीक बनकर उभरा। बड़ी संख्या में युवाओं की भागीदारी ने यह स्पष्ट किया कि नई पीढ़ी अपने इतिहास और परंपराओं के प्रति सजग है। समारोह के माध्यम से शिक्षा, संगठन और सांस्कृतिक संरक्षण के महत्व का संदेश भी दिया गया, जिसने समाज को नई ऊर्जा और दिशा प्रदान की।

# आइडियल चिल्ड्रेन्स स्कूल का उत्कृष्ट रिजल्ट।

**मिंटू कुमार समाज जागरण संवाददाता हजारीबाग।**

चिल्ड्रेंस हाई स्कूल अमनारी( सदर) हजारीबाग के विद्यार्थियों ने दसवीं बोर्ड (जैक) परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 28 में 28 प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण होकर विद्यालय एवं अभिभावकों का नाम गौरन्वित किए। नेहा कुमारी ने 474- (94.8%)अंक लाकर विद्यालय की टॉपर रही, दूसरे स्थान पर रूपेश कुमार कुशवाहा- 453(90.6%) अंक , तीसरे स्थान पर रंजनी कुमारी- 444(88.8%)अंक, शिवम कुमार 84.6 परसेंट सलेहा प्रवीण 84.6 परसेंट आफरीन परवीन 83.8 परसेंट बेबो खातून 82 पॉइंट 4% परसेंट आफरीन परवीन 83 पॉइंट 8% विद्या कुमारी 81.6 परसेंट प्रेम कुमार 80 पॉइंट 6% इसी तरह अन्य विद्यार्थियों ने बेहतर प्रदर्शन करते हुए उपेंद्र कुमार हिना परवीन अशफा अंसारी संदीप यादव रमन भारती अमान अंसारी रूपेश कुमार पांडे रेहाना परवीन इमरान अंसारी नौशाद अंसारी विवेक कुमार डोली कुमारी नीलू कुमारी समेत सभी विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय और अपने परिवार का नाम रोशन किया सभी सफल विद्यार्थियों को विद्यालय परिवार की ओर से शुभकामनाएं दी गई बच्चे भी रिजल्ट देखकर खुश देखे गए सभी विद्यार्थियों ने एक दूसरे को मुबारकबाद दिया और आगे मन लगाकर पढ़ने का संकल्प लिया। रिजल्ट बेहतर होने से विद्यालय परिवार के सभी सदस्य उत्साहित शिक्षकों ने एक दूसरे को और सफल विद्यार्थियों को मिठाई खिलाकर शुभकामनाएं दी और अपनी-अपनी खुशियां जाहिर की विद्यालय के प्रधानाध्यापक राजेश कुमार शर्मा ने सभी विद्यार्थियों शिक्षकों एवं अभिभावकों को बधाई देते हुए सभी बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की। उप प्रधानाध्यापक राम प्रकाश, मधुबाला कुमारी, वर्ग शिक्षक पंकज कुमार शर्मा,आशीष कुमार शर्मा, बिरेन्द्र मेहता, प्रवीण कुमार पांडे, दिशा शर्मा, शहनाज परवीन, साजिद अंसारी, रंजीत कुमार पासवान, जतिन कुमार, चेतन कुमार, अन्नपूर्णा देवी, वाणी प्रिया, प्रियंका कुमारी, प्रियांशु कुमारी, मुस्कान खातून, त्रिभुवन प्रसाद, जहांगीर अंसारी, रामचंद्र साव आदि ने बच्चों को हार्दिक बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की।